नई दिल्ली
बुधवार, 24 सितंबर 2025
अश्विन मास शुक्ल पक्ष, तृतीया वर्ष : 29, अंक : 161
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 35
न्यून. 27

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

सीजीएचएस की नई गाइडलाइन्स

## आश्रित ट्रांसजेंडर बच्चे व भाई बहन को मिलेगा चिकित्सा लाभ



**नई दिल्ली।** भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने केंद्रीय स्वास्थ्य सेवा योजना (सीजीएचएस) और केंद्रीय सेवा (चिकित्सा उपस्थिति) नियम, 1944 (सीजी (एमए) नियम) के अंतर्गत एक बड़ा फैसला लिया है। केंद्रीय कर्मचारियों (सेवारत/ पेंशनभोगी) के आश्रित ट्रांसजेंडर बच्चे और भाई-बहन शेष पेज 5 पर

महासभा में भारत का नेतृत्व कर रहे हैं विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर

## एच1बी वीजा तनाव के बीच रुबियो ने अमेरिका के साथ भारत के संबंधों को बताया महत्वपूर्ण

न्यूयॉर्क में यूएनजीए के 80वें सत्र से इतर भारत, अमेरिका के विदेश मंत्रियों के बीच हुई पहली द्विपक्षीय बैठक का परिणाम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

एच1बी वीजा की फीस को बढ़ाकर 1 लाख डॉलर करने के बाद से संबंधों में बने हुए गंभीर तनाव के मध्य न्यूयॉर्क में भारत और अमेरिका के विदेश मंत्रियों के बीच आमने-सामने की मुद्रा में पहली द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें मार्को रुबियो ने अमेरिका के साथ भारत के संबंधों को बेहद महत्वपूर्ण बताया है। साथ ही उन्होंने व्यापार, रक्षा, ऊर्जा सहित द्विपक्षीय मुद्दों पर नई दिल्ली की निरंतर भागीदारी को भी सराहा।



दोनों की यह मुलाकात संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें शेष पेज 5 पर

### क्वाड में जारी रहेगा सहयोग

*विदेश विभाग ने ये भी बताया कि बैठक में दोनों विदेश मंत्रियों ने इस बात पर अपनी सहमति जताई कि वो चतुष्कोणीय क्वाड समूह (अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल) के जरिए एक खुले हुए और स्वतंत्र हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए एकजुटता से काम करना जारी रखेंगे। यहां बता दें कि इस साल के अंत में भारत की मेजबानी में क्वाड शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। संबंधों में जारी तनातनी के बीच ये देखना दिलचस्प होगा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत की यात्रा करते हैं या नहीं। चीन क्षेत्र में क्वाड का सबसे मुखर आलोचक है।*

संयुक्त राष्ट्र महासभा में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फिर बिगड़े बोल, कहा

# रूस से तेल खरीदकर यूक्रेन युद्ध की फंडिंग कर रहे भारत व चीन

- एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम कराने का श्रेय लिया
- नाटो देशों की आलोचना की, रूस को दी कड़े टैरिफ की धमकी

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि देशों के बीच निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए व्यापार पारस्परिक होना चाहिए। टैरिफ एक रक्षा तंत्र है। इसका जिसका उद्देश्य अमेरिकी हितों की रक्षा करना है

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र महासभा में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भाषण दिया। यहां ट्रंप ने एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम कराने का श्रेय लिया। साथ ही रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत और चीन पर बड़ा आरोप लगाया। इसके अलावा उन्होंने टैरिफ, परमाणु हथियार, अवैध अप्रवासन समेत कई मुद्दों पर बात की। ट्रंप ने कहा कि चीन और भारत रूसी तेल खरीद कर यूक्रेन में चल रहे रूसी युद्ध की फंडिंग कर रहे हैं।

चीन और भारत रूसी तेल खरीद कर इस युद्ध को वित्तपोषित करने वाले मुख्य देश हैं। ट्रंप ने कहा कि नाटो देशों ने भी रूसी ऊर्जा और रूसी ऊर्जा उत्पादों पर ज्यादा रोक नहीं लगाई है। मुझे लगभग दो सप्ताह पहले यह पता चला और मैं इससे खुश नहीं था। वे अपने ही खिलाफ युद्ध की फंडिंग कर रहे हैं। किसने इसके बारे में सुना है? अगर रूस युद्ध समाप्त करने के लिए कोई समझौता करने को तैयार नहीं होता तो शेष पेज 5 पर

संयुक्त राष्ट्र खोखला हो गया और खोखले शब्दों से युद्ध हल नहीं होते



### सात महीने में सात देशों में चल रहे युद्ध रुकवाए

*ट्रंप ने कहा कि मैंने अपने सात महीने के प्रशासन में सात देशों में चल रहे अकल्पनीय युद्ध को समाप्त कराया। इनमें कंबोडिया-थाईलैंड, कोसोवो-सर्बिया, कांगो-रवांडा, भारत-पाकिस्तान, इस्राइल-ईरान, मिस्र और इथोपिया और आर्मेनिया-अजरबैजान शामिल हैं। यह बहुत बुरा है कि ये काम संयुक्त राष्ट्र के बजाए मुझे करने पड़े। दुख की बात है कि इन सभी मामलों में संयुक्त राष्ट्र ने इनमें से किसी में भी मदद करने की कोशिश नहीं की। ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र की आलोचना की। उन्होंने कहा कि मैंने हमेशा कहा है कि संयुक्त राष्ट्र में अपार क्षमता है। लेकिन यह उस क्षमता के करीब भी नहीं पहुंच पा रहा है। कम से कम अभी तो ऐसा लगता है कि वे बस एक बहुत ही कड़े शब्दों वाला पत्र लिखते हैं और फिर उस पर अमल नहीं करते। संयुक्त राष्ट्र खोखला हो गया और खोखले* शेष पेज 5 पर

### फलस्तीन को देश का दर्जा देने का प्रस्ताव खारिज

*ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र में फलस्तीन को देश का दर्जा देने का प्रस्ताव खारिज कर दिया। ट्रंप ने कहा कि फलस्तीनी देश को मान्यता देना हमास के लिए बहुत बड़ी बात होगी। जो लोग शांति चाहते हैं, उन्हें सबसे पहले बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए एकजुट होना चाहिए। गाजा में युद्ध तुरंत बंद होना चाहिए। सभी 20 बंधकों को बिना किसी देरी के रिहा किया जाए।*

### यूरोप गंभीर संकट का सामना कर रहा

*ट्रंप ने सभी देशों से जैविक हथियारों के विकास को रोकने का आह्वान किया। उन्होंने जैविक हथियार संधि को लागू करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय प्रयास का नेतृत्व करने का संकल्प लिया। ट्रंप ने अवैध प्रवासन को सबसे बड़ा मुद्दा घोषित किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र पर वैश्विक प्रवासी संकट को वित्तपोषित करने और बढ़ावा देने का आरोप लगाया। ट्रंप ने* शेष पेज 5 पर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली के विज्ञान भवन में 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड दिए

# मोहनलाल को दादा साहब फाल्के पुरस्कार, शाहरुख और विक्रांत सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, रानी मुखर्जी सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड दिए। दक्षिण के सुपरस्टार मोहनलाल को भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सम्मान दादा साहब फाल्के अवॉर्ड से नवाजा गया। वहीं, फिल्म 'जवान' के लिए शाहरुख खान व 'बारहवीं फेल' फिल्म के लिए विक्रांत मैसी को सयुंक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार दिया गया। रानी मुखर्जी को 'मिसेज चैटर्जी वर्सेज नॉर्वे'फिल्म में दमदार भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से नवाजा गया। सुपरस्टार मोहनलाल को भारतीय



सिनेमा के सबसे बड़े सम्मान दादा साहब फाल्के अवॉर्ड भारतीय फिल्म जगत में आजीवन योगदान के लिए दिया गया है। मोहनलाल मलयालम सिनेमा के सबसे बड़े अभिनेताओं में से एक हैं। उन्होंने चार दशकों से अधिक शेष पेज 5 पर

### तेलुगू फिल्म 'बेबी' और तमिल फिल्म 'पार्किंग' की भी धूम

बेस्ट स्क्रीनप्ले कैटेगरी में तेलुगू फिल्म 'बेबी' और तमिल फिल्म 'पार्किंग', दोनों ने जीत हासिल की थी। वहीं गुजराती फिल्म 'वश' के लिए जानकी बोदीवाला और उल्लोझुक्कू के लिए एक्ट्रेस उर्वशी, दोनों को बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला है। इसके अलावा फिल्म 'गांधी तथा चेट्ट' के लिए सुकृति वेणु बंदरेड्डी, फिल्म 'जिप्सी' के लिए कबीर खंदारे और 'नाल 2' के लिए तृषा थोसार, श्रीवानस और भार्गव, सभी को बेस्ट चाइल्ड आर्टिस्ट का नेशनल अवॉर्ड मिला है।

अपने शहर में बचपन प्ले स्कूल शुरू करे !

BACHPAN
www.bachpanglobal.com

1200+ Schools | 2 Lakh Students | 400+ Cities | 25 States

• निवेश 12-15 लाख एवं 200 वर्ग मीटर जगह • पाठ्यक्रम तथा संचालन में सहायता
• प्राइमरी/10+2 स्कूल अपग्रेड संभव • रॉयल्टी फ्री मॉडल

फ्रैंचाइजी मध्य प्रदेश के सभी क्षेत्रों से आमंत्रित-संपर्क करे :-

ROHTAK + PANIPAT Rashmi 9818573200
KARNAL + HISAR Anjali 7042419033
DELHI + NCR Pooja 9717878282
OTHER CITIES Amit Kumar 9811437000

Registered Office: S.K. Tower, 9988/B-1, Sarai Rohilla, New Rohtak Road, New Delhi-110005
Ph: 011-35106666 • Mail: franchise@bachpanglobal.com • CIN: U74899DL1999PTC10125

### युवराज से सट्टेबाजी मामले में पूछताछ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह मंगलवार दोपहर 12:15 बजे दिल्ली के ईडी ऑफिस पहुंचे। जहां उनसे अधिकारी ऑनलाइन बेटिंग एप 'वनxबेट के प्रमोशन मामले में पूछताछ की गई। कुछ दिन पहले युवराज सिंह को जांच एजेंसी ने दिल्ली स्थित दफ्तर में पेश होने के लिए समन भेजा था। युवराज सिंह के अलावा एक्ट्रेस अन्वेशी जैन से भी पूछताछ हो रही है। युवराज सिंह से पहले ईडी शिखर धवन, रॉबिन उथप्पा, सुरेश रैना और हरभजन सिंह से पहले ही पूछताछ कर चुकी है। बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद को भी 24 सितंबर को पेश होने का समन भेजा गया है। ईडी का कहना है कि जांच जारी है और सभी पहलुओं को परखा जा रहा है।



पतंजलि®



GST दरों पर डेली प्रयोग में आने वाले अधिकांश प्रोडक्ट्स जो 12 से 18% की दर में थे, उनको 5% की दर में करके करोड़ों देशवासियों को सेविंग्स की बहुत बड़ी सौगात दी है प्रधानमंत्री मोदी जी ने तथा डेली यूज में आने वाले प्रोडक्ट्स में, स्वदेशी को अपनाकर आत्मनिर्भर भारत बनाने का करोड़ों देशवासियों का आह्वान किया है और दूसरे देशों पर निर्भरता को ही देश का सबसे बड़ा शत्रु कहा है।



आइये हम सब देश की सबसे बड़ी फूड कम्पनी और FMCG की सबसे बड़ी स्वदेशी कंपनी पतंजलि के साथ जुड़कर प्रधानमंत्री जी के सपनों का विकसित भारत बनाने के लिए स्वदेशी का संकल्प लें।

पतंजलि देश की एकमात्र सबसे बड़ी स्वदेशी कंपनी है, जिसका 100% प्रॉफिट भारत माता की सेवा में लगता है क्योंकि पुरुषार्थ से अर्जित अर्थ को परमार्थ में लगाकर समर्थ, विकसित भारत बनाना ही हमारा एकमात्र लक्ष्य है। पतंजलि के लिए देश एक बाजार नहीं परिवार है, इसलिए GST की दरों में छूट का पूरा लाभ उठाएं और राष्ट्र निर्माण में देश के श्रद्धेय प्रधानमंत्री जी के संकल्प को पूरा करने के लिए स्वदेशी को हर गांव, शहर, गली, मोहल्ले में एक आन्दोलन की तरह आगे बढ़ाएं।

| Product | Size | Old MRP | New MRP |
|---|---|---|---|
| Patanjali Cow's Ghee | 900 ml | ₹780/- | ₹731/- |
| Patanjali Cow's Ghee | 450 ml | ₹420/- | ₹393/- |
| Nutrela Chunks, Mini Chunks & Granules | 1 kg Pack | ₹210/- | ₹190/- |
| Nutrela Chunks, Mini Chunks & Granules | 200 g Pack | ₹50/- | ₹47/- |
| Doodh Biscuit | 35 g | ₹5/- | ₹4.50/- |
| Doodh Biscuit | 70 g | ₹10/- | ₹9/- |
| Marie Biscuit | 225 g | ₹30/- | ₹27/- |
| Marie Biscuit | 70 g | ₹10/- | ₹9/- |
| Amla Juice | 1 ltr | ₹150/- | ₹140/- |
| Aloe Vera Juice | 1 ltr | ₹220/- | ₹206/- |
| Giloy Juice | 500 ml | ₹90/- | ₹84/- |
| Chyawanprash | 1 kg | ₹360/- | ₹337/- |
| Nutrela Vit. B12 | 60 Cap | ₹165/- | ₹146/- |
| Dant Kanti Natural | 200g | ₹120/- | ₹106/- |
| Dant Kanti Advance | 100g | ₹90/- | ₹80/- |
| Toothbrush (Active Care) | 100g | ₹20/- | ₹18/- |
| Neem Kanti Body Cleanser | 75g | ₹25/- | ₹22/- |
| Neem Kanti Body Cleanser | 45g | ₹10/- | ₹9/- |
| Aloevera Kanti Body Cleanser | 45g | ₹10/- | ₹9/- |
| Haldi Chandan Kanti Body Cleanser | 45g | ₹10/- | ₹9/- |
| Kesh Kanti Hair Cleanser Range | 180 ml | ₹120/- | ₹106/- |
| Kesh Kanti Hair Cleanser Range | (Natural) 180 ml | ₹100/- | ₹89/- |

देश के 5 करोड़ से अधिक देशवासी जिनमें CGHS (सेंट्रल गवर्नमेंट कर्मचारी), CAPF (सेंटर आर्म पुलिस फोर्स), ECHS (भूतपूर्व सैनिकों) धारक पेशेंट्स को निःशुल्क तथा देश की 30 से अधिक श्रेष्ठ बीमा कम्पनियों (SBI General, Reliance Insurance, United Insurance, ICICI Lambard, HDFC ERGO, MEGMA, Aditya Birla) आदि के तहत रिम्बर्समेंट सुविधा का लाभ। पतंजलि वेलनेस, योगग्राम व निरामयम् में 1 से 2 सप्ताह तक निःशुल्क सेवा का लाभ प्राप्त करने की विस्तृत जानकारी हेतु सम्पर्क करें: 8954666111, 8954666222, 8954666333
booking@patanjaliwellness.com | www.patanjaliwellness.com

*नए GST दर स्लैब के अनुरूप 22 सितंबर 2025 से हमारे उत्पादों के अधिकतम खुदरा मूल्य (MRP) में बदलाव कर दिया गया है। यह संशोधन सरकारी अधिसूचना के अनुसार लागू है। बाजार में थोड़े समय के लिए पुराने और नए MRP वाले उत्पाद एक साथ उपलब्ध हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 1800 180 4108 पर कॉल करें या ई-मेल करें: feedback@patanjaliayurved.org, wecare@patanjalifoods.co.in

## लोगों को बाबू जगजीवन राम अस्पताल में किया भर्ती

# कुट्टू का आटा खाने से 300 लोग बीमार

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली



उत्तर पश्चिमी जिले के जहांगीरपुरी इलाके में मंगलवार सुबह कुट्टू का आटा खाने से बड़ी संख्या में लोग बीमार पड़ गए। लोगों को बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती किया गया। सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि करीब 300 लोग बेचैनी, उल्टी, लूज मोशन और चक्कर की शिकायत के बाद अस्पताल के एमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराये गये थे। मामले में खाद्य विभाग को सूचना देने के बाद आगे की जांच और कार्रवाई जारी है।

डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार सुबह लगभग छह बजे कुट्टू का आटा खाने के बाद लोगों के बीमार पड़ने की सूचना मिली। जहांगीरपुरी थाने की पुलिस अस्पताल पहुंची तो पता चला कि बड़ी संख्या में लोग कुट्टू का आटा खाने के बाद बेचैनी की शिकायत कर रहे हैं। बीजेआरएम अस्पताल में पूछताछ करने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशेष यादव ने बताया कि जहांगीरपुरी, महेंद्र पार्क, समयपुर, भलस्वा डेयरी, लाल बाग और स्वरूप नगर जैसे इलाकों से लगभग 300 लोग उल्टी की शिकायत लेकर आपातकालीन वार्ड में आए थे। उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि सभी मरीज़ों की हालत स्थिर पाई गई। किसी को भी अस्पताल में भर्ती करने की आवश्यकता नहीं पड़ी। किसी भी मामले को गंभीर नहीं बताया गया। पुलिस अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई के आदेश दिये और स्थानीय दुकानदारों, विक्रेताओं और निवासियों को बीट स्टाफ और पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से जागरूक किया गया। पुलिस ने आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए मामले की सूचना खाद्य विभाग को दी।

### सनातनी व्रत के फलाहार में भी मिलावट : सौरभ

नई दिल्ली। हिंदुओं के व्रत वाली खाद्य वस्तुओं में हो रही भारी मिलावट को लेकर आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर तीखा हमला बोला है। आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा के राज में सनातनी व्रत के फलाहार में भी गंभीर मिलावट शुरू हो गई है। आज लगता है कि सही में हिन्दू खतरे में है। सैकड़ों सनातनी हिंदू मिलावटी कुट्टू का आटा खाने से बीमार हो गए हैं और अस्पतालों में सारी दवाइयां भी उपलब्ध नहीं हैं। सौरभ भारद्वाज ने सोशल मीडिया एक्स पर सीएम रेखा गुप्ता से कहा कि आपको डांडिया खेलने से फुर्सत मिल जाये तो इन अस्पतालों की सुध जरूर लीजिएगा। पुलिस आपकी, एमसीडी का हेल्थ लाइसेंस डिपार्टमेंट आपका, फूड सेफ्टी विभाग आपका, ऊपर से नीचे तक सब आपकी भाजपा के आधीन है।

### बीमार लोगों से अस्पताल में मिले आप विधायक

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के विधायक संजीव झा ने मंगलवार को जहांगीरपुरी इलाके के बाबू जगजीवन राम अस्पताल जाकर कुट्टू का आटा खाने से बीमार लोगों से मुलाकात की और कहा कि सोमवार को नवरात्रि का पहला व्रत था। जो लोग व्रत रख रहे है, उन्होंने रात को कुट्टू का आटा खाया और बीमार पड़ने लगे। 200 से ज्यादा लोग अस्पताल पहुंच चुके हैं। उनका इलाज चल रहा है। हालांकि, ये लोग गंभीर रूप से बीमार नहीं है, न ही कोई बड़ा हादसा हुआ। लेकिन मिलावटी कुट्टू का आटा खाने लोगों का बीमार पड़ना गंभीर चिंता का विषय है।

## माया गैंग का बदमाश मुठभेड़ के बाद आरोपी गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्व जिले के अमर कॉलोनी इलाके में सोमवार देर रात एसटीएफ टीम ने मुठभेड़ के बाद माया गैंग के बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने शूटआउट एट लोखंडवाला फिल्म से प्रभावित होकर माया नाम से अपना गैंग बनाया था। वह हथियार के दम पर चोरी करने के एक मामले में भी वांछित था। 23 वर्षीय बदमाश का नाम सागर उर्फ माया बताया गया है। पुलिस के अनुसार सागर एक कुख्यात अपराधी है, जिसके खिलाफ लूट, झपटमारी और आर्म्स एक्ट सहित आठ मामले दर्ज हैं। अधिकारियों के अनुसार दक्षिण-पूर्व दिल्ली में सोमवार रात एक अभियान के दौरान एसटीएफ टीम का सामना आरोपी से हुआ। आरोपी ने पुलिस पर गोली चलाई, जिसके बाद एसटीएफ और आरोपी के बीच मुठभेड़ हुई। आरोपी को काबू कर हिरासत में ले लिया गया। पुलिस का कहना है कि सागर सोशल मीडिया पर हथियार के साथ वाले फोटो भी अपलोड करता था।

## स्पेशल सेल का एसआई दो लाख की रिश्वत लेता रंगे हाथों अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस की विजिलेंस टीम ने आईएफएसओ, स्पेशल सल द्वारका के एसआई करमवीर सिंह (2010 बैच) को दो लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसआई पर एक शख्स के बैंक खातों को डी-फ्रीज करने के लिए पांच लाख रुपये की रिश्वत की मांग करने का आरोप है। दरअसल बैंक खाते को डी-फ्रीज करने के संबंध में शिकायतकर्ता का आवेदन अदालत में लंबित था।

पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता विष्णु बिश्नोई ने अपने वकील विशाल सोजित्रा के साथ विजिलेंस शाखा में एसआई करमवीर सिंह द्वारा रिश्वत की मांग के संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि आईएफएसओ यूनिट के आईओ एसआई करमवीर सिंह ने विष्णु के बैंक खाते सहित कई अन्य संबंधित खातों को फ्रीज कर दिया था। इसके बाद शिकायतकर्ता को धारा 35(3) बीएनएसएस के तहत एक नोटिस मिला, जिसमें उन्हें जांच में शामिल होने का निर्देश दिया गया था। शिकायतकर्ता और उनके वकील ने कहा कि वे आईएफएसओ कार्यालय में कई बार उपस्थित हुए और जांच में सहयोग किया। एसआई ने उनके बैंक खातों को डी-फ्रीज करने के लिए 5 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की। बैंक खाते को डी-फ्रीज करने के संबंध में शिकायतकर्ता का आवेदन अदालत में लंबित है। 23 सितंबर को एसआई करमवीर सिंह ने शिकायतकर्ता को 2 लाख रुपये की पहली किस्त लेने के लिए सेक्टर 14, द्वारका मेट्रो स्टेशन पर बुलाया। एसआई अपनी निजी कार से मेट्रो स्टेशन आए और शिकायतकर्ता को अंदर बैठने के लिए कहा। इसके बाद वह कार चलाने लगे। विजिलेंस टीम ने कार का पीछा किया और लगभग दो किमी के बाद विजिलेंस टीम द्वारका में कार को रोकने में कामयाब रही। एसआई करमवीर सिंह ने भागने की कोशिश की लेकिन विजिलेंस टीम ने उन्हें काबू कर गिरफ्तार कर लिया। एसआई की कार के डैशबोर्ड से दो लाख रुपये की रिश्वत राशि बरामद की गई। आरोपी एसआई 2019 से आईएफएसओ में तैनात हैं। यह यूनिट स्पेशल सेल के अंतर्गत कार्य करती है और साइबर ठगी के बड़े केस देखती है।

### ऑपरेशन कवच के तहत पश्चिमी दिल्ली में 118 दबोचे

**नई दिल्ली।** पश्चिमी जिले में ऑपरेशन कवच के तहत 118 आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को गिरफ्तार किया गया है। करीब 400 हिरासत में लिये गये हैं। इनमें से 57 वह आरोपी हैं, जो ऑर्गेनाइज्ड क्राईम के तहत गैंबलिंग के अड्डे और सट्टे के धंधे में लिप्त थे। पुलिस ने एक लाख से ज्यादा कैश और 1000 लीटर से ज्यादा अवैध शराब का भी जब्त की है। डीसीपी शरद भास्कर ने बताया कि इस कार्रवाई के तहत जिले के आपरेशन सेल के तहत आने वाले एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड, साइबर पुलिस स्टेशन और अलग-अलग थानों की टीमें शामिल थी। जिले की टीम ने 70 गाड़ियों को भी डीपी एक्ट के तहत जब्त किया है। इसके अलावा कंट्री मेड पिस्टल, जिंदा कारतूस, 19 चाकू भी बरामद किए गए हैं। कोटपा एक्ट के तहत 228 चालान किए गए। इसके अलावा 21 लोगों को प्रीवेंटिव कस्टडी में भी लिया गया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**
**सं. ELS-SYH-REV-32-2024-25-03r**
**Date: 18.09.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वमंविइं (टीआरएस)/वि. लोको शेड/सैदपुर भीतरी, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं. 1. कार्य का नामः** ई०एल०एस० सैदपुर में औक्सिलरी मोटर के ओवरहॉलिंग और रिवाइंडिंग, लोको बैटरी सेट का रखरखाव और मशीन रूम ब्लोअर और मशीन रूम स्कावेंज ब्लोअर मोटर के सिंगल फेज सर्किट को थ्री फेज सर्किट में परिवर्तित करना और माइनर अलटरेशन ऑफ ट्रैक्शन मोटर ऑफ WAG 9 लोकोमोटिव का कार्य। **टेंडर रिफरेंश नं.:** ELS-SYH-REV-32-2024-25-03r; **कार्य की अनुमानित लागत (₹ में):** ₹47,24,036.57; **धरोहर राशि (₹ में):** ₹94,500/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹ में):** शून्य; **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 10.10.2025 को 14:00 बजे तक; **कार्य पूरा करने की अवधिः** 24 माह; • खुली ई–निविदा दिनांक 10.10.2025 को 14:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

वमंविइं(टीआरएस)/वि. लोको. शेड/
मुजाधि/विद्युत–141 सैदपुर भीतरी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## बवाना में लिफ्ट का तार टूटने से श्रमिक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

आउटर नॉर्थ जिले के बवाना औद्योगिक क्षेत्र में सोमवार शाम एक पाउडर कोटिंग फैक्ट्री में लिफ्ट टूटने से श्रमिक की मौत हो गई। मृतक राजेश कुमार (32) लिफ्ट से सामान लेकर ऊपर जा रहा था तभी यह हादसा हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित परिवार ने फैक्ट्री मालिक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया।

मिली जानकारी के अनुसार यह फैक्ट्री बवाना औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर-4 में डी 165 नंबर में स्थित है। हादसे में मरने वाला श्रमिक करीब सात साल से इस फैक्ट्री में काम कर रहा था। फैक्ट्री के एक अन्य मजदूर ने बताया कि लिफ्ट का तार टूटने से लिफ्ट सीधे बेसमेंट में जा गिरी। घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे दूसरे अस्पताल के लिये रेफर कर दिया। अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के दो बच्चे हैं। लड़का 11 वर्ष और लड़की आठ साल की है। फैक्ट्री में पाउडर कोटिंग का कार्य होता था। मृतक के परिवार में पत्नी के अलावा बूढ़ी मां भी है।

# महिला की चाकू मारकर हत्या, दो महिला घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

■ वारदात का आरोपी मौके पर ही पकड़ा गया

पश्चिमी दिल्ली के ख्याला इलाके में मंगलवार सुबह एक घर में 39 वर्षीय महिला की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। वारदात में दो अन्य महिलाएं घायल हुई है। उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने वारदात के आरोपी को गिरफ्त में ले लिया है। उसे मौके पर ही परिवार के सदस्यों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया।

पुलिस के अनुसार मृत महिला की पहचान नुसरत (39) के रूप में हुई है, जबकि अकबरी (42) और सानिया (20) घायल है। पुलिस को सुबह करीब आठ बजकर पांच मिनट पर इस संबंध में पीसीआर कॉल मिली थी। कॉल में बताया गया कि ख्याला की जेजे कॉलोनी में हत्या कर दी गई है। स्थानीय पुलिस की एक टीम घटनास्थल पर पहुंची, जहां नुसरत को घर की दूसरी मंजिल पर मृत पाया, जबकि दो घायलों को अस्पताल ले जाया गया। मामले में शिकायतकर्ता उस्मान (19) ने पुलिस को बताया कि आरोपी इस्तेखार अहमद उर्फ बब्बू (49) ने घर के भीतर महिलाओं पर हमला किया। आरोपी को परिवार के सदस्यों ने मौके पर ही पकड़ लिया और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया गया। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अपराध के पीछे के मकसद की पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और अपराध एवं फोरेंसिक टीमों ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया गया है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **संजीव** पुत्र श्री काली चरण, निवासी-मकान नंबर एफ-6/36 एच.आई.जी लेबर कॉलोनी, सुल्तान पुरी, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 949/2017 धारा 33/38 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना सुल्तान पुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजीव** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **संजीव** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **संजीव, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 949/2017 धारा 33/38 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना सुल्तान पुरी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.10.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री अभिनव सिंह एलडी**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
न्यायालय कक्ष संख्या 102
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/12728/OD/2025

### सीलमपुर में बदमाशों ने पिस्तौल दिखा कर दुकान लूटी

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर इलाके में तीन बदमाशों ने एक दुकानदार को कथित तौर पर बंदूक दिखा कर लूट लिया। विरोध करने पर गोलियां भी चलाईं। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस के अनुसार यह घटना सोमवार रात करीब 10 बजे गौतमपुरी इलाके में हुई। हमलावरों ने दुकान में घुसकर दुकानदार को गन दिखाकर धमकाया और नकदी व कीमती सामान लूट लिया। पुलिस ने कहा, जब दुकानदार ने विरोध करने की कोशिश की तो एक आरोपी ने गोली चला दी और मौके से फरार हो गया। गनीमत रही कि किसी को कोई चोट नहीं आई। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्धों की तलाश के लिए कई पुलिस टीमों को तैनात किया गया है। अपराधियों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और आर्म्स एक्ट के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

### गत दस सालों में इस बार सबसे जल्दी दिल्ली से मानसून विदा, बारिश की गतिविधियां लगभग समाप्त!

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

झमाझम बारिश से दिल्ली को परेशान करने वाला मानसून इस बार गत दस वर्षों में सबसे पहले बिदा हो रहा है। लगभग तय दिखाई दे रहा है कि अपने निर्धारित समय से पहले ही मानसून दिल्ली से लगभग वापसी कर चुका है। अब मौसम विभाग द्वारा इसकी औपचारिक घोषणा करना बाकी रह गया है। प्रादेशिक मौसम विभाग के अनुसार आम तौर पर दिल्ली से मानसून की विदाई 25 सितंबर के आसपास होती है। लेकिन गत दस वर्षों में ऐसा दर्ज हुआ है कि मानसून अपने तय समय से कहीं देरी से दिल्ली से बिदा हुआ। वहीं निजी मौसम विज्ञान अनुमान कंपनी स्काईमेट वेदर के अनुसार यह कहा जा सकता है कि इस बार मानसून बेशक अपने तय समय पर ही जाए। लेकिन गत दस वर्ष के आंकड़े बताते है कि इन सालों में पहली बार मानसून जल्द बिदा हो रहा है। कंपनी ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर में एक छोटे से ब्रेक के बाद अब मानसून की वापसी फिर से शुरू हो गई है। मानसून राजस्थान के अधिकांश हिस्सों, आधे पंजाब-हरियाणा और गुजरात के कुछ हिस्सों से लौट चुका है। मानसून वापसी रेखा इस समय दिल्ली के पास से गुजर रही है। यह रेखा तरन तारन, संगरूर, जींद, रेवाड़ी, टोंक, मेहसाणा और पोरबंदर तक फैली हुई है। आने वाले दिनों में यह और आगे बढ़कर गुजरात, पंजाब, हरियाणा व दिल्ली से पूरी तरह से हट सकती है। कंपनी ने कहा कि इसके साथ ही उत्तर भारत के पहाड़ी क्षेत्रों से भी मानसून की विदाई लगभग संभव है। कंपनी ने बताया कि दिल्ली से मानसून की सामान्य विदाई 25 सितंबर के आसपास होती है। लेकिन अक्सर यह देरी से लौटता है और सितंबर के अंतिम दिनों या अक्टूबर के पहले सप्ताह तक खिंच जाता है।

### वोट चोरी मामले में कोर्ट में मामला कांग्रेस ने किया खुद को अलग

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने बयान जारी सपष्टीकरण देते हुए कहा है कि रोहित पांडे द्वारा सुप्रीम कोर्ट में वोट चोरी को लेकर फाइल की गई पेटिशन से हमारा कोई संबंध नही है। यादव ने साफ कहा कि और ना ही रोहित पांडे द्वारा इस पेटिशन को लेकर कांग्रेस पार्टी से किसी भी प्रकार की अनुमति या विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि वोट चोरी को लेकर कांग्रेस पार्टी ने समय समय पर वोट चोरी के सबूत देश की जनता की अदालत में रखे हैं और यह लड़ाई आगे भी जारी रहेगी।

### जीएसटी घटाने का ऑटो टैक्सी चालकों ने किया स्वागत, दाम कम होने से मिलेगी कुछ राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में कमी कर लागू करने पर ऑटो टैक्सी चालकों ने खुशी व्यक्त की है। इस मुद्दे पर चालकों का कहना है कि जीएसटी कम होने से ऑटो रिक्शा, टैक्सी, माल वाहक तिपहिया आदि के दामों में कमी से कुछ राहत जरूर मिलेगी। वहीं दिल्ली ऑटो रिक्शा संघ व दिल्ली प्रदेश टैक्सी यूनियन के महामंत्री राजेंद्र सोनी ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा लिया गया यह फैसला लोगों को राहत प्रदान करने वाला है। उन्होंने कहा कि नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म्स का फायदा अन्य वर्गों की तरह हम ऑटो और टैक्सी चालकों को भी हुआ है। दरें घटने पर चालकों में खुशी है और लग रहा है कि अब कुछ राहत तो जरूर मिलेगी। सोनी ने बताया कि अब से पहले नए ऑटो का कंपनी दाम 2.45 लाख रुपये था। लेकिन जीएसटी कम होने से अब नए ऑटो में 19 हजार रुपये की छूट होगी। सोनी ने बताया कि इसी तरह टैक्सी में भी फायदा होगा और 50 हजार से लेकर एक लाख रुपये से ऊपर की छूट मिलेगी। स्वदेश चालक संगठन का कहना है कि देरी से लिया गया अच्छा फैसला है जिसका स्वागत किया जाना चाहिए। अध्यक्ष एस के चावला का कहना है कि अगर केंद्र सरकार अब पेट्रोल, डीजल और सीएनजी को भी जीएसटी दायरे में ले आए तो जनता को बहुत बड़ी राहत मिल सकती है। टैक्सी चालक सुभाष का कहना है कि मैं कई साल से सोच अपनी टैक्सी खरीदने की सोच रहा था।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता–II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई–निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| NIT -49 | **कार्य का नामः** 1. वरिष्ठ मंडल अभियंता–II/दिल्ली के अधिकार क्षेत्र में सहायक मंडल अभियंता शामली के अधीन अधिकारी विश्राम गृह की मरम्मत और नवीनीकरण और 2. सहायक मंडल अभियंता मेरठ के तहत SSE/W/MOZ अनुभाग में TPZ साइडिंग के लिए मिटटी के तटबंध और अन्य संबद्ध सिविल कार्य के मजबूत करने का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :–** 6193125.72 **बयाना राशि (रुपये):** 123900.00 |
| NIT -50 | **कार्य का नामः** वरिष्ठ मंडल अभियंता–II/दिल्ली के अधिकार में सहायक मंडल अभियंता गाजियाबाद के अधीन के अधीन SSE/W/E/GZB के अनुभाग में नए भवन के लिए चल रहे निर्माण के कारण आपातकालीन रखरखाव के लिए GZB स्टेशन, पीएफ आदि के संबद्ध में भवन परिसंचारी क्षेत्र की मरम्मत और रखरखाव के लिए जोनल अनुबंध का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :–** 5945658.18 **बयाना राशि (रुपये):** 118900.00 |
| NIT -51 | **कार्य का नामः** वरिष्ठ मंडल अभियंता–II/दिल्ली के अधिकार क्षेत्र में सहायक मंडल अभियंता गाजियाबाद के अधीन विवेक विहार (वीवीवी) स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 1 और 2 को उच्च स्तर तक उठाया जाने का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :–** 18744933.68 **बयाना राशि (रुपये):** 243700.00 |
| NIT -52 | **कार्य का नामः** वरिष्ठ मंडल अभियंता–II/दिल्ली के अधिकार क्षेत्र में सहायक मंडल अभियंता मेरठ के अधीन SSE/W/MTC के खंड में GZB-SRE खंड LC-21 के निकट LHS संख्या 21 के लिए पहुंच रैंप का निर्माण का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :–** 26568540.45 **बयाना राशि (रुपये):** 282900.00 |
| NIT -53 | **कार्य का नामः** वरिष्ठ मंडल अभियंता–II/दिल्ली के अधिकार क्षेत्र में सहायक मंडल अभियंता मेरठ के अधीन SSE/W/MTC के खंड में GZB-SRE खंड पर किमी 52.274 पर लेवल क्रॉसिंग संख्या 17सी के स्थान पर एलएचएस का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :–** 67567602.2 **बयाना राशि (रुपये):** 487800.00 |

| | |
|---|---|
| निविदा खोलने की तिथि और समय | 17.10.2025 15:00 Hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) **IREPS** साइट **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

**सं 128-W/280/eTenderNotice/NIT-49,50,51,52&53-25-26-W-II**
दिनांक : 22.09.2025 **2927/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### तीनों लैंडफिल साइट के बोझ को कम करने के लिए निगम की योजना

# भलस्वा लैंडफिल साइट की तरह सिंघोला की जमीन पर डाला जाएगा कचरा

दया राम ⏭नई दिल्ली




राजधानी दिल्ली के भलस्वा, गाजीपुर और ओखला क्षेत्र स्थित कचरे के पहाड़ों को कम करने के लिए अब दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने नरेला विधानसभा के सिंघोला गांव की जमीन पर भलस्वा लैंडफिल साइट की तरह कचरा डालने की तैयारी कर ली है। बता दें कि कूड़े के यह पहाड़ देश-विदेश में दिल्ली की शर्मनाक पहचान बन चुके हैं। जहरीली गैसें छोड़ते ये लैंडफिल साइट न सिर्फ पर्यावरण को बर्बाद कर रही हैं, बल्कि लाखों लोगों की जिंदगी को बीमारियों के अंधे कुएं में धकेल रही हैं। बता दें कि केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने 17 सितंबर 2025 को सेवा पखवाड़े के अंतर्गत भलस्वा लैंडफिल साइट का दौरा कर लीगेसी कचरे के निस्तारण के कार्य का निरीक्षण किया था। तब उन्होंने भलस्वा लैंडफिल साइट को एक साल में खत्म करने का दावा किया था। इसके बाद दिल्ली नगर निगम प्रशासन हरकत में आया और अब तीनों कूड़े के पहाड़ों का बोझ कम करने के लिए नई जगहों की तलाश शुरू कर दी गई है। जिसमें सिंघोला गांव की साइट भी जहां पहले सिल्ट डाली गई थी।

### करीब 'साढ़े छह एकड़ जमीन' पर डाला जाएगा कचरा

दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नरेला जोन के सिंघोला गांव की करीब 'साढ़े छह एकड़ जमीन' पर कचरा डाले जाने की योजना है। खामपुर-टीकरी शिमला सेब मंडी के पास की इस जमीन पर शाहदरा नॉर्थ और शाहदरा साउथ जोन का कचरा और सिल्ट डाला जाएगा। योजना के अनुसार करीब तीन एकड़ में कचरा प्रोसेसिंग यूनिट लगेगी, जबकि बाकी साढ़े तीन एकड़ पर कचरा और सिल्ट सीधे फेंका जाएगा।

### 2017 में भी हुआ था विरोध, फिर बदला फैसला

गौरतलब है कि वर्ष 2017 में भी इसी जमीन पर आजादपुर मंडी से निकलने वाला कूड़ा कचरा डालने की योजना बनी थी, लेकिन स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने करीब एक महीने तक इस योजना का जमकर विरोध किया। दबाव में आकर सरकार को तब इस योजना का प्रस्ताव वापस लेना पड़ा। सामाजिक कार्यकर्ता हरपाल सिंह राणा ने बताया कि उस समय भी ग्रामीणों ने इसका विरोध किया था और अब निगम ने जबरन कचरा डालने का प्रयास किया तो ग्रामीण फिर से सड़कों पर उतरेंगे।

### निगम नेताओं की कार्यशैली पर सवाल

स्थानीय लोगों का कहना है कि दिल्ली नगर निगम की यह योजना साफ करती है कि प्रशासन मूल समस्या का समाधान ढूंढने के बजाय नए-नए इलाकों में कचरा फेंकने की जगह बनाकर खुद को जिम्मेदारी से मुक्त करना चाहता है। दिल्ली के मौजूदा तीनों लैंडफिल साइटों को हटाने की बजाय चौथी साइट तैयार करने का प्रयास, साफ-साफ निगम नेताओं और प्रशासन की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। आखिर कब तक दिल्ली की नई-नई जमीनें कूड़े के अंबार में तब्दील की जाती रहेंगी?

# ऐसी गलियां कर रही नेताओं के सफाई अभियान का इंतजार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में भले ही प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के उपलक्ष में सेवा पखवाड़े के तहत दिल्ली की मुख्यमंत्री, मंत्री और दिल्ली नगर निगम महापौर, नेता, कार्यकर्ता और आयुक्त, उपायुक्त आदि अधिकारी हर दिन सफाई अभियान में फोटो खींचा रहे हैं और जनभागीदारी की बात कहते हैं लेकिन देखा जाए तो दिल्ली में कई जगह ऐसी हैं जहां के निवासी जनभागीदारी के तहत चाहते हैं कि यहां मुख्यमंत्री, महापौर आदि नेता और अधिकारी आए और अपना फोटो खींच कर सोशल मीडिया पर डाले लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। हाल ही में नरेला वार्ड से स्थानीय निवासी सतीश शर्मा ने गली में भरे पानी की शिकायत की लेकिन कोई समाधान नहीं निकल पाया। उन्होंने

■ जनभागीदारी के तहत भी नहीं आते हैं नेता

बताया कि नरेला जोन उपायुक्त कार्यालय के करीब सौ मीटर दूरी पर ही माता वाली गली में नालियों से गाद की सफाई नहीं होने से गलियों के हालात नरकीय हो चुके हैं और ऐसे ही हालात बख्तावरपुर वार्ड के सिंघु गांव की कुछ गलियों के है जहां शिकायत पर निगम स्कूल के साथ नाले से स्लैब तो उठा दिए हैं लेकिन नाले की गहराई से सफाई नहीं की गई हैं और आसपास की कई गलियों में नालियों का पानी भर जाता है। इनके अलावा कई अन्य इलाकों में भी ऐसे ही हालात देखे गए हैं जहां के निवासी चाहते हैं कि यहां भी सफाई अभियान चले लेकिन कोई भी मंत्री, विधायक, पार्षद, नेता यहां नहीं आता है।




## मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मंत्रियों, विधायकों, पार्षदों और आम जनों ने मिलकर रिंग रोड पर चलाया सफाई अभियान

# सभी लोग स्वच्छता को आदत बनाएं, तभी 'स्वच्छ दिल्ली' का सपना होगा पूरा : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली







जब तक हम सब लोग मिलकर स्वच्छता को आदत नहीं बनाएंगे, तब तक 'स्वच्छ दिल्ली' का सपना पूरा नहीं होगा। यह बात मंगलवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को स्वच्छता अभियान का नेतृत्व करने के दौरान कही। गौरतलब है कि राजधानी दिल्ली को साफ सुथरा और स्वच्छ बनाने के लिए मंगलवार को पूरी दिल्ली सरकार सड़कों पर उतरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चल रहे 'सेवा पखवाड़े' के अंतर्गत आयोजित इस भव्य मेगा स्वच्छता अभियान में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत पूरा मंत्रिमंडल, विधायक, पार्षदों के अलावा आमजन भी मंगलवार को सड़कों पर उतरे और उन्होंने हाथों में झाड़ू लेकर विभिन्न इलाकों में सफाई व स्वच्छता अभियान में अपनी भागीदारी की। इस अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को शालीमार बाग के रिंग रोड पर स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया और स्वयं झाड़ू लगाकर जनसामान्य को स्वच्छता का संदेश दिया। वहां पर उन्होंने दीवारों पर लगे पुराने बैनर और पोस्टर भी स्वयं हटाए। मुख्यमंत्री का स्पष्ट संदेश था कि स्वच्छता केवल सड़कों और गलियों की ही नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्थलों की दीवारों और आसपास के वातावरण की भी होनी जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जनजागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को प्रबल बनाने का भी प्रयास है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि स्वच्छता कोई एक दिन का या कुछ घंटों का काम नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हर भारतीय को यह समझना होगा कि यह शहर और यह देश हमारा है, और यदि हम कूड़ा फैलाते हैं तो यह हमारी ही जिम्मेदारी को कमजोर करता है। इस अभियान के दौरान मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली का महत्वपूर्ण संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ समाज के निर्माण में पेड़ों की अहम भूमिका है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सफाई व स्वच्छता निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि सड़कों पर तंबाकू के पाउच, पानी की बोतलें, पत्तल और पोस्टर शहर को गंदा कर रहे हैं। केवल एक दिन की ड्राइव से समस्या का समाधान नहीं होगा। यह कार्य संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और हर नागरिक को प्रतिदिन और निरंतर करना होगा। तभी दिल्ली स्वच्छ और सुंदर रह पाएगी।

### सीएम की अपील : जनप्रतिनिधि मेरी तस्वीर का उपयोग किसी पोस्टर में न करें

मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से अपील की कि वॉल राइटिंग और पोस्टर लगाकर शहर को गंदा न करें। यह एक गंभीर अपराध है। खासकर सभी जनप्रतिनिधियों से उनका निवेदन है कि कृपया मेरी तस्वीर का उपयोग किसी पोस्टर में न करें। इस प्रकार की गतिविधियां शहर की सुंदरता को बिगाड़ती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्वच्छता अभियान को निरंतर सरकार, अधिकारियों और जनता के सामूहिक प्रयास से आगे बढ़ाना होगा, ताकि दिल्ली को स्वच्छ और हरा-भरा बनाए रखा जा सके।

### प्रवेश ने महात्मा गांधी मार्ग पर किया स्वच्छता अभियान का नेतृत्व

मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेते हुए रिंग रोड के महात्मा गांधी मार्ग की साफ-सफाई की। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रमों के तहत, पीडब्ल्यूडी ने 55 किलोमीटर लंबी रिंग रोड को आठ क्षेत्राधिकार खंडों में विभाजित किया है तथा अगले पखवाड़े तक सफाई और मरम्मत कार्य की देखरेख के लिए प्रत्येक खंड के लिए एक प्रभारी अभियंता नियुक्त किया है। मंत्री प्रवेश ने कहा कि दिल्ली को स्वच्छ रखना हमारा संकल्प है और पूरे क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें पार्टी के कई कार्यकर्ता शामिल हो रहे हैं।

### डॉ. पंकज सिंह ने धौला कुआं रिंग रोड पर की सफाई

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत दिल्ली के धौला कुआं रिंग रोड पर स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने खुद हाथ में झाड़ू लेकर सफाई अभियान का नेतृत्व किया और स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए सैकड़ों लोगों के साथ पूरे इलाके में सफाई अभियान चलाया। जिसमें डॉक्टर पंकज कुमार सिंह के साथ स्थानीय लोगों ने स्वच्छता ही सेवा अभियान में पूरे समर्पण और उत्साह से भाग लिया।

### सूद ने फ्लाईओवर के नीचे की सफाई

शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को राजधानी कॉलेज के सामने रिंग रोड पर फ्लाईओवर के नीचे स्वच्छता अभियान में भाग लिया। इस अवसर पर मंत्री सूद ने स्वयं फ्लाईओवर के नीचे वर्षों से जमे हुए कूड़े के ढेर, मलवा, पत्थर आदि को नगर निगम के कर्मचारियों और जनकपुरी विधानसभा के कई कार्यकर्ताओं के सहयोग से साफ किया। उन्होंने कहा कि हमने संकल्प लिया है कि दिवाली से पहले दिल्ली में रिंग रोड और उसके आस-पास के क्षेत्रों को साफ़ और सुंदर बनाएंगे। अब तक फ्लाईओवर के नीचे और किनारे के हिस्से अक्सर साफ होने से उपेक्षित रह जाते थे। इन स्थानों पर सफाई कर्मी कूड़ा डालकर आगे बढ़ जाते थे।

### स्वच्छता एवं हाइजीन से स्वास्थ्य पर घटेगा खर्चः इंद्राज



सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को रिंग रोड की सफाई के अभियान में दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने शालीमार बाब में स्थानीय नागरिकों, अनेक सामाजिक संस्थाओं और सफाई कर्मचारियों के साथ सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वच्छता एवं हाइजीन का पालन करने से सेहत अच्छी रहेगी और स्वास्थ्य पर खर्च घटेगा।

### मंत्री सिरसा ने राजा गार्डन रिंग रोड चौक पर चलाया स्वच्छता अभियान

मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने मंगलवार को राजा गार्डन रिंग रोड चौक पर बड़े स्तर पर स्वच्छता अभियान का नेतृत्व किया। मंत्री सिरसा ने स्थानीय नागरिकों, आरडब्ल्यूए और सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर झाड़ू लगाई और कचरा उठाया ताकि रिंग रोड की सूरत साफ-सुथरी और बेहतर दिखे। उन्होंने कहा कि आज पूरी दिल्ली के लोग सफाई के लिए सड़कों पर है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन और सेवा पखवाड़ा की भावना के साथ हम रिंग रोड को साफ कर रहे हैं।

## हिंदी है हमारी पहचान और गर्व की भाषा : मुख्यमंत्री

नई दिल्ली। हिंदी हमारी पहचान और गर्व की भाषा है। यदि संस्कृत हमारी जड़ है तो हिंदी वह मजबूत तना है, जिससे अन्य भाषाएं विकसित होती हैं। यह बातें मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय के सभागार में कला, संस्कृति और भाषा विभाग द्वारा आयोजित हिंदी पखवाड़े को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विदेशी भाषाएं सीखना उपयोगी है, लेकिन हमें अपनी भाषा के प्रति कभी झिझक महसूस नहीं करनी चाहिए। जैसे मां का स्थान कोई नहीं ले सकता, वैसे ही हिंदी का स्थान कोई अन्य भाषा नहीं ले सकती। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 'हर घर तिरंगा 2025' अभियान में विशेष योगदान देने वाले उत्कृष्ट स्वयंसेवकों को सम्मानित किया। इन स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे खुशी है कि लोग अपने-अपने तरीके से देश सेवा में योगदान दे रहे हैं। देशभक्ति सिर्फ बड़े कामों से नहीं, बल्कि रोजमर्रा की छोटी-छोटी जिम्मेदारियों से भी जुड़ी होती है, जैसे स्वच्छता बनाए रखना, नियमों का पालन करना और सार्वजनिक स्थलों का सम्मान करना। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कवियों, लेखकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाषा और संस्कृति वे सूत्र हैं, जो हमें एक साथ जोड़ते हैं और हमारे राष्ट्र को और मजबूत बनाते हैं।



## मौलाना आजाद कॉलेज में दिल्ली डेंटल काउंसिल के नए कार्यालय और सेंट्रल टिश्यू बैंक का उद्घाटन

नई दिल्ली। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने मंगलवार को दिल्ली के मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज (एमएआईडीएस) में दिल्ली डेंटल काउंसिल (डीडीसी) के नए अत्याधुनिक कार्यालय और सेंट्रल टिश्यू बैंक का उद्घाटन किया। इस पहल के साथ ही डीडीसी देश का पहला ऐसा राज्य डेंटल काउंसिल बन गया है, जहां पंजीकरण, नवीनीकरण और अन्य सारी सुविधाएं भी ऑनलाइन तरीके से तय समय-सीमा के भीतर पारदर्शी तरीके से उपलब्ध होंगी। जिससे भविष्य में दिल्ली के दंत चिकित्सकों को और अधिक सुविधाएं मिलने के साथ ही उनकी जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। इसी के साथ मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज के पीरियडोनटोलॉजी विभाग में स्थापित सेंट्रल टिश्यू बैंक का भी उद्घाटित किया।






## दिल्ली को स्वच्छ रखना हम सब की जिम्मेदारी : राजा इकबाल

नई दिल्ली। दिल्ली को स्वच्छ बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति जन भागीदारी के बिना सफल नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी है एवं इसको स्वच्छ रखना हम सब की जिम्मेदारी है। दिल्ली नगर निगम के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे सेवा पखवाड़े में मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैंपस में स्वच्छता अभियान में भाग लेने के दौरान यह दिल्लीवासियों को यह संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़े के अंतर्गत दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के आह्वान पर संपूर्ण रिंग रोड पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

## रामलीला हमें जीवन के सच्चे उद्देश्य की दिलाती है याद : विजेंद्र

**नई दिल्ली।** रामलीला केवल एक मंचन नहीं, बल्कि यह हमें जीवन के सच्चे उद्देश्य की याद दिलाती है कि हमें सदैव सत्य, धर्म और न्याय के मार्ग पर चलना चाहिए। यह बातें कल दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने लाल किला मैदान में आयोजित नव श्री धार्मिक लीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला के शुभारंभ के अवसर पर कही। गुप्ता में रामलीला की गणेश वंदना में भाग लेकर भगवान श्रीराम और माता सीता की पूजा-अर्चना की और उनके आशीर्वाद की कामना की। कार्यक्रम की शुरुआत रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियों से हुई जिसके बाद रामलीला का विधिवत मंचन हुआ।प्रारंभिक मंचन में भगवान श्रीराम के अवतार का उद्देश्य दर्शाया गया, जिसमें दिखाया गया कि जब-जब अधर्म, अत्याचार और अन्याय बढ़ता है, तब-तब भगवान विष्णु धर्म की रक्षा और न्याय की पुनः स्थापना हेतु अवतार लेते हैं। इस अवसर पर विधायक सतीश उपाध्याय एवं शिखा राय भी उपस्थित थी। गुप्ता ने कहा कि रामलीला महोत्सव हमारी अमूल्य धरोहर से नई पीढ़ी को जोड़ते हुए समाज को आदर्श जीवन की प्रेरणा देता है।

## 'सनातन संस्कारम रामलीला उत्सव' का शुभारम्भ

**नई दिल्ली।** रामलीला के माध्यम से संस्कृति और सामाजिक संदेशों को प्रचार किया जाएगा। इस बात की घोषणा सोमवार को डीडीए रामलीला ग्राउंड, सेक्टर-23, रोहिणी में सनातन संस्कारम रामलीला उत्सव' के शुभारम्भ के अवसर पर समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज ने कही। वहीं इस अवसर पर पर्यावरण मंत्री , मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि रामलीला केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, यह हमारी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। इस भव्य रामलीला से न केवल श्रद्धालु जुड़ेंगे, बल्कि समाज में सकारात्मक और प्रेरक संदेश भी पहुंचेंगे।

## रेखा गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर बस को किया रवाना

# दिल्ली से यूपी के बड़ौत तक अंतर्राज्यीय एसी बस सेवा पुनः शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को लगभग 18 साल बाद पुनः महाराणा प्रताप अंतरराज्यीय बस टर्मिनल से उत्तर प्रदेश के बड़ौत के लिए इलेक्ट्रिक इंटर-स्टेट एसी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने ऑटोमेटेड फेयर कलेक्शन सिस्टम (एएफसीएस) के उद्घाटन के साथ ही 'चलो एप' को ओएनडीसी (ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स) प्लेटफॉर्म पर लॉन्च किया। इंटर-स्टेट बस सेवा के शुरुआत के अवसर पर दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह के साथ यूपी के बागपत से सांसद डॉक्टर राजकुमार सांगवान, दिल्ली परिवहन विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कैनरा बैंक के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। उद्घाटन के अवसर पर दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) और कैनरा बैंक के बीच एएफसीएस के पूरे नेटवर्क में रोल आउट के लिए एमओयू पर भी हस्ताक्षर किए गए। इसी दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इंटर-स्टेट बसों के कंडक्टरों को ई-टिकट बनाने के लिए पीओएस मशीनें वितरित की। गौरतलब है कि नई दिल्ली-बड़ौत एसी बस सेवा दिल्ली के महाराणा प्रताप आईएसबीटी से शुरू होकर खजूरी खास, भजनपुरा, लोनी बस स्टैंड, यूपी बॉर्डर, लोनी, मंडोला, खेकरा, काठा, बागपत, गौरीपुर, सरूरपुर और ट्योढ़ी से होते हुए बड़ौत तक पहुंचेगी और वापस इसी रूट से दिल्ली पहुंचेंगी। इंटर-स्टेट एसी बसें पूरी तरह इलेक्ट्रिक होने के साथ रोजाना तय समय-सारणी के हिसाब से चलेंगी। दिल्ली–बड़ौत एसी बस सेवाएं रोजाना सुबह 4 बजकर 50 मिनट, 5 बजकर 20 मिनट, 5 बजकर 50 मिनट के साथ ही शाम को 5 बजे, 5 बजकर 30 मिनट और 6 बजे दिल्ली से शुरू होकर बड़ौत तक जाएंगी। तो वहीं, यूपी के बड़ौत बस डिपो से दिल्ली की तरफ सुबह 7 बजे, 7 बजकर 30 मिनट और सुबह 8 बजे के साथ ही शाम को 19:30 बजे, रात 8 बजे और 8 बजकर 30 मिनट पर बसें दिल्ली की तरफ रवाना होंगी।



# निर्वाचन व्यय विवरणी दाखिल न किए जाने वाली राजनैतिक पार्टियों को कारण बताओ नोटिस जारी

जिला निर्वाचन अधिकारी रणविजय सिंह अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) /जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली ने अपने पत्र के माध्यम से यूपी के 127 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा पिछले तीन वर्षों के वार्षिक लेखापरीक्षित खाते निर्धारित अवधि तक प्रस्तुत न किए जाने तथा उक्त पंजीकृत राजनैतिक दलों द्वारा वर्ष 2019 से अब तक पिछले 06 वर्षों में आयोजित विभिन्न निर्वाचनों में प्रतिभाग तो किया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन व्यय विवरणी दाखिल न किये जाने वाली राजनैतिक पार्टियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी रणविजय सिंह अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) /जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली ने अपने पत्र के माध्यम से उत्तर प्रदेश राज्य के 127 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा पिछले तीन वर्षों (2021-22, 2022-23, 2023-24) के वार्षिक लेखापरीक्षित खाते निर्धारित अवधि तक प्रस्तुत न किए जाने तथा उक्त पंजीकृत राजनैतिक दलों द्वारा वर्ष 2019 से अब तक पिछले 06 वर्षों में आयोजित विभिन्न निर्वाचनों में प्रतिभाग तो किया है।




### एक माह का अंतिम अवसर दिया गया

परंतु निर्धारित समयावधि के भीतर निर्वाचन व्यय विवरणी दाखिल न किए जाने के फलस्वरूप कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं पार्टी को सुनवाई का एक अवसर देते हुए एक माह की अवधि के भीतर रिपोर्ट / सूचना आयोग को उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी जनपद गाजियाबाद की राजनैतिक दल बहुजन मुक्ति पार्टी , आशा पुष्प विहार, सहकारी आवास समिति, सेक्टर-14, कौशांबी, गाजियाबाद, भारतीय हिन्द फ़ौज पता यूजीएफ-07, चित्रांश ड्रीम सोसायटी, आर.के. पुरम, गोविंदपुरम, गाजियाबाद,, भारतीय जन नायक पार्टी पता 17-18, सेक्टर-15, वसुन्धरा, गाजियाबाद,201012, मिहिर सेना पता एस-47, साउथ साइड, जी.टी. रोड, लाल कुआँ, गाजियाबाद, पूर्वांचल महापंचायत पता नंबर 601डी, शिप्रा सन सिटी, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, राष्ट्रीय लोक सर्वाधिकार पार्टी पता मकान नंबर-630, ग्राम-पसौंडा, बोध विहार मंदिर, साहिबाबाद, गाजियाबाद, व सर्वजन समता पार्टी पता 774, गीतांजलि विहार, वार्ड नंबर 28, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201102 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। अमान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए निर्देशित किया है कि इस संबंध में यदि पार्टी इच्छुक हो तो दिए गए अवसर का उपयोग करते हुए पार्टी के अध्यक्ष/महासचिव से हस्ताक्षरित हलफनामा के साथ लिखित प्रत्यावेदन अभिलेखीय साक्ष्यों सहित कारण बताओ नोटिस में दी गई तिथि तक कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश को दिया जा सकता है एवं मामले की सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि को प्रातः 10.00 बजे अध्यक्ष/महासचिव/ पार्टी प्रमुख कार्यालय मुख्य निर्वचन अधिकारीं उपस्थित हो सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क स्वास्थ्य एवं मैमोग्राफी शिविर

**फरीदाबाद।** स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एसआरएस रेज़ीडेंसी सेक्टर-88



फरीदाबाद में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं मैमोग्राफी शिविर का आयोजन किया गया। यह पहल एडवोकेट रूपा सोमनसुंदरन द्वारा की गई, जिसमें अमृता हॉस्पिटल की अहम भूमिका रही । अध्यक्ष एड. राजेश खटाना के सहयोग ने पूरे शिविर को महत्व प्रदान किया।

### सस्टेनेबल मोबिलिटी की दिशा में ईवी मिनी ट्रक लांच

**गुरुग्राम।** भारत को सस्टेनेबल मोबिलिटी की ओर अग्रसर ऑयलर मोटर्स ने दुनिया का पहला ईवी



मिनी ट्रक लांच किया है। ऑयलर मोटर्स के संस्थापक सौरव कुमार ने कहा कि ऑयलर टर्बो ईवी 1000 का लॉन्च करते हुए गर्व का अनुभव हो रहा है। इंजीनियरिंग के इनोवेशन के साथ यह भारत के लॉजिस्टिक्स उद्योग की व्यवहारिक जरूरतों को पूरा करेगा।

### मंत्री के निवास पर कांस्टेबल ने किया सुसाइड

**गुरुग्राम।** सिविल लाइंस रोड स्थित कैबिनेट मंत्री के निवास पर सुबह पुलिस के कांस्टेबल का शव



मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। कांस्टेबल अपनी ड्यूटी पर मंत्री निवास पर बने गार्ड रूम में मौजूद था। सुबह जब पुलिसकर्मी यहां आए तो कांस्टेबल को मृत पाया। सूचना मंत्री सहित पुलिस को दी गई। सिविल लाइंस थाना पुलिस ने शव कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच शुरू कर दी।

### कर्मचारी संघ ने दस सूत्रीय मांग पत्र सौंपा

**फरीदाबाद।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने दस सूत्रीय मांग पत्र को लेकर जिला उपायुक्त कार्यालय पर



धरना-प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया। नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि विभाग बोर्ड निगम में दस से 15 वर्ष तक लाखों पदों पर अस्थाई कर्मचारी है। लाखों पदो से कर्मचारी सेवानिवृत्त होकर खाली हुए लाखो पदों पर गरीब बेरोजगार युवाओ को नौकरी देने व सेवा नियमित करने की सरकार की कोई नियत नहीं है।

### शराब तस्करी पर कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी सेक्टर 11 की टीम ने अवैध शराब तस्करी के आरोपी मुबारिक को गिरफ्तार



किया है। पुलिस चौकी सेक्टर-11 की टीम ने आरोपी से मौके पर पिकअप गाड़ी से 60 बोतल व 120 अध्धा शराब मार्का रॉयल स्टैग बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शराब व गाड़ी को कब्ज में लिया गया। जिससे पूछताछ के बाद नियमानुसार कार्रवाई की गई।

## आर्थिक नीतियों से भारत का आर्थिक उदय

# मोदी सरकार ने रसोई से लेकर कार तक हर चीज की कीमतों में भारी छूट

कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश की सभी समस्याओं की एक ही दवा है आत्मनिर्भर भारत होना। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए स्वदेशी को अपना बहुत जरूरी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के 140 करोड़ लोगों से स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल पर आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने रसोई से लेकर कार तक की हर चीज की कीमतों में भारी छूट दी है। मोदी सरकार ने 28, 18 और 12 प्रतिशत के स्लैब को खत्म कर अब 18 और 5 प्रतिशत तक कर दिया है। बहुत सी चीजों को टैक्स फ्री कर दिया है। हर चीज पर मोदी सरकार ने राहत देने का काम किया है। इस दौरान गुर्जर ने स्वदेशी को आत्मनिर्भर भारत बनाने का मंत्र बताया और कांग्रेस को भी घेरा।

**खास बातें**

- सामान्यजनों की खरीद शक्ति बढ़ेगी
- जीएसटी का सरलीकरण करना क्रांतिकारी निर्णय
- गुर्जर ने स्वदेशी को आत्मनिर्भर भारत बनाने का मंत्र

### प्रतिकूल परिस्थितियों में भारत दुनिया की चौथी आर्थिक व्यवस्था वाला देश बना




केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि जीएसटी रिफाम्र्स मोदी सरकार ऐतिहासिक निणर्य है। हर जरूरत की चीजें सस्ती हुई है। दवाएं, दूध, दही, पनीर, फ्रिज, एसी, टीवी हर चीज पर लोगों को राहत मिली है। जीवन बीमा और मेडिकल बीमा पर मोदी जी ने टैक्स खत्म कर दिया है जिससे प्रीमियम 15 प्रतिशत से 18 प्रशित तक सस्ता होगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों से भारत का आर्थिक उदय हुआ है। 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत द्रुनिया की चौथी आर्थिक व्यवस्था वाला देश बना है। प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद भारत की आर्थिक मजबूती बना रहना मोदी सरकार का बहुत बड़ा काम है।
गुर्जर ने कहा कि मोदी सरकार ने दीवाली से पहले जीएसटी रिफाम्र्स कर देशवासियों को बड़ा तोहफा दिया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधारों से मोदी सरकार ने कांग्रेस के शोषण स्ट्रक्चर को समाप्त किया है। आज पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत पूरी द्रुनिया की इकोनोमी का नेतृत्व कर रहा है।
कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि जीएसटी रिफार्म से भारत की अर्थ व्यवस्था विश्व मे तजी से आगे बढ़ेगी। सामान्यजनों की खरीद शक्ति बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का जीएसटी का सरलीकरण करना क्रांतिकारी निर्णय है जो देश की आम जनता को बड़ी राहत प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का लक्ष्य सिर्फ राजस्व संग्रह नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक की जीवन गुणवत्ता सुधारना है। टैक्स दरों की इस बड़े पैमाने पर समीक्षा से आम आदमी की रोजमर्रा की खर्चों में कमी आएगी, स्वास्थ्य सेवाएं सस्ती होंगी और व्यापारिक माहौल में सुगमता बढ़ेगी। यह कदम निश्चित तौर पर देश की आर्थिक ताकत को मजबूत करेगा और नई उम्मीदें जगाएगा।

## महापौर ने ट्रांस हिंडन क्षेत्र में 3 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का किया शिलान्यास



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

ट्रांस हिण्डन क्षेत्र में महापौर सुनीता दयाल द्वारा 3 करोड़ 12 लाख के विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया जिसमें इंदिरापुरम में गौर ग्रीन विस्टा सोसाइटी से जी डी ए मार्किट त 100 मीटर की सीवर लाइन 600 एम एम व्यास की आर सी सी 3 सीवर लाइन बिछाने के कार्य जिसकी लागत लगभग 2 करोड़ 95 लाख है। इसके अलावा लाजपत नगर के ब्लॉक पार्क के चारो ओर इंटर लॉकिंग टायल्स लगाने का कार्य जिसकी लागत लगभग 17 लाख 40 हज़ार है का भी शिलान्यास किया।

### पहले सीवर, फिर सड़क निर्माण

महापौर ने बताया कि इंदिरापुरम में नालों का कार्य चल रहा है और सड़कों का भी शुरू होगा और सड़क बनने के बाद सीवर लाइन का कार्य करने से नगर निगम की हानि हो सकती थी। इसलिए अब उपरोक्त स्थल पर पहले सीवर का कार्य हो जाएगा फिर सड़क निर्माण और ऐसे ही लाजपत नगर के लॉक वासियों की सड़क की बहुत खराब स्थिति थी जिसको लेकर महापौर सुनीता दयाल ने बहुत समय पहले ही सड़क निर्माण के निर्देश दिए थे जिसमे निविदा की कार्यवाही उपरांत कार्य शुरू कराया गया है।

### ननि को हस्तांतरित हुआ इंदिरापुरम

उन्होंने कहा इंदिरापुरम हाल ही में नगर निगम को हस्तांतरित हुआ है और यहां की स्थिति बहुत ही खराब है। यहां सीवर लाइन की समस्या के समाधान के लिए 2 करोड़ 95 लाख की लागत से कार्य शुरू किया गया है व लाजपत नगर में भी सड़क की स्थिति ठीक न होने के कारण सड़क निर्माण शुरू कराया है। जनता विकास कार्यो की गुणवत्ता का ध्यान रखे कही भी कार्य की गुणवत्ता ठीक न मिले तो तत्काल शिकायत करें। इस दौरान मुख्य रूप से पार्षद धीरज अग्रवाल, पार्षद हरीश कराकोटी, पार्षद प्रमोद राघव,सहायक अभियंता शेषमणि यादव,अवर अभियंता मयंक मिश्रा, अवर अभियंता विनोद कुमार उपस्थित रहे।

## अधिवक्ताओं ने शुरू की सब. डिविजनल कोर्ट खोलने के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

जिले में वकीलों ने मोहना, धौज और बल्लभगढ़ में सब. डिविजनल कोर्ट खोलने के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इसके चलते जिला कोर्ट में सभी कार्य पूरी तरह से स्थगित कर दिए गए हैं। वकील अजय कुमार ने बताया कि इन क्षेत्रों में नए कोर्ट खुलने से आम नागरिकों को नुकसान होगा। जिले के चार हजार वकीलों में से लोगों को अपने लिए योग्य वकील चुनने का अवसर मिलता है, लेकिन नए कोर्ट खुलने से सीमित वकीलों के पास ही काम आएगा और लोग मजबूरी में उनसे ही काम कराना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि इसलिए काम पूरी तरह से बंद रखा गया है। फरीदाबाद बार एसोसिएशन के प्रधान राजेश बैंसला ने बताया कि नए कोर्ट खोलने के प्रयास से वकीलों को बांटने की कोशिश की जा रही है। बार के प्रतिनिधियों ने जजों से इस मामले में मुलाकात कर आपत्ति जताई, लेकिन मोहना में पहली कोर्ट शुरू करने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती, कोर्ट का काम बंद रहेगा। हड़ताल के कारण जिले में न्यायिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं और मामले लंबित होने की संभावना बढ़ गई है।

### 40000 रुपए बरामद

## सोने का कंगन चोरी के मामले में चाचा-भतीजी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



ऑटो में बैठी महिला का सोने का कंगन चोरी के मामलें में पुलिस ने चाचा-भतीजी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसजीएम नगर निवासी एक महिला ने थाना कोतवाली में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि वह 2 जून को ईएसआई अस्पताल जाने के लिए नीलम चौक फरीदाबाद से ऑटो में बैठी थी तथा जब वह ईएसआई अस्पताल पहुंची तो उसके हाथ में उसका सोने का कडा नही था। जिस शिकायत पर थाना कोतवाली में चोरी कि धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

उन्होंने आगे बताया कि मामलें में कार्रवाई करते हुए क्राईम ब्रांच सेक्टर 56 की टीम ने विक्रम निवासी नंगला एन्क्लेव पार्ट-2 व पलवल महिला को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में सामने आया कि दोनों वारदात के दिन बाटा रेलवे स्टेशन के नजदीक से ऑटो में बैठे थे तथा शिकायतकर्ता नीलम चौक से ऑटो में बैठी थी, जिसके बाद आरोपी महिला ने शिकायतकर्ता के हाथ पर अपना पर्स रख दिया था तथा विक्रम ने कटर से महिला के सोने का कडा काट लिया।

### रालोद ने की समीक्षा बैठक, संगठन की मजबूती पर बल

## नए लोगों ने पार्टी की विचारधारा में आस्था व्यक्त करते हुए सदस्यता ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

राष्ट्रीय लोकदल महानगर कमेटी की समीक्षा बैठक नवयुग मार्केट में आयोजित की गई।बैठक के प्रभारी समीक्षा उपाध्यक्ष मुकेश प्रमुख क्षेत्रीय महासचिव अनिल आर्य सचिव धर्मेंद्र काठा ने कमेटी की समीक्षा की। महानगर अध्यक्ष डा रेखा चौधरी ने प्रभारियों का बुके देकर स्वागत किया ।

काफ़ी संख्या में नए लोगों ने पार्टी की विचारधारा में आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करने और जन जन तक पहुँचने का संकल्प किया ।


### ये रहे उपस्थित



इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक इंद्रजीत सिंह टीटू प्रदेश महासचिव रविन्द्र चौहान कार्यकारिणी सदस्य भूपेंद्र डबास विशाल सिरोही युवा महानगर अध्यक्ष तुषार कौशिक महानगर अध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ संजीव अरोड़ा हिंडन पार अध्यक्ष सुधीर तोमर रामकुमार पंवार सत्यवीर सिंह प्रदीप त्यागी विशाल सिरोही दिनेश शर्मा किशन राघव संजय बैंसला दीपमाला चौधरी दीपा सिरोही प्रभा वर्मा सुमन दुबे श्वेता सिंह सुमन अग्रवाल तरुण चौधरी भूपेन्द्र बॉबी राजेंद्र चंदेला गुड्डू मुखिया नवाब बाल्मीकि राजीव तालान इस्माइल बेग शेर सिंह मौर्य देशपाल सिंह अमित चौधरी आदि उपस्थित रहे ।

### एक सोने का लॉकेट बरामद

## घर में चोरी करने के मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

अपराध शाखा सेक्टर 85 की टीम ने घर में घुसकर चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि विनोद निवासी सेक्टर-16 ने पुलिस चौकी सेक्टर 16 में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 18 अगस्त को वह और उसकी पत्नी अपनी ड्युटी पर चले गए थे तथा शाम को घर वापस आकर देखा तो घर का ताला टूटा हुआ था तथा घर के अंदर सारा सामान बिखरा पडा था, अलमारी से 45000 रुपये व ज्वैलरी गायब थी। जिस शिकायत पर थाना सेक्टर.17 में चोरी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए क्राईम ब्रांच सेक्टर 85 कि टीम ने मूलचन्द निवासी व बजरंग पाठक निवासी सैक्टर 31 फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है।

### आरोपी को जेल भेजा गया

पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी पहले घर की घंटी बजाते थे अगर घर का कोई सदस्य बाहर आकर नही देखता था तो उस घर का ताला तोडकर घर में घुस जाते थे। मूलचन्द पर पूर्व में 15 मामले हरियाणा व 6 मामले मध्य प्रदेश मैं दर्द है है। बजरंग पर पूर्व में एनडीपीएस व चोरी के 2 मामले दर्ज है। आरोपियों से एक सोने का लॉकेट बरामद हुआ है। जिनको न्यायलय में पेश कर जेल भेजा गया है।

थार गाड़ी एसीपी राजेश के नाम रजिस्टर्ड

## थार से प्रॉपर्टी डीलर को कुचलने वाले चार आरोपी राउंडअप

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



सेक्टर-12 में थार से कुचले गए प्रॉपर्टी डीलर मनोज मंगला के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को राउंडअप किया है।

पुलिस का दावा है कि थार में यह चारों आरोपी बैठे हुए थे। डीपीसी सेंट्रल उषा ने आरोपियों की राउंडअप को लेकर जानकारी दी। हालांकि, आरोपियों के नाम पुलिस ने अभी तक नहीं बताए है। उन्होंने कहा कि यह थार गाड़ी एसीपी राजेश के नाम रजिस्टर्ड है।

गौरतलब है कि 21-22 सितंबर की रात को कन्वेंशन हॉल सेक्टर 12 के पास मनोज कुमार को एक थार गाड़ी द्वारा कुचल दिया था। इलाज के दौरान मनोज की मृत्यु हो गई थीख जिस पर थाना सेंट्रल में मामला पंजीकृत हुआ। मामले में हत्या की धारा जोड़ी गई है।

पुलिस उपायुक्त सेंट्रलए उषा ने पत्रकारों को बताया कि थाना सेंट्रल की टीम द्वारा कार्रवाही करते हुए संलिप्त सभी 4 आरोपितों को राउंडअप कर थार गाड़ी को कब्ज में लिया गया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। मृतक मनोज का बोर्ड के माध्यम से पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों के हवाले कर दिया है। मामले में तथ्यों के आधार पर कार्रवाई जारी है। डीसीपी सैन्ट्रल ने बताया कि मामले की गंभीतर को देखते हुए एसीपी सेंट्रल के नेतृत्व में पूछताछ के लिए एसआईटी बनाई गई है। वहीं, मौके पर मौजूद चश्मदीद से आरोपियों की शिनाख्त करवाई जाएगी।

उधर, मनोज के भाई विक्की ने बताया कि अमन और मनदीप से उनका झगड़ा हुआ था। ऐसे में मनदीप और अमन चारों आरोपियों को पहचानते हैं। यह दोनों ही आरोपियों की शिनाख्त करेंगे।

### 50,000 की रंगदारी मांगने के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** कपड़ा कारोबारी से 50,000 रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में क्राईम ब्रांच सैन्ट्रल ने एक और आरोपी गिरफ्तार किया है।
पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अमित निवासी सुभाष कालोनी बल्लभगढ़ ने पुलिस चौकी अग्रसेन चौक में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसकी बल्लभगढ मार्केट में कपडा की दुकान है। 27 फरवरी को वह अपने भाई को दुकान पर छोडकर खुद शादी में चला गया था। जिसके बाद चन्दन व हर्ष नाम के लडके दुकान पर आए जिन्होंने कपडे फ्री में लेने के लिए उसके भाई की बात वरुण राणा से करवाई। जिसके बाद 17 मार्च को कुछ अन्य लडके उसकी दुकान पर आए व उसकी बात वरुण से करवाई जिसने उससे 50000 रुपए मांगे व न देने पर जान से मारने की धमकी दी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नदीम उर्फ बब्लू, पुत्रः मुन्वर रशीद, निवासीः गली नंबर–04, जाफराबाद, दिल्ली** ने **Fir No. 562/2021, U/s: 379/411/34 IPC, पुलिस थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **नदीम उर्फ बब्लू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नदीम उर्फ बब्लू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अभियुक्त **नदीम उर्फ बब्लू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.11.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री वैभव गर्ग
जेएमएफसी–11, केंद्रीय, कमरा नं. – 138,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/12652/N/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82(2)(ii) Cr. P.C./ 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रवि दत्त पुत्र** राय साहब **निवासीः** म.नं. 586, गली नं. 10, फेज-4, शिव विहार, दिल्ली ने **CC No. 272/19 U/s 138 NI Act थानाः भजनपुरा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रवि दत्त** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रवि दत्त** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 272/19 U/s 138 NI Act थानाः भजनपुरा, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रवि दत्त** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पंकज राय
जेएमएफसी-01, कमरा नं. 73
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/12033/NE/2025
(Court Matter)

# गुरुओं की शिक्षा को संजोए रखने के लिए कुरुक्षेत्र में बनेंगे म्यूजियम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

■ मुख्यमंत्री ने सोलर पैनल लगाने के निर्देश दिए

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरुओं की विरासत को संरक्षित करने तथा उनके जीवन दर्शन एवं आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कुरुक्षेत्र में बनने वाले सिख म्यूजियम तथा संत शिरोमणि गुरु रविदास म्यूजियम की डीपीआर जल्द तैयार की जाए। इन दोनों म्यूजियम से सम्बंधित कार्यों को तय समय सीमा में पूर्ण किया जाना भी सुनिश्चित किया जाए ताकि आने वाली पीढ़ियां गुरुओं की शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर देश व समाज को अपना योगदान दे सकें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी यहां कुरुक्षेत्र में बनने वाले सिख म्यूजियम व गुरु रविदास म्यूजियम को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि इन दोनों म्यूजियम की डीपीआर फाइनल करने के समय सोलर पैनल लगाने को ध्यान में रखा जाए। उन्होंने कहा कि गुरुओं की याद और शिक्षा को संजोए रखने के लिए कुरुक्षेत्र में 3 एकड़ भूमि पर सिख म्यूजियम का निर्माण किया जाएगा, जो युवाओं के मार्गदर्शन का काम करेगा।

### राव तुलाराम को दी श्रद्धांजलि



## ▶▶ मुख्यमंत्री ने सिख म्यूजियम और गुरु रविदास म्यूजियम को लेकर ली बैठक

### म्यूजियम को भव्य बनाया जाए

नायब सिंह सैनी ने संत शिरोमणि गुरु रविदास म्यूजियम के भव्य निर्माण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इस म्यूजियम को न केवल स्थापत्य की दृष्टि से भव्य बनाया जाए, बल्कि इसकी विषयवस्तु भी संत रविदास के जीवन दर्शन, आध्यात्मिक विचारों और सामाजिक समरसता के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने वाली होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख म्यूजियम के लिए तीन एकड़ तथा गुरु रविदास म्यूजियम के लिए पांच एकड़ भूमि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जा चुकी है। अब इन परियोजनाओं के निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने हेतु आवश्यक प्रक्रियाओं को प्राथमिकता दी जाए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, विरासत एवं पर्यटन विभाग प्रधान सचिव कला रामचंद्रन, व अन्य मौजूद रहे।

### सिख गुरुओं द्वारा धर्म की रक्षा, न्याय और मानवीय मूल्यों को दिखाया जाएगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुओं की शिक्षाओं पर चलते हुए आगे लेकर जाने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में सिख म्यूजियम का निर्माण इस प्रकार किया जाए कि वह सिख इतिहास, संस्कृति और गुरुओं के योगदान की सम्पूर्ण झलक प्रस्तुत करे। म्यूजियम में सिख गुरुओं द्वारा धर्म की रक्षा, न्याय और मानवीय मूल्यों की स्थापना हेतु ऐतिहासिक लड़ाइयों को भी यथार्थ रूप में दर्शाया जाए, ताकि बलिदान और संघर्ष की वह गाथा सदियों तक प्रेरणास्रोत बनी रहे।



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को अपने सरकारी निवास संत कबीर कुटीर में प्रदेश भर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं व उनका निदान किया।

## खबर संक्षेप

### तेजस्वी के घर महागठबंधन की बैठक

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर महागठबंधन में सीट शेयरिंग फॉर्मूला पर बातचीत चल रही है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के पटना स्थित सरकारी आवास 1, पोलो रोड पर महागठबंधन के शीर्ष नेताओं की मंगलवार को बैठक आयोजित की गई। इसमें आरजेडी के सांसद संजय यादव, सीपीआई से कुणाल, कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावारु, वीआईपी से नूरुल होदा सहित अन्य नेता शामिल रहे।



### बिल्डरों के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

रांची। झारखंड की राजधानी रांची में आज कई बिल्डरों के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की है। केंद्रीय जांच एजेंसी जमीन घोटाले को लेकर आज एक साथ कई इलाकों में कार्रवाई की। प्रवर्तन निदेशालय ने कांके, सुखदेव नगर (रातू रोड) और कडरू स्थित कई बिल्डरों के ठिकानों पर एक साथ छापा मारा है। हालांकि ईडी के हाथ क्या लगा है, फिलहाल इसका पता नहीं चला है।



### 26 सितंबर को जारी होगी पहली किस्त

# बिहार में 75 लाख महिलाओं के खाते में पीएम मोदी ट्रांसफर करेंगे 10-10 हजार

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 26 सितंबर को पहली किस्त जारी होने जा रही है। पीएम नरेंद्र मोदी इस कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़ेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुख्य अतिथि होंगे। इस दिन 75 लाख महिलाओं को 7.50 हजार करोड़ की राशि वितरित की जाएगी।

बिहार में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और स्वावलंबी बनाने के लिए एक महत्वाकांक्षी कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत प्रत्येक परिवार की एक पात्र महिला को स्वरोजगार मुहैया कराने के लिए 10 हजार रुपए की सहायता राशि मुहैया कराई जाएगी। योजना की विधिवत शुरुआत 26 सितंबर (शुक्रवार) को होने जा रही है। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑनलाइन जुडेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। इसमें सूबे की 75 लाख महिलाओं के बैंक खाते में 10-10 हजार रुपए की राशि डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) सीधे स्थानांतरण किए जाएंगे। इन महिलाओं के बीच साढ़े सात हजार करोड़ रुपए का वितरण किया जाएगा।

**खास बातें**

- कुल साढ़े सात हजार करोड़ रुपए का वितरण किया जाएगा
- कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा
- 1 करोड़ 11 लाख 66 हजार महिलाओं ने आवेदन किया है

### ग्राम संगठन स्तर पर इसे उत्सव के तौर पर मनाया जाएगा



इस कार्यक्रम को आयोजित करने को लेकर ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने इसे लेकर सभी जिलों के डीएम को पत्र जारी किया है। इसमें खासतौर से यह निर्देश दिया गया है कि इस मौके पर संकुल स्तरीय संघ ग्राम संगठन स्तर पर इसे उत्सव के तौर पर मनाया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर को उत्सव के तौर पर मनाने एवं जन-जन तक इसकी जानकारी पहुंचाने के साथ ही महिला समूहों एवं सामुदायिक संगठनों को जागरूक करने के उद्देश्य से राज्य मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा। ग्राम पंचायत स्तर पर भी इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जीविका स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के सदस्यों की सहभागिता होगी। योजना का लाभ लेने के लिए अब तक शहरी और ग्रामीण इलाकों की 1 करोड़ 11 लाख 66 हजार महिलाओं ने आवेदन किया है।

**कारोबार शुरू करने के लिए दिए जा रहे**

*इसकी मदद से अपना कोई कारोबार शुरू कर सकें। हर पात्र परिवार की एक महिला को यह राशि दी जानी है। पहली किस्त की राशि लेकर वे खेती, पशुपालन, हस्तशिल्प, सिलाई-बुनाई या छोटे-मोटे उद्यम शुरू कर सकती हैं। इसके बाद इन्हें 2 लाख रुपए सहायता करीब छह महीने बाद दी जाएगी, जिससे वे अपना व्यवसाय बढ़ा सकें।*

### सीएम आवास घेरने निकले युवा कांग्रेस पर लाठीचार्ज



एजेंसी ▶▶ पटना

पटना में युवा कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया है। अब से बस कुछ ही समय पहले युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के लिए सदाकत आश्रम से निकले हैं। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने राजापुर पुल पर रोका। उग्र कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग तोड़ दी। उसके बाद सड़क पर ही धरने पर बैठ गए हैं। प्रदर्शन का नेतृत्व युवा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब और प्रदेश अध्यक्ष गरीब दास कर रहे हैं।

बैरिकेडिंग तोड़ निकले कार्यकर्ताओं को पुलिस ने जबरन रोका। इन्हें तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठियां भी भाजी हैं। इस बीच कई कार्यकर्ता सड़क पर लेट गए। सड़क पर लेटे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने घसीटकर राइट कंट्रोल वाहन में बैठाया।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना

## बहराइच में 340 जोड़ों का होगा विवाह, 60 का पढ़ा जाएगा निकाह

एजेंसी ▶▶ बहराइच

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 28 सितंबर को 400 जोड़ों का विवाह कराया जाएगा। इस सरकारी शादी में 340 जोड़ों का हिंदू रिति-रिवाज तो 60 जोड़ों को मुस्लिम रीति के तहत निकाह पढ़ाया जाएगा। आयोजन तिथि पर अंतिम मुहर लगते ही समाज कल्याण विभाग तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगा है।

शहर के गेंद घर में होने वाले सामूहिक विवाह योजना में नए शासनादेश के तहत प्रति जोड़े पर एक लाख रूपये की धनराशि खर्च की जाएगी। पहले चरण में हो रहे 400 जोड़ों के इस विवाह के आयोजन में 4 करोड़ रूपये का बजट खर्च होगा। वधू के खाते मे



60 हजार रुपये की धनराशि भेजी जाएगी। जबकि 25 हजार रुपये में जेवर व उपहार तो 15 हजार रुपये खान-पान आदि पर खर्च होंगे।

जिलाधिकारी द्वारा आयोजन की तिथि 28 सितंबर निर्धारित किए जाने के बाद समाज कल्याण विभाग तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभाग को 738 जोड़ों का विवाह कराने का लक्ष्य आवंटित हुआ है।

### पूर्व विधायक समर्थकों के साथ नजरबंद

## सरकार के इशारे पर दमनात्मक कार्रवाई का लगाया आरोप

मुरादाबाद। पूर्व विधायक हाजी इकराम कुरैशी मंगलवार की सुबह बिजनौर जाने की तैयारी कर रहे थे। इस बीच पुलिस टीम ने पूर्व विधायक को समर्थकों के साथ उनके घर में नजरबंद कर दिया। पूर्व विधायक का कहना था कि वह तेंदुए के हमले में मारे गए लोगों के परिजनों की व्यथा सुनने जा रहे थे। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बिजनौर में तेंदुए के हमलों में मारे गए मासूम बच्चों और महिलाओं के परिजनों से मुलाकात करने के लिए पूर्व विधायक हाजी इकराम कुरैशी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल भेजने का निर्णय लिया था।

## पेज एक का शेष

### आश्रित ट्रांसजेंडर बच्चे...

अब उम्र की परवाह किए बिना चिकित्सा लाभ प्राप्त कर सकेंगे। केंद्र सरकार ने हाल ही में एक सर्कुलर जारी करके इस बात की जानकारी दी है। यह निर्णय ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 के प्रावधानों के अनुरूप है। हाल ही में जारी एक सरकारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि ट्रांसजेंडर बच्चे या भाई-बहन पूरी तरह से आर्थिक रूप से आश्रित होने चाहिए, जिसकी परिभाषा और आय सीमा स्वास्थ्य मंत्रालय की 2016 की अधिसूचना में पहले ही निर्धारित की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त, उनके पास ट्रांसजेंडर व्यक्तियों (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 के तहत मान्य, जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी प्रमाण पत्र होना चाहिए। सरकार ने इस वर्ष सीजीएचएएस पोर्टल और मोबाइल एप को और बेहतर बनाया, जिससे लाभार्थी आसानी से अस्पतालों की लिस्ट, दवाओं की उपलब्धता और अपने मेडिकल बिलों की स्थिति देख सकें। सरकार ने 2025 में रिटायर्ड कर्मचारियों और उनके परिवारों को राहत प्रदान करते हुए, कैशलेस उपचार को और अधिक अस्पतालों तक विस्तारित किया। दवा आपूर्ति से संबंधित शिकायतों को कम करने के लिए, मंत्रालय ने आपूर्ति श्रृंखला पर ध्यान केंद्रित किया है। 2025 में दवा भंडार की रीयल-टाइम निगरानी शुरू की गई।

### एच1बी वीजा तनाव...

सत्र से इतर हुई। जिसे लेकर डॉ.जयशंकर ने एक्स पर मार्को रुबियो के साथ मुस्कुराते हुए हाथ मिलाते हुए अपनी एक तस्वीर पोस्ट की है। उन्होंने लिखा, '22 सितंबर की सुबह न्यूयॉर्क में विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मिलकर अच्छा लगा। हमारी वार्ता में वर्तमान चिंता के कई द्विपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई। प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में प्रगति के लिए निरंतर सहयोग के महत्व पर हम दोनों ने सहमति जताई है। साथ ही मैं और मेरे अमेरिकी समकक्ष भविष्य में भी एक-दूसरे से संपर्क में बने रहने के लिए तैयार हैं'। वहीं, 'रुबियो ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में बताया, 'जयशंकर के साथ द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा की। जिनमें व्यापार, ऊर्जा, दवाइयां, खनिज समेत कई अन्य मुद्दे शामिल हैं। जिससे दोनों देशों के लिए समृद्धि सुनिश्चित की जा सके'।

**50 फीसदी टैरिफ, चाबहार प्रतिबंध से जूझता भारत :** ज्ञात हो कि अमेरिका के साथ वर्तमान में भारत के संबंधों में तनाव का केवल एच1बी वीजा ही अकेला कारण नहीं है। बल्कि इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूस से जारी तेल खरीद को लेकर भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया जा चुका है। जिसका 25 फीसदी भाग जुर्माने से जुड़ा हुआ है। इसके तुरंत बाद मध्य-एशिया में देश के रणनीतिक-व्यापारिक हितों पर गहरी चोट करते हुए अमेरिका ने ईरान स्थित चाबहार बंदरगाह को लेकर प्रतिबंध लगा दिए। इस पूरे घटनाक्रम के बीच अब सबकी निगाहें आगामी आसियान शिखर सम्मेलन पर टिकी हुई हैं। जिसमें अमेरिका के राष्ट्रपति और भारत के प्रधानमंत्री की द्विपक्षीय मुलाकात हो सकती है। ट्रंप ने बीते समय में की गई अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में पीएम मोदी को अपना अच्छा मित्र और करीबी बताते हुए उनसे मुलाकात की इच्छा भी जताई है। भारतीय प्रधानमंत्री ने अमेरिका के राष्ट्रपति के उक्त विचार को स्वीकार किया है।

**अमेरिका ने सराही भारत की भागीदारी :** अमेरिका के विदेश विभाग के मुताबिक, डॉ.जयशंकर के साथ बैठक के दौरान विदेश मंत्री रुबियो ने दोहराते हुए अमेरिका के साथ भारत के संबंधों की अहमियत को मुख्य रूप से रेखांकित किया। साथ ही भारत की सरकार की अमेरिका के साथ बनी हुई निरंतर भागीदारी की भी उन्होंने सराहना की। जिसमें मुख्य रूप से व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, खनिजों, औषधियों और आपसी संबंधों से जुड़े हुए मुद्दे शामिल हैं।

### रूस से तेल खरीदकर...

अमेरिका उस पर कड़े टैरिफ़ लगाने के लिए पूरी तरह तैयार है। मेरा मानना है कि इससे रक्तपात बहुत जल्दी रुक जाएगा। इन टैरिफ्स के प्रभावी होने के लिए यूरोपीय देशों को हमारे साथ मिलकर ठीक यही उपाय अपनाने होंगे। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था सबसे मजबूत है। हमारी सीमाएं सबसे मजबूत हैं। सेना सबसे मजबूत है और दोस्ती मजबूत है। ट्रंप ने कहा कि यह अमेरिका स्वर्णिम युग है। उन्होंने कहा कि अमेरिका व्यापार करने के लिए पृथ्वी पर सबसे अच्छा देश है। अमेरिका को पहले की तरह फिर से सम्मान मिल रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने भाषण शुरू किया तो टेलीप्रॉम्पटर खराब हो गया।

**लोग चाहते हैं मुझे नोबेल शांति पुरस्कार मिले :** ट्रंप ने कहा कि हर कोई कहता है कि मुझे युद्ध विराम की उपलब्धियों के लिए नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए। लेकिन मेरे लिए असली पुरस्कार वे बेटे और बेटियां होंगे जो अपने माता-पिता के साथ बड़े होंगे क्योंकि लाखों लोग अब अंतहीन और अपमानजनक युद्धों में नहीं मारे जा रहे हैं। मुझे पुरस्कार जीतने की नहीं, बल्कि जान बचाने की परवाह है। हमने सात युद्धों में लाखों लोगों की जान बचाई। और हमारे पास और भी हैं जिन पर हम काम कर रहे हैं।

### सात महीने में सात...

शब्दों से युद्ध हल नहीं होते। संयुक्त राष्ट्र को युद्धों को समाप्त करने पर ध्यान देना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र हमारे लिए नहीं है। अगर सदस्य देश इसका प्रभावी ढंग से उपयोग करने को तैयार हों, तो इस संगठन में काफी ताकत है।

### यूरोप गंभीर संकट...

कहा कि 2024 में जर्मन जेलों में लगभग 50 फीसदी कैदी विदेशी नागरिक या प्रवासी थे, जबकि स्विट्जरलैंड में यह आंकड़ा 72% है। जब जेलें शरणार्थियों से भरी हों तो खुली सीमाओं के असफल प्रयोग को समाप्त करने का समय आ गया है। ट्रंप ने चेतावनी दी कि यूरोप गंभीर संकट का सामना कर रहा है। महाद्वीप पर अवैध विदेशियों की ऐसी सेना ने आक्रमण किया है जैसा दुनिया ने पहले कभी नहीं देखा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका में जहरीली दवाओं की तस्करी करने वाले प्रत्येक तस्कर को चेतावनी दे रहा हूं। हम आपको नष्ट कर देंगे। ट्रंप ने जलवायु परिवर्तन को इतिहास की सबसे बड़ी धोखाधड़ी कहा। उन्होंने कहा कि अमेरिका पर कार्बन उत्सर्जन में कटौती का दबाव है, वहीं दूसरे देश प्रदूषण के हर नियम को तोड़ रहे हैं। अमेरिका को वैश्विक जलवायु नीतियों का बोझ नहीं उठाना चाहिए, जबकि उसके प्रतिस्पर्धी देश प्रदूषण कर रहे हैं।

### मोहनलाल को दादा ...

समय में 400 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। उनका अभिनय रेंज कॉमेडी से लेकर थ्रिलर और गंभीर किरदारों तक फैला हुआ है। वह न केवल मलयालम फिल्मों में, बल्कि तमिल, तेलुगु और हिंदी फिल्मों में भी अपने अभिनय का जादू दिखा चुके हैं। नेशनल अवॉर्ड जीतने से आपका सम्मान तो बढ़ता है। साथ ही एक मेडल, एक सर्टिफिकेट और 2 लाख रुपए की इनामी राशि भी मिलती है। शाहरुख खान ने बेस्ट एक्टर इन लीडिंग रोल कैटेगरी में अवॉर्ड जीता है। हालांकि उन्हें 2 लाख के बजाए एक लाख रुपए इनाम के तौर पर मिलेंगे। विक्रांत और शाहरुख, बेस्ट एक्टर के नेशनल अवॉर्ड को शेयर कर रहे हैं।

### क्या थर्रा गया समाजवादी पार्टी का यह मजबूत 'किला'?



लखनऊ। 23 महीने से जेल में बंद एसपी नेता आजम खान अब बाहर आ गए हैं। आजम खान जेल से बाहर आते ही अपने पुराने रंग में लौट आए हैं। रामपुर पहुंचते ही आजम खान ने अपने समर्थकों से कहा, 'मैं कहा करता था जिंदा आएंगे तो गाजी होंगे और अगर जनाजा आएगा तो शहीद कहलाएंगे। आप सब के बीच में मैं जिंदा आ गया हूं।' उत्तर प्रदेश की राजनीति में बीते कुछ दिनों से एक बड़ा सियासी ड्रामा देखने को मिल रहा है। समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान को लेकर जो तरह-तरह की बातें चल रही थीं। वह मंगलवार को सही साबित हुआ। एसपी के किसी बड़े नेता ने आजम खान के काफिले में नजर नहीं आए। हालांकि, एसपी सुप्रीमो और राज्य के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने आजम खान को लेकर घुमावदार बातें जरूर की। वहीं शिवपाल यादव ने कहा कि आजम खान सच्चे समाजवादी हैं वह कभी पार्टी नहीं छोड़ेंगे। गौरतलब है कि आजम खान की रिहाई ने न सिर्फ रामपुर, बल्कि पूरे प्रदेश की सियासत में भूचाल ला दिया है। जेल से बाहर आते ही आजम खान अपने पुराने, बेबाक और आक्रामक अंदाज में लौट आए हैं। उन्होंने अपने समर्थकों से कहा, 'मैं कहा करता था कि जिंदा आएंगे तो गाजी होंगे और जनाजा आएगा तो शहीद कहलाएंगे। आप सब के बीच में मैं जिंदा आ गया हूं।

### अधिकारियों ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की

# मुख्यमंत्री के आदेश के बाद भी लाखों बच्चों को नहीं मिल रहा पौष्टिक आहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

देश इस समय पोषण पखवाड़ा मना रहा है। सरकारी भवनों से लेकर गांव-कस्बों तक रंग-बिरंगे बैनर, नारे के साथ जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। यूपी के सीएम योगी ने अदालत के आदेश के बाद बच्चों को पौष्टिक अहार तत्काल दिए जाने के आदेश दिए हैं, लेकिन सीएम के आदेश के बाद भी अधिकारियों ने हर जगह पौष्टिक आहार देने का काम शुरू नहीं किया है।

### उच्च न्यायालय का आदेश और विभागीय लापरवाही



उच्च न्यायालय, लखनऊ खंडपीठ ने एक अगस्त 2025 को अपने आदेश में साफ कहा था कि योजना के अंतर्गत ड्राई राशन का वितरण पूरी तरह अवैध है और इसे तत्काल बंद किया जाए। न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया कि एनएसएफए 2013 की धारा 4 और 5 तथा अनुसूची-II का पालन करते हुए केवल रेसिपी आधारित फोर्टिफाइड ही पात्र लाभार्थियों को दिया जाए। मुख्यमंत्री स्वयं निर्देश दे चुके हैं कि यह मामला कैबिनेट में रखा जाए और एनएएफइडी, केन्द्रीय भंडार एवं हृष्टष्टस्न का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया जाए। इसके बावजूद, विभागीय अधिकारियों ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।

### उत्तर प्रदेश में कुपोषण स्थिति

सरकारी आँकड़े खुद इस लापरवाही की पोल खोलते हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार प्रदेश में हर तीन में से एक बच्चा की लंबाई उम्र के हिसाब से कम है। 17 प्रतिशत बच्चे गंभीर रूप से दुबले और कमजोर हैं। 33 फीसदी बच्चे अंडरवेट हैं। गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं में 50 प्रतिशत से अधिक एनीमिया से पीड़ित हैं।

### हाईकोर्ट का आदेश आते ही हटने लगे जाति लिखे बोर्ड

# 22 भेजे जेल, सांसद चंद्रशेखर ने लिखी लंबी पोस्ट

एजेंसी ▶▶ मेरठ

**मिहिर भोज विवाद**

मेरठ में सरधना विधानसभा क्षेत्र के गांव कपसाड़ और सलावा में लगाए गए सम्राट मिहिर भोज द्वार को लेकर चल रहे विवाद ने फिर से तूल पकड़ लिया। हाईकोर्ट और राज्य सरकार के आदेश जारी होते ही मंगलवार को जाति लिखे बोर्ड शहर और देहात के विभिन्न हिस्सों से हटाए जाने लगे। प्रशासन ने तुरंत कदम उठाते हुए सुरक्षा बल तैनात किए और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के प्रयास शुरू कर दिए।

प्रशासन ने चेतावनी दी कि यदि कोई भी बोर्ड दोबारा लगाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस पहल से स्पष्ट संदेश गया कि अब जातिगत भेदभाव को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों पर कोई भी समझौता नहीं होगा। दादरी, शाहपुर जदीद और कई अन्य गांवों से बोर्ड हटाए जाने लगे। प्रशासन ने हर कार्रवाई में आदेश और कानून का हवाला देकर लोगों को सतर्क किया।

### जाति बोर्ड का विवाद और पुलिस की लापरवाही




मेरठ के गांवों में जाति लिखे स्वागत बोर्ड एक आम प्रथा बन चुके थे। इन बोर्डों ने महापुरुषों की जाति दर्शाने के नाम पर विवाद पैदा किया। प्रारंभिक दौर में प्रशासन की लापरवाही ने स्थिति को और जटिल बना दिया। दादरी गांव का मामला इसका प्रमुख उदाहरण है, जहां विवाद बढ़ने से पहले कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। अब आदेश के बाद प्रशासन ने सक्रियता दिखाई है और सभी विवादित बोर्ड हटाए जा रहे हैं, ताकि किसी भी तरह के विवाद से पहले ही निपटा जा सके।



## मस्ती 4 में इस बार होगा विवेक-रितेश आफताब के साथ चार गुना धमाका

**मुंबई।** 'मस्ती 4' के निर्माताओं ने मंगलवार को बहुप्रतीक्षित कॉमेडी फिल्म का टीजर रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया है। इस बार पहले से भी ज्यादा पागलपन, मस्ती और दोस्ती देखने को मिलेगी। पोस्ट के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'पहले की थी मस्ती, फिर हुई ग्रैंड मस्ती, फिर ग्रेट ग्रैंड मस्ती, अब होगी मस्ती 4। इस बार चार गुना शैतानी, 4x दोस्ती और 4x कॉमेडी धमाका। अब केवल आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 21 नवंबर को रिलीज हो रही है।' 'मस्ती' पहली बार 2004 में रिलीज हुई थी। इंद्र कुमार के निर्देशन में बनी इस कॉमेडी फिल्म में अजय देवगन, विवेक ओबेरॉय, रितेश देशमुख, आफताब शिवदासानी, लारा दत्ता, अमृता राव, तारा शर्मा और जेनेलिया ने अभिनय किया था।

लाइफ Style

# दीपिका

## 9 साल बाद विन संग करेंगी हॉलीवुड फिल्म

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ऐसा लग रहा है कि दीपिका पादुकोण के 'कल्कि 2898 एडी 2' से बाहर होते ही जैकपॉट हाथ लगा है। लेटेस्ट रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका को हॉलीवुड फिल्म मिलने की खबर है। माना जा रहा है कि दीपिका की ये अगली हॉलीवुड फिल्म विन डीज़ल के साथ हो सकती है।

हाल ही में खबर आई थी कि दीपिका पादुकोण की बढ़ती डिमांड के चलते उन्हें प्रभास की फिल्म 'स्पिरिट' से संदीप रेड्डी वांगा ने बाहर कर दिया था। इस खबर ने हर सुनने वालों को काफी हैरान किया था। अब पिछले दिनों दीपिका के 'कल्कि 2898 एडी' से बाहर होने की खबर ने भी सबको हक्का-बक्का कर दिया। ये खबर प्रोडक्शन हाउस ने खुद शेयर की थी। अब कहा जा रहा है कि इन फिल्मों से आउट हो चुकीं दीपिका को बड़ी हॉलीवुड फिल्म हाथ लगी है। माना जा रहा है कि दीपिका हॉलीवुड में करीब 9 साल बाद वापसी करने जा रही हैं। चर्चा है कि वो विन डीज़ल के साथ 'एक्सएक्सएक्स' फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म कर सकती हैं। दरअसल, हॉलीवुड स्टार विन डीज़ल ने खुद इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है जिसे देखकर फैन्स मान रहे हैं कि इसमें दीपिका होगीं। विन डिज़ल ने इस पोस्ट में एक्सएक्सएक्स के नए पार्ट का जिक्र किया। इसी के साथ ऐसा इशारा है कि इस बार फिल्म की शूटिंग मुंबई में हो सकती है। उन्होंने पोस्ट में लिखा है, 'शेयर करने के लिए बहुत कुछ है,ऐसी आइकॉनिक कहानियां जो किसी गहरे एहसास से जुड़ी हैं।



## हॉलीवुड मसाला



## जिमी किमेल कर रहे वापसी

**लॉस एंजिल्स।** बीते दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी चार्ली किर्क की मौत के बाद चर्चित कॉमेडियन जिमी किमेल लाइव शो को अचानक बंद कर दिया गया था। हालांकि, ये फैसला एबीसी नेटवर्क ने लिया था, क्योंकि जिमी किमेल ने चार्ली किर्क के संदिग्ध हत्यारे को लेकर विवादित बयान दिया था। इस खबर ने सभी को हैरान कर दिया था। अब मनोरंजन जगत से एक बड़ी खबर आई कि जिमी का शो फिर से शुरू हो रहा है और वो वापसी कर रहे हैं।



## मौन साधना के लिए आना चाहती हैं भारत

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेनिफर एनिस्टन ने एक खास बातचीत में बताया कि वो चाहती हैं कि उनकी अगली भारत यात्रा आध्यात्मिकता पर फोकस हो। वो भारत में एक मौन साधना में भाग लेना चाहती हैं। साथ ही मेडिटेशन के एक्सपीरियंस की भी इच्छा जताई है। दुनियाभर में पॉपुलर सीरीज 'फ्रेंड्स' में रेचल ग्रीन का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस जेनिफर एनिस्टन चर्चा में हैं। उन्होंने खुलासा किया है कि वो इस बार स्प्रिचुअल एक्सपीरियंस के लिए भारत आना चाहती हैं। भारत में उनकी अगली जर्नी मेडिटेशन और मौन साधना को लेकर हो सकती है। जेनिफर एनिस्टन ने ये सारी बात, साथी कलाकार रीज विदरस्पून के साथ भारत से जुड़े अपने अनुभवों पर चर्चा करते हुए की। जेनिफर और रीज एक बार फिर 'द मॉर्निंग शो' के चौथे सीजन में लीड रोल में नजर आ रही हैं।



## रूमर्ड बॉयफ्रेंड राज के साथ आईं नजर


**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु काफी वक्त से अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड राज निदिमोरु के साथ रिश्ते को लेकर चर्चा में हैं। हालांकि, दोनों में से किसी ने अपने रिश्ते के बारे में कुछ नहीं कहा है। हाल ही में सामंथा को मुंबई के बांद्रा में मौजूद एक जिम में देखा गया। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में देखा जा सकता है कि उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड राज निदिमोरु पहले निकलते हुए दिखाई दिए। कुछ देर बाद अभिनेत्री बाहर निकलती हुई दिखाई दीं। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। अभिनेत्री का नाम निर्देशक राज निदिमोरु के साथ जोड़ा जा रहा है। सामंथा ने उनके साथ कई फिल्मों में काम किया है। हाल ही में सामंथा ने दुबई से एक तस्वीर शेयर की थी। इस तस्वीर में उन्होंने एक शख्स का हाथ पकड़ा था।



## एआई से तैयार वीडियो पर जताई नाराजगी

**मुंबई।** अक्षय कुमार इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' को मिल रही प्रशंसा से उत्साहित हैं। इस बीच अब अभिनेता ने एआई से बनाई गई उनकी एक वीडियो पर नाराजगी जताई है। साथ ही इसको लेकर स्पष्टीकरण जारी करते हुए इस तरह की खबरों का खंडन करने की बात कही है। दरअसल, एक वीडियो में अक्षय को महर्षि वाल्मीकि की भूमिका में दिखाया गया है। अब अभिनेता ने सोशल मीडिया पर इन दावों का खंडन किया और इस तरह की छेड़छाड़ की गई सामग्री के तेजी से फैलते प्रसार पर चिंता व्यक्त की। अक्षय ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर इस मामले पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने लिखा, मुझे हाल ही में एक फिल्म के ट्रेलर के कुछ एआई-जनरेटेड वीडियो मिले हैं।

## टीवी मसाला



## तान्या बनीं रानी तो अमाल ने खिलाया अपने हाथों से खाना

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' अपने धमाकेदार एपिसोड और कंटेस्टेंट्स की शानदार लाइन-अप से दर्शकों का दिल जीत रहा है। नया एपिसोड भी कुछ अलग नहीं रहा, क्योंकि इसमें कई मजेदार पल दिखाए गए। सबसे बड़ी चीजों में से एक, जिसने सबका ध्यान खींचा, वह था जब अमाल मलिक ने अवेज दरबार पर नकली फॉलोअर्स होने का आरोप लगाया। इसके बाद काफी कहा सुनी हुई। अब नए एपिसोड का प्रोमो भी आ गया है। साथी घरवालों के साथ बातचीत में, अमाल ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि अवेज के असली फॉलोअर्स हैं। मुझे लगता है कि 30 मिलियन में से 25 मिलियन फेक हैं क्योंकि मैंने देखा है कि उनका ट्रैक्शन कितना ज्यादा है। मैं उन्हें अपने गानों के प्रचार के लिए पैसे देता हूं और इसीलिए वह अब तक मुझसे नहीं लड़ रहे थे और अगर वह असली मर्द हैं, तो मेरे गानों का इस्तेमाल नहीं करेंगे।' इस बात को लेकर सोशल मीडिया पर भी बहस छिड़ गई है। शो के नए प्रोमो में तान्या मित्तल और अमाल मलिक घर के राजा-रानी बने हैं और शहबाज उन्हें पंखा हिलाकर हवा दे रहे हैं। जीशान ने भी तान्या को पानी पिलाया। प्रोमो में शहबाज तान्या को खाने की प्लेट दे रहे हैं। अमाल आकर अपने हाथों से खाना खिलाते हैं। शहबाज खड़े होकर पंखा हिलाते हैं। जीशान आकर उन्हें पानी पिलाते हैं। उन्हें शहबाज महाराजा के पिता कहते हैं। दूसरे प्रोमो में प्रणित अलग ही मूड में नजर आ रहे हैं। उनकी अमाल से लड़ाई हो जाती है।

### जया के सवाल से बिग बी की बोलती हो गई थी बंद

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन का शो 'कौन बनेगा करोड़पति' का 17वां सीजन भी दर्शकों का दिल जीत रहा है। हाल ही में सामने आए एक प्रोमो में लेटेस्ट एपिसोड की कुछ झलकियां नजर आ रही हैं। इनमें बिग बी ने बताया कि कैसे शो में जया के आते ही उनकी बोलती बंद हो गई थी। प्रोमो में शो में बतौर कंटेस्टेंट पल्लवी हॉट सीट पर नजर आ रही हैं। बिग बी से उन्होंने अपनी बेटियों को बुलाने की बात कही. पल्लवी की बेटियां से अमिताभ ने बात भी। इस दौरान बिग बी पल्लवी की छोटी बेटी के ट्रेडिशनल आउटफिट और मोगरे के गजरे को देखकर खुश हो जाते हैं और बताते हैं कि उनकी पत्नी जया को भी गजरा पहनना बहुत पसंद है। शो के दौरान पल्लवी कहती हैं कि जब आप सामने होते हो तो हर कंटेस्टेंट्स अपने जवाब भूल जाता है और वह सही जवाब नहीं दे पाता। ये सुनते ही अमिताभ जया से जुड़ा किस्सा शेयर करते हैं और कहते हैं कि जो लोग शो देखते हैं, उन्हें पता है कि एक बार जया बच्चन होस्ट बनी थी और मैं कंटेस्टेंट् उस वक्त मेरी भी हालत बहुत खराब हो गई थी।



## इन बॉलीवुड फिल्मों में दिखता है सांकेतिक भाषा का महत्व

*नई दिल्ली। भाषा केवल शब्दों तक सीमित नहीं होती, बल्कि संकेत भी उतने ही शक्तिशाली माध्यम हैं। यह उन लोगों के लिए वरदान है, जो सुनने-बोलने में सक्षम नहीं होते हैं। सिनेमाई दुनिया में ऐसी फिल्में बनी हैं, जिनमें इन संवेदनशील मुद्दों को दिखाया गया है।*

**कोशिश** : गुलजार के निर्देशन में साल 1972 में एक फिल्म आई 'कोशिश'। इस फिल्म में संजीव कुमार और जया भादुड़ी मुख्य भूमिका में थे। यह फिल्म एक मूक-बधिर जोड़े के संघर्षों पर आधारित है, जिसमें दिखाया जाता है कि वो संकेतों के जरिए बात करके अपना जीवनयापन करते हैं। यह फिल्म थी, जिसने शारीरिक विकलांगता को पर्दे पर दिखाने का काम किया था।

**खामोशी-द म्यूजिकल** : संजय लीला भंसाली के निर्देशन में साल 1996 में 'खामोशी द म्यूजिकल' फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सलमान खान, मनीषा कोइराला, नाना पाटेकर जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में थे। फिल्म की कहानी में एक बधिर दंपती जोसेफ और फ्लेवी ब्रगेंजा हैं। उनकी एक बच्ची है एनी, जो नॉर्मल है। इस फिल्म में भी सांकेतिक भाषा का प्रयोग दिखता है।



**इकबाल** : नागेश कुकनूर द्वारा निर्देशित फिल्म इकबाल साल 2005 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी एक क्रिकेट खेलने वाले मूक-बधिर इकबाल की है, जिसके संघर्ष और जुनून की कहानी को दिखाया गया है। इसमें श्रेयस तलपड़े ने मुख्य भूमिका निभाई है। इस फिल्म को दो राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुके है।

**बर्फी** : रणबीर कपूर और प्रियंका चोपड़ा अभिनीत 'बर्फी' 2012 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में बर्फी नाम के लड़के की कहानी दिखाई गई है, जो मूक और बधिर है। एक दिन उसे श्रुति नाम की लड़की से प्यार हो जाता है। इसके बाद दोनों सांकेतिक भाषा में बात करते हैं और दोनों के बीच में प्यार गहरा हो जाता है। यह फिल्म दर्शकों को लुभाने का काम करती है।

## अधीरा में आमने-सामने होंगे कल्याण और सूर्या

*मुंबई। शरण कोप्पिसेट्टी के निर्देशन में बन रही अपकमिंग तेलुगु फिल्म 'अधीरा' के निर्माताओं ने इसका पहला लुक जारी किया है। इसमें कल्याण दसारी और एसजे सूर्या को दिखाया गया है। पहला पोस्टर दर्शकों को रोमांचित कर रहा है। यह फिल्म आरकेडी स्टूडियोज के बैनर तले बन रही है। इसे आरके दुग्गल ने प्रस्तुत किया है और रिवाज रमेश दुग्गल इसके निर्माता हैं। पोस्टर में एक विशाल ज्वालामुखी फटता हुआ दिखाई दे रहा है, जिससे आसमान में आग फैल रही है। इस अफरा-तफरी के बीच एसजे सूर्या बदले हुए नजर आ रहे हैं। उनके आदिवासी कवच उन्हें बैल जैसे सींगों वाले एक राक्षस जैसा दिखा रहे हैं। उनके सामने कल्याण दसारी निडरता से घुटनों के बल बैठे हैं। उनकी आंखें खौफनाक लग रही हैं। उन्होंने खास तरह का वैज्ञानिक सूट पहना है। यह फिल्म कल्याण दसारी के अभिनय कॅरियर की शुरुआत है। उन्होंने अपकमिंग फिल्म 'दे कॉल हिम ओजी' का निर्माण किया है। '*



### मनपसंद सॉन्ग सुनने को मिल जाए तो दिल हो जाता है खुश

## वो कर्णप्रिय धुन, जिस पर पांच संगीतकारों ने बनाए ये गाने

*नई दिल्ली। बॉलीवुड सॉन्ग दिल को सुकून देते हैं। आप कितने भी तनाव में हों, अगर कोई मनपसंद सॉन्ग सुनने को मिल जाए तो दिल खुश हो जाता है। टेंशन छू मंतर हो जाता है। वैसे तो हर फिल्म के गाने और उनकी धुन अलग होती है, लेकिन बॉलीवुड में एक धुन ऐसी है, जिस पर 10 गाने बने। इन गानों को लोगों ने बहुत पसंद किया। इन गानों को आपने जरूर सुना होगा।*

### ठंडी हवाएं, लहराके आएं

1951 में आई फिल्म नौजवान संगीतकार एसडी बर्मन ने म्यूजिक दिया था। इस फिल्म की एक धुन पर 11 गाने बनाए गए। गाने के बोल थे : 'ठंडी हवाएं, लहराके आएं..'. गाने के आवाज दी थी लता मंगेशकर ने। फिल्म का डायरेक्शन महेश कौल ने किया था। फिल्म में प्रेमनाथ, नलिनी जयवंत, यशोधरा काटजू, कमल मेहरा, जेब कुरैशी, एसएन बनर्जी नजर आए थे। फिल्म का म्यूजिक एसडी बर्मन ने दिया था। गीतकार साहिर लुधियानवी थे। इस धुन से प्रेरित होकर दूसरे संगीतकारों ने भी गाने बनाए। फिर चाहे वो संगीतकार रोशन हों या राम लक्ष्मण, या मदन मोह. एसडी बर्मन के बेटे आरडी बर्मन ने तो चार बार इस धुन का इस्तेमाल अलग-अलग फिल्मों में किया।. इसका खुलासा भी आरडी बर्मन ने ही अपने एक इंटरव्यू में किया था।





### नगमा हमारा गाएगा ये जमाना

पांचवीं बार यही धुन 1976 में आई फिल्म 'बंडलबाज' में सुनने को मिली थी। गाने को आवाज रफी-लता ने दी थी। गीत के बोल थे : नगमा हमारा गाएगा ये जमाना। फिल्म के डायरेक्टर शम्मी कपूर थे। म्यूजिक आरडी बर्मन ने दिया था। एक तरह से आरडी बर्मन ने अपने पिता की धुन में थोड़ा बहुत बदलाव करके नया गाना बना दिया। राजेश खन्ना, शम्मी कपूर और सुलक्षणा पंडित फिल्म में नजर आए थे। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर उतनी सफल नहीं रही थी।

### रहें ना रहें हम महका करेंगे बनके कली...

1966 में संगीतकार रोशन ने एक फिर से इस धुन का इस्तेमाल अपनी एक और फिल्म में किया। फिल्म थी : ममता. गाने के बोल थे : 'रहें ना रहें हम, महका करेंगे, बनके कली...' । असित सेन ने फिल्म को डायरेक्ट किया था। सुचित्रा सेन, धर्मेंद्र और अशोक कुमार इस फिल्म में अहम भूमिकाओं में थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत सफल रही थी। यह गाना फिल्म में दो बार रखा गया था। एक बार लता मंगेशकर की आवाज में सोलो सॉन्ग और दूसरी बार मोहम्मद रफी-सुमन कल्याणपुर का ड्यूट सॉन्ग। यह चौथा मौका था जब एक ही धुन पर कोई गाना बना।

### तेरा दिल कहां है, सब कुछ यहां है...

1954 में 'चांदनी चौक' में इस धुन का इस्तेमाल करके फिर से एक गाना बनाया गया। 'चांदनी चौक' का डायरेक्शन बीआर चोपड़ा ने किया था। फिल्म में मीना कुमारी लीड रोल में थी। म्यूजिक रोशन ने दिया था। उन्होंने एसडी बर्मन की धुन में थोड़ा सा फेरबदल करके म्यूजिक कंपोज किया। गाने को आवाज आशा भोसले ने दी थी। गाने के बोल थे : 'तेरा दिल कहां है, सब कुछ यहां है।' इस गाने की शुरुआती धुन 'ठंडी हवाएं, लहराके आएं...' से ही प्रेरित थी।

### यही है तमन्ना, तेरे घर के सामने

तीसरी बार इसी धुन पर एक सॉन्ग 1964 में आई फिल्म 'आपकी परछाइयां' में सुनाई दी। फिल्म में धर्मेंद्र, शशिकला, ओम प्रकाश और सुप्रिया चौधरी नजर आए थे। मोहन कुमार ने फिल्म का डायरेक्शन किया था। म्यूजिक मदन मोहन ने दिया था। इस फिल्म का एक गाना 'यही है तमन्ना, तेरे घर के सामने, मेरी जान जाए, मेरी जान जाए....' नौजवान मूवी के सॉन्ग से ही प्रेरित था। इस गाने को आवाज मोहम्मद रफी ने दी थी।

# रक्षा मंत्री ने मोरक्को में किया टीएएसएल के रक्षा विनिर्माण केंद्र का उद्घाटन



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

वैश्विक चुनौतियों के बीच अपनी दो दिवसीय यात्रा के दूसरे और अंतिम दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को मोरक्को के रक्षा मंत्री अब्देलतीफ लोदी के साथ बेरेकिड में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) के एक अत्याधुनिक रक्षा विनिर्माण केंद्र का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत के लिए आत्मनिर्भरता का अर्थ अलगाव नहीं है। बल्कि हमारा लक्ष्य इसके तहत रणनीतिक स्वायत्तता विकसित करना है। हम ऐसी क्षमताएं विकसित करना चाहते हैं। जो हमें अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ जुड़ाव बनाए रखते हुए स्वतंत्र रूप से अपने देश की रक्षा करने में सक्षम बनाएं। राजनाथ ने जोर देते हुए कहा कि हम मेक इन इंडिया के साथ-साथ मेक विद फ्रेंड्स और मेक फॉर द वर्ल्ड को भी आगे बढ़ा रहे हैं। मोरक्को में ये केंद्र उस दृष्टिकोण का एक बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत करता है। साथ ही ये भारत-मोरक्को के बीच विकसित हो रही रणनीतिक साझेदारी के लिए भी एक ऐतिहासिक क्षण है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है।

**अफ्रीका में स्थापित किया गया किसी भारतीय निजी कंपनी का यह पहला संयंत्र है**

## संयंत्र की खूबियां

कुल 20 हजार वर्ग मीटर में फैला हुआ यह केंद्र मोरक्को का सबसे बड़ा रक्षा विनिर्माण सुविधा केंद्र है। जिसे अफ्रीका में किसी निजी भारतीय कंपनी द्वारा पहली बार स्थापित किया गया है। अपनी तय समय सीमा से पहले ही ये परिचालनगत हो गया है और इसमें उत्पादन का भी आगाज हो गया है। यहां स्वदेशी रूप से विकसित व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफॉर्म (डब्ल्यूएचएपी) 8x8 का उत्पादन किया जाएगा। जिसे टीएएसएल और भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने संयुक्त रूप से डिजाइन किया है। मोरक्को सरकार के साथ हुए समझौते के तहत टीएएसएल, रॉयल मोरक्को सेना को उक्त प्लेटफॉर्म सौंपेगी। जिसकी शुरुआत अगले महीने से हो जाएगी। प्लेटफार्म में पैदल सेना लड़ाकू वाहन, बख्तरबंद कार्मिक वाहक, टोही, कमांड पोस्ट, मोर्टार वाहक और तमाम तरह की एम्बुलेंस भी शामिल हैं।

मानवयुक्त, मानवरहित रिमोट हथियार स्टेशनों और एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल क्षमता के विकल्प इसकी क्षमता को और बढ़ाते हैं। संयंत्र की प्रमुख विशेषताओं में स्केलेबल बैलिस्टिक, माइन प्रोटेक्शन के साथ टिकाऊ मोनोकॉक हल, स्वतंत्र सस्पेंशन, सेंट्रल टायर इन्फ्लेशन सिस्टम और उच्च-शक्ति वाला इंजन, शानदार ऑफ रोड प्रदर्शन शामिल हैं।

## गुणवत्ता वाले उत्पादों का स्रोत बनेगा भारत

रक्षा मंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का विजन केवल घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति तक ही सीमित नहीं है। बल्कि इसके जरिए ऐसी क्षमताएं विकसित करना हमारा उद्देश्य है। जो देश को विश्व के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों का एक विश्वसनीय स्रोत बनने में सक्षम बनाएं। इस परियोजना से रक्षा संबंधी रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर पैदा होंगे। जिससे मोरक्को में भी इंजीनियरों, तकनीशियनों और आपूर्तिकर्ताओं का एक सशक्त स्थानीय इको-सिस्टम बनने की संभावना है। लगभग एक-तिहाई पुर्जे और उप प्रणालियां शुरुआत से ही स्थानीय स्तर पर सोर्स और असेंबल की जाएंगी। आगामी वर्षों में मूल्यवर्धन का हिस्सा बढ़कर 50 फीसदी हो जाएगा। उन्होंने कहा, इस एकीकरण से मोरक्को के रक्षा औद्योगिक आधार के सुदृढ़ होने, उसकी आत्मनिर्भरता बढ़ने और रॉयल मोरक्को सशस्त्र बलों के लिए दीर्घकालिक क्षमता निर्माण की उम्मीद है। राजनाथ सिंह ने कहा कि यह केवल एक नए संयंत्र का उद्घाटन नहीं है। बल्कि यह दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक मित्रता में एक नए अध्याय की शुरुआत है। जिसकी स्थापना दोनों के बीच बढ़ते रणनीतिक तालमेल को प्रदर्शित करती है। साथ ही भारत के रक्षा उद्योग की ताकत को भी प्रमाणित करती है।

### वैश्विक शांति-स्थिरता में करता योगदान

उन्होंने कहा, अफ्रीका और यूरोप के प्रवेश द्वार के तौर पर मोरक्को की रणनीतिक स्थिति इस सुविधा केंद्र को निर्यात और सहयोग का एक अहम केंद्र बनाती है। जिससे दोनों देशों के बीच रक्षा संबंध और सुदृढ़ होंगे। ये न केवल क्षेत्रीय सुरक्षा, समृद्धि में योगदान देगा। बल्कि भारत-मोरक्को की युवा प्रतिभाओं को एक सुरक्षित, नवोन्मेषी भविष्य के निर्माण में मिलकर काम करने के लिए भी प्रेरित करेगा। केंद्र सहयोग के ऐसे मॉडल का प्रतिनिधित्व करता है। जो संप्रभुता का सम्मान करता है, स्थानीय क्षमता को मजबूत करता है और वैश्विक शांति-स्थिरता में योगदान देता है।

---

**खबर संक्षेप**

### कोपनहेगन एयरपोर्ट पर दिखे ड्रोन, एयरस्पेस बंद




**कोपनहेगन।** डेनमार्क की राजधानी कोपनहेगन में सोमवार देर रात एयरपोर्ट के ऊपर सोमवार को दो से तीन बड़े ड्रोन्स देखे गए। इनकी पहचान होते ही फ्लाइट्स की तुरंत लैंडिंग करा ली गई और उड़ान भरने जा रहे विमानों का टेकऑफ रोक दिया गया। कुछ अन्य विमानों को दूसरे एयरपोर्ट डायवर्ट कर दिया गया। 50 उड़ानों को अब तक रद्द किया जा चुका है, जबकि 50 से ज्यादा फ्लाइट दूसरे एयरपोर्ट्स भेजी गई हैं। वहीं, 15 से ज्यादा उड़ानों का मार्ग बदला गया है।

### दुतेर्ते ने कराई 76 लोगों की हत्याः आईसीसी



**हेग।** अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने सोमवार को पूर्व फिलीपींस राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते के खिलाफ मानवता विरोधी अपराधों के आरोप सार्वजनिक कर दिए। दुतेर्ते पर आरोप है कि उनके निर्देश और इजाजत से कम से कम 76 लोगों की हत्याएं हुईं। ये हत्याएं उनके राष्ट्रपति रहने के दौरान और इससे पहले दक्षिणी शहर दावाओ के मेयर रहते हुए की गईं। आईसीसी की ओर से जारी 15 पन्नों के चार्जशीट में यह जानकारी दी गई है।

### मालदीव में जहाज से गिरा भारतीय नागरिक लापता



**माले।** मालदीव के पास समुद्र में एक भारतीय नागरिक जहाज से गिरकर लापता हो गया। यह घटना सोमवार देर रात की है, जब भारतीय ध्वज वाले कार्गो जहाज एमएसवी दौलह का एक क्रू सदस्य विलीमाले के उत्तर में लगभग एक किलोमीटर दूर समुद्र में गिर गया। मालदीव नेशनल डिफेंस फोर्स (एमएनडीएफ) को रात करीब 11:35 बजे इसकी सूचना मिली। एमएनडीएफ ने बताया कि खोज अभियान अभी जारी है और उसे जल्द ही तेज किया जाएगा।


---

### यूएनजीए में भाषण देकर लौट रहे थे फ्रांस के राष्ट्रपति, अमेरिकी राष्ट्रपति के काफिले के गुजरने की वजह से बंद थी सड़क

# जब न्यूयॉर्क की सड़क पर खड़े होकर मैक्रों ने लगाया डोनाल्ड ट्रंप को फोन, बोले 'जल्दी रास्ता खाली करो'

*सोशल मीडिया पर गजब वायरल हुआ मैक्रों का अमेरिकी पुलिस से बातचीत करने और उसके बाद पैदल ही फ्रांसीसी दूतावास तक जाने का वीडियो*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



भारत में तो आपने अक्सर प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति जैसे वीवीआईपी लोगों के काफिले के सड़क मार्ग से गुजरते वक्त कुछ देर के लिए ही सही सड़क पर जाम जैसी स्थिति देखी होगी। लेकिन जब बात दुनिया के सबसे ताकतवर मुल्क यानी संयुक्त राज्य अमेरिका की हो और किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष के साथ ऐसी नौबत आ जाए तो अचरज होना लाजमी है। दरअसल ये पूरी घटना फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ जुड़ी हुई है।

जो भारत की ही तरह संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय बैठक में अपना भाषण देने के लिए न्यूयॉर्क पहुंचे थे। बीते सोमवार को महासभा में उनका भाषण भी हो गया और उसके बाद वह आराम करने के लिए अपनी गाड़ी से फ्रांसीसी दूतावास लौट रहे थे कि तभी अचानक अमेरिकी पुलिस ने उन्हें बीच सड़क में रोक दिया।

मामले को समझने के लिए खुद मैक्रों कार से बाहर निकले और उन्होंने स्थानीय अमेरिकी पुलिसकर्मी से बातचीत करनी शुरू की। तभी उन्हें पता चला कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का काफिला सड़क मार्ग से गुजरने की वजह से पूरा रोड ब्लॉक किया गया है। गौरतलब है कि मैक्रों बीते 22 सितंबर को यूएनजीए की बैठक में भाग लेने के लिए अमेरिका पहुंचे थे। जहां उन्होंने महासभा में दिए अपने भाषण में फिलिस्तीन को बतौर एक राष्ट्र के रूप में फ्रांस की तरफ से मान्यता प्रदान की। साथ ही कहा कि हम शांति के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं।

### पैदल की आगे बढ़ गए मैक्रों

न्यूयॉर्क में पुलिस वाले ने आदर के साथ मैक्रों से कहा, राष्ट्रपति जी मुझे माफ कीजिए, अमेरिकी राष्ट्रपति के काफिले की सुरक्षित रवानगी के लिए यह तमाम जरूरी व्यवस्था की गई है। अभी सब कुछ बंद है। जिसके बाद फ्रांस के राष्ट्रपति ने अपना फोन निकाला और रास्ते पर पैदल ही आगे बढ़ते हुए अपने देश के दूतावास की तरफ बढ़ने लगे। इस दौरान ट्रंप से बातचीत में उन्होंने हंसते हुए हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि आप कैसे हैं? क्या आप जानते हैं कि मैं यहां सड़क पर फंस गया हूं। क्योंकि आपके लिए सब-कुछ बंद है। जल्द ही रास्ता खाली करें। राष्ट्रपति ट्रंप के काफिले के गुजरते समय हालांकि सड़क पैदल चलने वाले लोगों के लिए खुली हुई थी। जिसके बाद फ्रांस के राष्ट्रपति ने भी पैदल ही अपने गंतव्य यानी फ्रांस के दूतावास तक पहुंचने का निर्णय लिया और वो आगे बढ़ चले। जिसमें करीब 30 मिनट तक मैक्रों न्यूयॉर्क की सड़क पर पैदल चलते हुए नजर आए।

### *लोगों ने ली सेल्फी, किसी ने चूमा माथा*

*मैक्रों को यूं अचानक न्यूयॉर्क की सड़कों से गुजरते हुए देख स्थानीय लोगों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। कुछ लोगों ने उनके पास आकर सेल्फी ली तो कुछ बेहद आत्मीयता के साथ मैक्रों के माथे को चूमते हुए नजर आए। इस दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति के सुरक्षाकर्मी भी उनके पास ही खड़े हुए नजर आ रहे हैं। जिन्होंने आम अमेरिकियों के उत्साह को कम करने के लिए कोई सख्ती नहीं दिखाई। यहां बता दें कि भारत की तरफ से यूएनजीए की बैठक में भाग लेने के लिए विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर अमेरिका की यात्रा पर हैं। एच1बी वीजा को लेकर संबंधों में बने हुए तनाव के दौर में न केवल उनकी ये यात्रा हो रही है। बल्कि उन्होंने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ एक अहम द्विपक्षीय बैठक भी की है।*

### 5 देशों ने फिलिस्तीन को दी मान्यता, यूएनजीए में मैंक्रों बोले- ये हमास की हार

फ्रांस, मोनाको, माल्टा, लक्जमबर्ग और बेल्जियम ने फिलिस्तीन को स्वतंत्र देश के तौर पर मान्यता दे दी है। इस बैठक की अध्यक्षता फ्रांस और सऊदी अरब ने की। बैठक में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि आज फ्रांस फिलिस्तीन को मान्यता देता है, हमें शांति का रास्ता बनाना होगा। मैक्रों ने इसे हमास की हार बताया। उनकी बात पर जोरदार तालियां बजीं।

### *फिलिस्तीनियों को राज्य का दर्जा उनका अधिकार*

*यूएनजीए में यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने कहा फिलिस्तीनियों को राज्य का दर्जा मिलना उनका अधिकार है, कोई इनाम नहीं। इसके बिना शांति संभव नहीं। दूसरी तरफ इजराइल ने इस पहल का कड़ा विरोध किया। संयुक्त राष्ट्र में इजराइल के राजदूत डैनी डैनन ने कहा कि उनकी सरकार इसका जवाब देगी। बेल्जियम ने फिलिस्तीन की मान्यता को लेकर शर्त रखी है। कानूनी रूप से लागू होगी जब गाजा में हमास को सत्ता से हटाया जाएगा और सभी इजराइली बंधकों की रिहाई हो जाएगी। दूसरी तरफ इजराइल ने इस पहल का कड़ा विरोध किया।*

---

### जयशंकर-मार्को रूबियो की मुलाकात

# व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, सहित द्विपक्षीय मुद्दों पर सहयोग



एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि भारत उनके देश के लिए 'अत्यंत महत्वपूर्ण' है। इसके साथ ही, उन्होंने व्यापार के क्षेत्र में भारत के साथ चल रहे सहयोग का स्वागत किया। अमेरिका और भारत ने मिलकर एक स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सहयोग जारी रखने पर सहमति जताई, जिसमें क्वाड के माध्यम से भी काम होगा।

सोमवार को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात के बाद, रुबियो ने कहा कि अमेरिका के लिए भारत बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, दवाइयां, महत्वपूर्ण खनिज और अन्य द्विपक्षीय मुद्दों पर भारत सरकार के निरंतर सहयोग की सराहना की।

**रूबियो बोले- अमेरिका के लिए भारत 'अत्यंत महत्वपूर्ण'**

### मंत्री गोयल कर रहे व्यापार बैठकें

वॉशिंगटन में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की बैठक का मकसद राजनीतिक भरोसे को ठोस कारोबारी नतीजों में बदलना था। मंत्रालय ने बयान में कहा कि यह दौरा आपसी हितों को ध्यान में रखकर जल्द से जल्द एक व्यापार समझौते तक पहुंचने के लिए है। 16 सितंबर को अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधिमंडल की दिल्ली यात्रा के बाद बातचीत का माहौल सकारात्मक हुआ था। इसी को आगे बढ़ाने के लिए गोयल का यह दौरा हुआ ताकि साल के अंत तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर हस्ताक्षर हो सकें। बातचीत में बाजार तक आसान पहुंच, सप्लाई-चेन सहयोग, टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं पर चर्चा हुई। साथ ही टेक्नोलॉजी, स्वच्छ ऊर्जा और दवा क्षेत्र में सहयोग को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ।

### निरंतर संवाद बनाए रखने पर सहमत

जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि बातचीत के दौरान द्विपक्षीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई। प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में प्रगति के लिए निरंतर संवाद की आवश्यकता पर हम सहमत हुए। उन्होंने कहा कि वे संपर्क में रहेंगे। जयशंकर ने भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर से मुलाकात की।

---

### भारत ने कॉमनवेल्थ में सुधार की मांग की

# कहा- आज की सच्चाई से दूर है संगठन, मौजूदा समय की वास्तविकताओं को सामने लाना जरूरी

एजेंसी ⏭ न्यूयार्क

भारत ने राष्ट्रमंडल समूह (कॉमनवेल्थ) में सुधारों पर जोर दिया है, ताकि यह मौजूदा समय की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित कर सके। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के इतर आयोजित मंत्री स्तर की बैठक में भारत ने समूह के मूल्यों और सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। कॉमनवेल्थ के विदेश मामलों के मंत्रियों की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्रालय (एमईए) के सचिव (पश्चिम) राजदूत सिबी जॉर्ज ने किया।

### भारत सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्ध



विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि बैठक में जॉर्ज ने कॉमनवेल्थ चार्टर में निहित मूल्यों और सिद्धांतों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता व कॉमनवेल्थ में सुधार की जरूरत पर बात की, ताकि मौजूदा समय की वास्तविकताओं को ठीक से प्रतिबिंबित किया जा सके।

### कॉमनवेल्थ को मजबूती प्रदान करें

*टोएलुपे ने कहा कि इस बैठक में समोआ में आयोजित कॉमनवेल्थ के राष्ट्राध्यक्षों की बैठक में लिए गए फैसलों को लागू करना जरूरी है, ताकि कॉमनवेल्थ को मजबूत बनाया जा सके। बहुपक्षीय प्रणाली पर गंभीर दबाव है, लेकिन यह अभी भी सबसे बड़ी ताकत है।*

---

### सिर्फ 2 घंटे देख पाएंगे स्मार्टफोन

# जापान की टोयोआके नगरपालिका ने शहर में 'डेली स्क्रीन टाइम' तय किया

एजेंसी ⏭ टोक्यो

जापान के आइची प्रान्त की टोयोआके नगरपालिका ने एक अध्यादेश जारी कर सभी निवासियों से स्मार्टफोन के उपयोग को सीमित करने के लिए कहा है। इस संबंध में टोयोके की नगरपालिका सभा ने सभी निवासियों के लिए दैनिक अवकाश-संबंधी स्क्रीन टाइम को दो घंटे तक सीमित करने वाला एक अध्यादेश पारित किया है।



### 1 अक्टूबर से प्रभावी

यह स्थानीय कानून मार्गदर्शन के रूप में कार्य करता है। ये छात्र, ऑफिस वर्कर्स या घरेलू काम कर रहे लोगों पर लागू नहीं होता। अध्यादेश का उल्लंघन करने वालों के लिए कोई दंड का प्रावधान भी नहीं है। टोयोके के मेयर मासाफुमी कोउकी ने कहा कि यह अध्यादेश शहर के निवासियों के स्वास्थ्य संबंधी उपायों का केवल एक हिस्सा है। इसका मकसद निवासियों को यह बताना है कि स्मार्टफोन का अत्यधिक उपयोग उनकी नींद में भी खलल डाल रहा है।

---

### अफगानिस्तान ने ट्रंप की मांग ठुकराई

# कहा- नहीं सौंपेंगे बगराम एयरबेस 20 साल तक लड़ने को भी तैयार



एजेंसी ⏭ काबुल

अफगान अधिकारियों ने बगराम एयरबेस पर फिर से कब्जा करने की अमेरिकी धमकियों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि विदेशी सैन्य उपस्थिति को फिर से स्थापित करने के किसी भी प्रयास का डटकर विरोध किया जाएगा। जनरल डायरेक्टरेट ऑफ इंटेलिजेंस के पहले डिप्टी मुल्ला ताजमीर जवाद ने कहा कि अफगान सरकार मौजूदा व्यवस्था को बनाए रखेगी। अफगान रक्षा मंत्री मोहम्मद याकूब मुजाहिद ने कहा कि हमारा जवाब है, अगर आप नहीं जाते और हवाई अड्डे चाहते हैं तो हम आपसे अगले 20 साल तक लड़ने के लिए तैयार हैं। अफगान विदेश मंत्रालय के राजनीतिक निदेशक जाकिर जलाली ने अमेरिका की वापसी की धारणा को खारिज करते हुए कहा कि अफगानों ने 'अपने क्षेत्र में विदेशी सैनिकों को कभी स्वीकार नहीं किया है।'

---

### पन्नू का करीबी सहयोगी इंदरजीत गिरफ्तार



**टोरंटो।** कनाडा ने भारत के साथ संबंधों को सुधारने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए खालिस्तान समर्थक आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के करीबी इंदरजीत सिंह गोसाल को हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। 2023 में हरदीप सिंह निज्जर की मौत के बाद से कनाडा में गोसाल ही पन्नू के आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस का पूरा काम देख रहा था। बताया जा रहा है एनएसए अजित डोभाल के दबाव डालने के बाद गोसाल को पकड़ा गया है।

---

### पहले अमेरिकी हिंदुओं से भर-भरकर वोट लेकर सरकार बनाई और अब...

# ट्रंप की पार्टी के नेता डंकन के बिगड़े बोल, कहा-अमेरिका में फर्जी भगवान 'हनुमान'

- अमेरिका में हिंदू समुदाय में गहरा रोष, डंकन के विवादित बयान की कड़ी निंदा करते हुए रिपब्लिकन पार्टी से की कार्रवाई की मांग,

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

ये बात जगजाहिर है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी ने बीते चुनाव में जीत हासिल करने के लिए बड़े पैमाने पर अमेरिकी हिंदुओं के वोट हासिल किए थे। अब जब दल की सरकार बन गई है तो उनके सुर पूरे तरह से बदल गए हैं।

ताजा मामला टेक्सास के रिपब्लिकन नेता अलेक्जेंडर डंकन के एक बेहद विवादित बयान से जुड़ा हुआ है। जिसमें उन्होंने भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया के कई अन्य देशों में अत्यंत श्रद्धा और आस्था के साथ पूजे जाने वाले भगवान हनुमान पर टिप्पणी करते हुए कहा कि 'अमेरिका में हनुमान झूठे भगवान हैं। हमारा राष्ट्र एक ईसाई राष्ट्र है'। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर डंकन ने इसे लेकर एक पोस्ट भी साझा की और उसमें लिखा कि 'हम एक ईसाई देश हैं। ऐसे में टेक्सास में हम एक झूठे हिंदू भगवान की मूर्ति क्यों लगने दे रहे हैं'? रिपब्लिकन नेता के इस बयान को लेकर अमेरिका में हिंदू समुदाय में गहरा रोष है और उन्होंने पार्टी को डंकन के संबंध में एक रिपोर्ट भेजकर कार्रवाई करने की मांग की है।



वहीं, मामले के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर भी अमेरिकी हिंदुओं समेत अन्य लोगों ने भी अपनी नाराजगी जताई है। एक यूजर ने कहा कि सभी को अपनी मान्यताओं को चुनने और उन्हें मानने का अधिकार है। लेकिन किसी और की मान्यता को यूं नकारना और झूठा कहना आजादी नहीं है।

### 90 फीट ऊंची है यह प्रतिमा

हनुमान जी की कांसे की यह प्रतिमा टेक्सास के शुगर लैंड स्थित श्री अष्टलक्ष्मी मंदिर में लगवाई जा रही है। जिसकी कुल ऊंचाई करीब 90 फीट है और इसे हिंदुओं ने 'स्टैच्यु ऑफ यूनियन' का नाम दिया है। जो उत्तरी अमेरिका में स्थित हनुमान जी की सबसे ऊंची प्रतिमा है। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर जॉर्डन क्राउडर ने डंकन को सलाह दी है कि वेद, ईसा मसीह के धरती पर अवतरण से लगभग 2 हजार साल पहले लिखे गए असाधारण ग्रंथों में शुमार हैं। ऐसे में जो कुछ भी आपके धर्म से पहले इस धरती पर आया हो। उससे जुड़े धर्म का सम्मान करना और उस पर शोध करना ही बुद्धिमानी को दर्शाता है।

### 'मागा' के समर्थक हैं डंकन

यहां बता दें कि ये पहला मौका नहीं है जब अलेक्जेंडर डंकन ने ईसाईयत के अलावा अन्य किसी अन्य धर्म के खिलाफ यूं तीखा हमला बोला हो। इससे पहले वो मुस्लिम धर्म के खिलाफ भी उलजुलूल बयानबाजी कर चुके हैं। जिसमें उन्होंने मुसलमानों को अमेरिका से बाहर निकालने की बात कही थी। अलेक्जेंडर एक रिपब्लिकन नेता तो हैं ही। इसके अलावा उन्हें राष्ट्रपति ट्रंप के प्रसिद्ध 'मागा' यानी मेक अमेरिका ग्रेट अभियान के समर्थक के रूप में भी जाना जाता है। उन्होंने अपनी एक्स पोस्ट के साथ एक वीडियो भी साझा किया है। इन सबसे इतर अमेरिका में ये अकेली हनुमान जी की मूर्ति नहीं है।

### हिंदू अमेरिकी संस्था खफा

अमेरिका के टेक्सास के अलावा अन्य जगहों पर रहने वाले हिंदुओं को भी अलेक्जेंडर डंकन के बिगड़े बोल पसंद नहीं आ रहे हैं। लोगों ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर उनके खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की है। हिंदू अमेरिकी संस्था (एचएएफ) ने भी मामले पर गहरी नाराजगी के साथ अपनी एक रिपोर्ट रिपब्लिकन पार्टी को कार्रवाई के लिए भेज दी है। एचएएफ ने एक्स पोस्ट में लिखा, नमस्कार जीओपी (टेक्सास में रिपब्लिकन पार्टी का आधिकारिक एक्स अकाउंट), क्या आप अपनी पार्टी के सीनेट उम्मीदवार को अनुशासित करेंगे।

---

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विजय उर्फ राकेश उर्फ कार्टून पुत्र स्वर्गीय श्री राम स्वरूप निवासी ई–2/173, नंद नगरी, दिल्ली** ने **FIR No. 10109/2017, U/S 379/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना मधु विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विजय उर्फ राकेश उर्फ कार्टून** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विजय उर्फ राकेश उर्फ कार्टून** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 10109/2017, U/S 379/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना मधु विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विजय उर्फ राकेश उर्फ कार्टून** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**श्री उदभव कुमार जैन,**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04**
**कमरा नं. 13, द्वितीय तल, शाहदरा जिला**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/12785/ED/2025(Court Matter)

## चिंतन

# जीएसटी बचत उत्सव पर खरीदारी के क्या मायने

जीएसटी बचत उत्सव के रूझान आने शुरू हो गए हैं। बिलकुल वैसा ही हो रहा है, जैसी सरकार ने उम्मीद की थी। लोग दिल खोलकर खरीदारी कर रहे हैं। पहले नवरात्र के दिन ही जमकर उत्सव मनाया। देश की टॉप तीन ऑटोमोबाइल कंपनी मारुति, हुंडई और टाटा मोटर्स ने नवरात्रि के पहले दिन रिकॉर्ड 51000 से ज्यादा कारें बेचीं। जीएसटी की नई दरें 22 सितंबर से लागू होने की वजह कार की कीमतें 4 साल पहले के बराबर पहुंच गई। इसके अलावा, कंपनियां 10 फीसदी से ज्यादा फेस्टिव डिस्काउंट भी दे रही हैं। ये डिस्काउंट तो कंपनियां हर साल नवरात्र के दिनों में देती रही हैं, लेकिन खरीदारी का ऐसा माहौल कई सालों बाद नजर आ रहा है। जीएसटी-2.0 लागू होने के बाद चार मीटर तक लंबी और 1200 सीसी पेट्रोल इंजन वाली कार पर 28 फीसदी जीएसटी व 1 प्रतिशत सेस की जगह अब सिर्फ 18 प्रतिशत जीएसटी लग रहा है। इसी तरह चार मीटर तक लंबी और 1500 सीसी डीजल इंजन वाली कार पर 28 फीसदी जीएसटी और 3 प्रतिशत सेस की जगह अब सिर्फ 18 प्रतिशत जीएसटी लग रहा है। बड़ी गाड़ियों जैसे चार मीटर से ज्यादा लंबी और 1200 सीसी से ज्यादा की पेट्रोल व 1500 सीसी से ज्यादा की डीजल गाड़ियों पर अब 40 फीसदी जीएसटी लग रहा है। यही कारण है कि लोगों ने नवरात्र के पहले ही दिन से जबरदस्त खरीदारी शुरू कर दी है। अगर नवरात्र के पहले ही दिन की केवल ऑटो मोबाइल सेक्टर की सेल को देखें तो सहज ही अंदाजा हो रहा है कि देशवासियों ने इसे हाथों हाथ लिया है। देश की सबसे बड़ी ऑटो मोबाइल कंपनी मारुति सुजुकी ने 22 सितंबर को महज एक दिन में करीब 30,000 कारें बेचीं, जबकि 80,000 लोगों ने गाड़ियों की जानकारी ली। ये पिछले 30 सालों में सबसे जबरदस्त रिस्पॉन्स है। छोटी कारों के दाम 10-15 फीसदी तक कम हो गए है। ये उन लोगों ने लिए तोहफे की तरह है, जिनका कई साल से कार लेने का सपना तो था, लेकिन हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे। अब कारें सस्ती होते ही ये मिडिल क्लास फैमिली वाले सीधे शोरूम पहुंच गए। केवल मारुति ही क्यों हुंडई ने भी नवरात्रि के पहले दिन करीब 11,000 गाड़ियां बेचीं, जो 5 साल में उसकी एक दिन की सबसे अच्छी परफॉर्मेंस है। कंपनी की ग्रैंड आई 10, नियोस और क्रेटा जैसे पॉपुलर मॉडल की सबसे ज्यादा डिमांड है। टाटा ने भी करीब 10,000 कारें डिलीवर कीं, जो अब तक का सबसे अच्छा रिकॉर्ड था। नेक्सॉन और पंच जैसे एसयूवी मॉडल्स सबसे ज्यादा डिमांड में रहे। कंपनी जीएसटी कम होने के अलावा और भी कई तरह के लाभ दे रही है। वैसे तो भारत में त्योहारों का मौसम हमेशा से खरीदारी का सीजन माना जाता है। इस बार जीएसटी रिफॉर्म ने इसे और खास बना दिया। रिटेल व ई-कॉमर्स कंपनियों के ऑफर्स और भी आकर्षक हो गए हैं। घरेलू सामान और किचन आइटम्स की कीमतें घटने से उपभोक्ताओं का उत्साह बढ़ा है। अभी केवल ऑटो मोबाइल कंपनियों की एक दिन की सेल का डाटा सामने आया है। लोगों इन दिनों में कपड़े, जूते, मोबाइल, टैब, सजावट व घरेलू सामान की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। जैसे-जैसे नवरात्रों के दिन आगे बढ़ेंगे वैसे-वैसे सेल में भी वृद्धि होने की उम्मीद है। अभी उन लोगों का आंकड़ा सामने आना शेष है जो ऑनलाइन खरीदारी कर रहे हैं। इशारा साफ है कि देशवासियों ने बचत उत्सव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'गर्व से लो, स्वदेशी लो' पर अमल करना शुरू कर दिया है। यह आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ा एक और कदम है।



# बचत से खुशियां और आर्थिक रफ्तार

जीएसटी-2.0

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

> इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि इस समय टैरिफ की चुनौती के बीच 'बचत उत्सव' से भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ेगी। साथ ही अब कर सुधारों से अर्थव्यवस्था की गति को पंख लगते हुए दिखाई देंगे। हाल ही में दुनिया की प्रसिद्ध जापान की ग्लोबल रेटिंग एजेंसी आरएंडआई ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर ऊंचे टैरिफ लगाने के बावजूद अर्थव्यवस्था बढ़ने की प्रवृत्ति दिखा रही है। ऐसे में भारत की 'सॉवरेन रेटिंग' को एक पायदान ऊपर करते हुए बीबीबी प्लस किया गया है। इससे पहले भी पिछले दिनों एसएंडपी और मार्निंग स्टार डीबीआरएस जैसी वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों ने भारत की क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नागरिकों को सोशल मीडिया पर खुला पत्र लिखकर कहा कि जीएसटी सुधार और आयकर में कटौती से लोगों को लगभग 2.5 लाख करोड रुपये की बचत प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि देशवासी बचत से हुई खुशी के साथ 'बचत उत्सव' मनाते हुए दिखाई देंगे और ऐसे में कई परिवारों को अपनी आजीविका कमाने और युवाओं के लिए नौकरी के अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने नागरिकों से स्वदेशी उत्पाद खरीदने और दुकानदारों से स्वदेशी उत्पाद बेचने का आग्रह भी किया है।

इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि इस समय टैरिफ की चुनौती के बीच 'बचत उत्सव' से भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ेगी। साथ ही अब कर सुधारों से अर्थव्यवस्था की गति को पंख लगते हुए दिखाई देंगे। हाल ही में दुनिया की प्रसिद्ध जापान की ग्लोबल रेटिंग एजेंसी रेटिंग एंड इन्वेस्टमेंट इंफार्मेशन (आरएंडआई) ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर ऊंचे टैरिफ लगाने के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ने की प्रवृत्ति दिखा रही है। ऐसे में भारत की 'सॉवरेन रेटिंग' को एक पायदान ऊपर करते हुए बीबीबी प्लस कर दिया गया है। इससे पहले भी पिछले दिनों एसएंडपी और मार्निंग स्टार डीबीआरएस जैसी वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों ने भारत की क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड किया है।

गौरतलब है कि हाल ही में उभरते भारत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि नए कर सुधार देश के हर नागरिक के लिए बड़ा उपहार हैं। इन दिनों हाल ही में जीएसटी और इनकम टैक्स में किए गए नए सुधारों और नई व्यवस्थाओं पर प्रकाशित हो रही विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि इन आमूल कर सुधारों से न केवल आम आदमी की जिंदगी आसान होगी, वरन देश विकसित राष्ट्र बनने की डगर पर भी तेजी से आगे बढ़ेगा। जीएसटी और इनकम टैक्स में किए गए बदलाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह आम लोगों के जीवन में खुशहाली का डबल धमाका है। इनकम टैक्स में मिली 12 लाख तक की छूट के बाद अब जीएसटी की दरों में की गई कटौती से घरों का बजट सुधरेगा, आम लोगों की बचत बढ़ेगी और मध्यम वर्गीय लोगों की क्रयशक्ति में बड़ा इजाफा होगा। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि नए कर सुधारों से इसी वर्ष 2025-26 के अंत तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते हुए दिखाई दे सकता है।

इस परिप्रेक्ष्य में यहां यह भी उल्लेखनीय है कि वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि भारत में कर दरों में कमी किए जाने से निजी उपभोग को बढ़ावा मिलेगा और आर्थिक विकास मजबूत होगा। साथ ही इससे महंगाई में भी कमी आएगी। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की विकास दर के अनुमान को 6.5 फीसदी से बढ़ाकर 6.9 फीसदी कर दिया है।

उल्लेखनीय है की जीएसटी सुधारों से घरेलू खपत में जोरदार तेजी आएगी। मध्यम वर्ग उत्पादों की खरीदी पर पैसा खर्च करेगा और मांग बढ़ने से निजी निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा। सरकार को भी उम्मीद है कि 48,000 करोड रुपये के सालाना राजस्व नुकसान के बावजूद




बाजार की गतिविधियों में तेजी आएगी और अर्थव्यवस्था को जिस तरह रफ्तार मिलेगी, उससे तात्कालिक नुकसान की सरलता से भरपाई हो जाएगी। निश्चित रूप से आम आदमी व मध्यमवर्गीय लोगों को कीमतों में राहत मिलेगी, लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी और बाजार में नकदी प्रवाह भी बढ़ेगा। जो छोटे उद्योग ट्रंप टैरिफ के कारण निर्यात घटने को लेकर चिंतित हैं, उन्हें घरेलू उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग से बड़ा सहारा मिलेगा। इतना ही नहीं जीएसटी घटने से औद्योगिक उत्पादन बढ़ेगा और और मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर से लेकर सर्विस सेक्टर तक मांग का बढ़ता हुआ नया अध्याय दिखाई देगा। देश में जीएसटी घटने से खपत बढ़ेगी और निर्यात को भी नई गति मिलेगी। मांग व उत्पादन बढ़ने से जीडीपी में वृद्धि होगी। रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी।

निश्चित रूप से जिस तरह केंद्र सरकार जीएसटी में आमूल बदलाव की डगर पर आगे बढ़ी है, उसी तरह सरकार इनकम टैक्स को आसान और राहतकारी बनाने के लिए भी तेजी से आगे बढ़ी है। इनकम टैक्स कानून 2025, मौजूदा इनकम टैक्स कानून 1961 की जगह लेते हुए एक अप्रैल 2026 से लागू किया जाएगा। वस्तुतः नया इनकम टैक्स कानून महज कुछ धाराओं का बदलाव नहीं, बल्कि पूरी टैक्स व्यवस्था का कायापलट होगा। इससे देश में टैक्स सिस्टम के डिजिटल और सरल युग का नया दौर शुरू होगा। इस नए कानून के तहत टैक्स कानूनों के मकड़जाल को खत्म कर एक ऐसी प्रणाली निर्मित होगी, जो सहज, आम टैक्सपेयर के लिए लाभकारी हो और इससे नए करदाता अपनी आमदनी के मुताबिक इनकम टैक्स देने के लिए तत्पर हों। खास बात यह है कि मौजूदा इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

खास बात यह भी है कि 1961 के इनकम टैक्स कानून में वर्ष 2024 तक 4,000 से ज्यादा संशोधन व सुधार हुए हैं और इसमें 5 लाख से ज्यादा शब्द हैं। ऐसे जटिल हो चुके इनकम टैक्स कानून को सरल और व्यावहारिक बनाने के लिए नया इनकम टैक्स कानून 2025 एक अत्यन्त सराहनीय कदम है। नया इनकम टैक्स कानून पुराने कानून को लगभग 50 प्रतिशत तक सरल बनाता है। यह कानून भाषा को आसान बनाने के साथ ही कटौतियों को स्पष्ट करता है और विभिन्न प्रावधानों के बीच क्रॉस रेफरेंसिंग को मजबूत करता है। नया कानून गृह संपत्ति से होने वाली आय, जिसमें मानक कटौती और गृह ऋण पर निर्माण-पूर्व ब्याज शामिल है, से जुड़ी अस्पष्टताओं को दूर करता है। माध्यम से टैक्स कानून को सरल बनाते हुए उसके पेजों की संख्या को आधी कर दिया है और अप्रासंगिक हो चुके प्रविधानों को हटा दिया गया है।

उम्मीद करें कि देश में 22 सितंबर से लागू नई जीएसटी व्यवस्था और दो स्लैब वाली कर प्रणाली के साथ-साथ एक अप्रैल 2026 से लागू होने वाले नए इनकम टैक्स कानून के तहत नए बदलाओं के कार्यान्वयन पर सरकार शुरुआत से ही इस तरह ध्यान देगी कि इन कानूनों की सरलता से देश के करोड़ों लोग लाभांवित हों, वे बिना किसी संकोच के काम कर सकें। उम्मीद करें कि जीएसटी और इनकम टैक्स के तहत नए अहम कर सुधारों से करदाताओं की संख्या बढ़ाने, टैक्स जटिलता और मुकदमों में कमी लाने में उपयोगिता मिलेगी। जीएसटी और इनकम टैक्स कर कानूनों में सुधारों से देश के उद्योग-कारोबार ट्रंप की टैरिफ चुनौतियों का मुकाबला करते हुए देश को आर्थिक रफ्तार देंगे। उम्मीद करें कि देश में बचत उत्सव आम आदमी की खुशियां और परिवारों की आजीविका बढ़ाने के साथ-साथ स्वदेशी उत्पादों की बिक्री और युवाओं के लिए नौकरी के अधिक अवसर निर्मित करते हुए देश की आर्थिक रफ्तार तेजी से बढ़ाते हुए दिखाई देगा।

(लेखक अर्थशास्त्र के ज्ञाता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## फैसला

मनोज कुमार अग्रवाल



# शीर्ष अदालत ने भी माना वनतारा देश की शान


अनन्त अंबानी के ड्रीम प्रोजेक्ट वनतारा पर लगाए गए तमाम आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने रिलायंस फाउंडेशन के जामनगर स्थित वनतारा प्रोजेक्ट को क्लीन चिट देते हुए सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया। एसआईटी जांच में पशु तस्करी, दुर्व्यवहार और वित्तीय अनियमितताओं के आरोप निराधार पाए गए। शीर्ष अदालत ने वनतारा को राष्ट्रीय गौरव बताया और कहा कि बार-बार ऐसे मुकदमे न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग हैं। गुजरात के जामनगर में स्थित यह एनिमल रेस्क्यू और रिहैबिलिटेशन इनिशिएटिव अब कानूनी तौर पर पूरी तरह वैध और सही साबित हुआ है। यह फैसला एसआईटी की रिपोर्ट पर आया है, जिसमें महीनों से चल रही बहस और अटकलों का अंत हो गया। वनतारा के खिलाफ दो रिट पिटीशन दाखिल हुई थीं। इनमें आरोप लगाया गया था कि जानवरों को अवैध तरीके से लाया गया है, कैप्टिविटी में उनके साथ दुर्व्यवहार हो रहा है और वित्तीय अनियमितताएं भी हैं। अदालत ने पहले कहा था कि इन आरोपों को समर्थन देने के लिए कोई ठोस सबूत सामने नहीं आया। लेकिन आरोप बेहद गंभीर थे, इसलिए एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम यानी एसआईटी बनाई गई, जिसका नेतृत्व रिटायर्ड जजों और वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस जे चेलमेश्वर की अध्यक्षता वाली एसआईटी ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी रिपोर्ट पेश की, जिसके आधार पर सर्वोच्च न्यायालय ने गुजरात के प्राणी बचाव और पुनर्वास केंद्र वनतारा को क्लीन चिट दे दी है। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ ने रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लिया और कहा कि प्राधिकारियों ने वनतारा में अनुपालन और नियामक उपायों के मुद्दे पर संतुष्टि व्यक्त की है। विशेष जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट कोर्ट में जमा कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस रिपोर्ट का अवलोकन किया।

दरअसल, वनतारा के मामलों की जांच कर रही एसआईटी ने शुक्रवार को एक सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट सौंपी। वहीं, एसआईटी के वकील द्वारा रिपोर्ट पेश किए जाने के बाद इसे रिकॉर्ड में ले लिया। पीठ ने कहा, इस अदालत द्वारा गठित एसआईटी ने एक सीलबंद लिफाफे में एक रिपोर्ट और एक पेन ड्राइव जमा कर दी है, जिसमें रिपोर्ट और उसके अनुलग्नक भी शामिल हैं। इसे स्वीकार किया जाता है और इसे रिकॉर्ड में शामिल करने का निर्देश दिया जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने मीडिया और सोशल मीडिया में आई खबरों तथा गैर सरकारी संगठनों और वन्यजीव संगठनों की विभिन्न शिकायतों के आधार पर वनतारा के खिलाफ अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली दो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में चार सदस्यीय एसआईटी का गठन किया था। व्यापक आरोपों को देखते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि निजी प्रतिवादी या किसी अन्य पक्ष से जवाब आमंत्रित करने से कोई खास लाभ नहीं होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी को भारत और विदेश से पशुओं, विशेष रूप से हाथियों को लाने, वन्य जीव अधिनियम और उसके तहत चिड़ियाघरों के लिए बनाए गए नियमों के अनुपालन, वनस्पतियों और जीवों की लुप्तप्राय प्रजातियों के व्यापार पर अंतरराष्ट्रीय समझौता, आयात-निर्यात कानूनों और जीवित पशुओं के आयात और निर्यात से संबंधित अन्य वैधानिक आवश्यकताओं की जांच करने और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। गौरतलब है कि वनतारा प्रोजेक्ट रिलायंस के अनंत अंबानी की सोच है। वनतारा का मतलब होता है स्टार ऑफ द फॉरेस्ट रिलायंस के जामनगर रिफाइनरी के 3000 एकड़ रिक्लेम्ड ग्रीनबेल्ट पर यह पहल विकसित हुई है। आज वनतारा दुनिया के सबसे बड़े एनिमल रेस्क्यू और रिहैब सेंटरों में से एक है। यहां 200 से ज़्यादा हाथी। 300 से अधिक बड़ी बिल्लियां (शेर, बाघ, तेंदुए, जगुआर), 300 से अधिक शाकाहारी (हिरण, काले हिरण आदि), 1200 से अधिक सरीसृप (घड़ियाल, सांप, कछुए) सहित 1.5 लाख जानवर, 2000 से ज़्यादा प्रजातियों के साथ, इस ईकोसिस्टम का हिस्सा हैं। बता दें कि वनतारा देश का अपने तरह का एक यूनीक संस्थान है जो जीवों पशुओं के लिए इतना बड़ा रिहैबीलेशन का काम कर रहा है। यह उध्योगपति मुकेश अंबानी ने अपने लाडले कनिष्ठ पुत्र की खराब सेहत जीव प्रेम की जीजीविशा के चलते स्थापित किया है। देश की शीर्ष अदालत ने माना है कि वनतारा देश की शान है यानि अब यह अदालत की भी 'आंखों का तारा' बन गया है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अहिंसा के प्रयोग




संकलित

दर्शन

हिंसा को किसी भी प्रकार से रोकना या इसके प्रभाव को कम करना, समाज का अनिवार्य कर्तव्य है। हिंसा अनेक तरह की हो सकती है। शारीरिक हिंसा के अतिरिक्त यह मानसिक, शाब्दिक या परोक्ष भी हो सकती है। ऐसी स्थितियां उत्पन्न कर देना, जिससे भय एवं आतंक की छाया में जीवन हर समय आशंकित हो, अव्यवस्थित हो-अप्रत्यक्ष हिंसा है। इसलिए प्रत्येक हिंसा का शमन ही मानव के लिए हितकारी है। हिंसा किसी पशु या अमानुष का विषय हो सकती है, परंतु मानव का धर्म कतई नहीं हो सकती। अहिंसा परमो धर्मः, यही सत्य वचन है। हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। अहिंसा सभी समस्याओं का हल है। लोगों के मन के भीतर प्रेम का बीज होता है, घृणा का फल नहीं। सावधानी से आदर्श व्यवहार का धैर्यपूर्वक पालन किया जाए तो विवाद की स्थिति नहीं आ सकती। किसी विवाद के उत्पन्न होने से शांति के लिए सदैव एक राह शेष रहती है, इस तथ्य को गांठ बांध लेना चाहिए। वार्ता से रास्ता निकलता है। संवेदनहीनता से मानवता का मार्ग अवरुद्ध होगा। आप भगवान को मानें या न मानें, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा, बल्कि इससे आपका महत्व अवश्य बढ़ेगा या घटेगा। इसी तरह प्रकृति के विषय में सार्थक सोच होना चाहिए। नैतिकता के पाठों में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। हिंसा तो मानवता के लिए विष के समान है। अहिंसा का प्रयोग करने वाले व्यक्ति शांति के सच्चे नायक हैं। जीवन में अहिंसा का मूल मंत्र सबसे उपयोगी तंत्र बन सकता है, व्यवस्था और जनता दोनों के हित में यही कारगर उपाय भी है।

## दान की बड़ी महिमा




संकलित

प्रेरणा

एक बार राजा भोज एक जंगल के रास्ते से जा रहे थे। साथ में उनके राजकवि पंडित धनपाल भी थे। रास्ते में एक विशाल बरगद के पेड़ में मधुमक्खियों का एक बहुत बड़ा छत्ता लगा था। जो शहद के भार से गिरने ही वाला था। राजा भोज ने ध्यान से देखा तो पाया कि मधुमक्खियां उस छत्ते से अपने हाथ पैर घिस रही हैं। उन्होंने राजकवि से इसका कारण पूछा। राजकवि बोले- महाराज ! दान की बड़ी महिमा है। शिवि, दधीचि, कर्ण, बलि आदि अनेक दानियों का नाम उनके न रहने के बाद भी चल रहा है। दधीचि ने तो वज्र बनाने के लिए इंद्र को अपना कंकाल तक दान कर दिया था। कर्ण को आज सभी सबसे बड़े दानी के रूप में जानते हैं। जबकि केवल संचय करने और दान न करने वाले बड़े बड़े राजा महाराजाओं का आज कोई नाम लेने वाला भी नहीं है। इन मधुमक्खियों ने भी आजीवन केवल संचय ही किया है, कभी दान नहीं किया। इसलिए आज अपनी संपत्ति को नष्ट होते देखकर इन्हें दुःख हो रहा है। इसीलिए ये अपने हाथ पैर घिस रही हैं। अतः आवश्यकता से अधिक संचय हमेशा दुःख का कारण होता है। संचय किए हुए धन पर हमेशा राज दूसरे ही करते हैं, अतः कहा गया है की आप जितनी कमाई करते है उसका कुछ भाग अवश्य दान करे।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### जीत दोहराने को जनमानस की नब्ज टटोलनी होगी

बड़े-बड़े उद्घाटन, नई-नई लुभावनी स्कीमें गौण हैं, जब तक जनमानस की नब्ज़ न टटोली जाए। यही एक मूल मंत्र है, जो हर जीत की चाहत रखने वाले को समझना होगा। दफ्तरों में धक्के खाना, नौकरशाही द्वारा तारीखें डाल बेकसूर की प्रताडना, जनहित कार्यों में कर्णधारों द्वारा उदासीनता भरा रवैया ही जनमानस की दुखती रग है।इसे समझना होगा, अन्यथा आज चुना हुआ प्रतिनिधि वहीं खड़ा है, जहां पिछले चुनाव से ठीक पहले उसका प्रतिद्वंदी खड़ा था। भाव सीधा व स्पष्ट है कि बारी-बारी का खेल खत्म कर बार-बार तभी संभव है, यदि माननीय उपरोक्त सच्चाई से मुंह न फेरें। जन प्रतिनिधियों को जनकल्याण के कामों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

*- मोहन साहू, धमतरी*

## करंट अफेयर

# भारत ने यूएनजीए में किया ग्लोबल साउथ का समर्थन



भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें वर्षगांठ सत्र के तहत आयोजित एक उच्च-स्तरीय संवाद में अत्यधिक गर्मी से निपटने के लिए अपने राष्ट्रीय प्रयासों पर प्रकाश डाला, जिसमें 'हीट एक्शन प्लान', अंतिम छोर तक डिजिटल उपकरणों का उपयोग और कम लागत वाले शीतलन समाधानों को बढ़ावा देना शामिल है। विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने सोमवार को प्रारंभिक चेतावनी और अत्यधिक गर्मी पर उच्च-स्तरीय समाधान संवाद में भाग लिया। विदेश मंत्रालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जॉर्ज ने सत्र को संबोधित करते हुए बढ़ते वैश्विक तापमान से उत्पन्न पर्यावरणीय आपदाओं से निपटने में 'ग्लोबल साउथ' का समर्थन करने के लिए भागीदारों के साथ काम करने की भारत की तत्परता को रेखांकित किया। 'ग्लोबल साउथ' से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है और ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं। उन्होंने गर्मी से निपटने के लिए भारत के राष्ट्रीय प्रयासों 'हीट एक्शन प्लान', अंतिम छोर तक अलर्ट के लिए डिजिटल उपकरणों एवं अत्यधिक गर्मी से निपटने के वास्ते कम लागत वाले शीतलन समाधानों के उपयोग' पर प्रकाश डाला।

## ऑफ बीट

# आस्ट्रेलिया में हर पांच में से एक बच्चा दर्द से परेशान



आमतौर पर चोट या बीमारी के बाद अधिकांश बच्चे दर्द से उबर जाते हैं। लेकिन ऑस्ट्रेलिया में हर पांच में से एक बच्चा, लगभग 8,77,000 को तीन महीने से अधिक समय तक लगातार इस पीड़ा से गुजरना पड़ता है। चिकित्सक इस स्थिति को पुराना या लगातार रहने वाला दर्द कहते हैं। बच्चों में यह दर्द सिरदर्द, पेट दर्द या गठिया जैसी बीमारियों के कारण हो सकता है। हालांकि, कई मामलों में दर्द का कोई स्पष्ट कारण नहीं होता।'क्रॉनिक' दर्द पर ऑस्ट्रेलिया द्वारा कराये गए एक नये अध्ययन में, 229 बच्चों, युवाओं और उनके परिवारों से इस दर्द से जुड़े उनके अनुभवों के बारे में जानकारी जुटाई गई। परिवारों ने बताया कि यह दर्द खेलकूद, पढ़ाई, दोस्ती और माता-पिता के काम करने की क्षमता तक को प्रभावित करता है, लेकिन यह समस्या अक्सर दिखाई नहीं देती। वर्ष 2025 की 'नेशनल किड्स इन पेन रिपोर्ट' में एक कठोर तस्वीर पेश की गई है: दर्द स्कूली शिक्षा को बाधित करता है, मित्रता को खत्म करता है, पारिवारिक जीवन को बदल देता है, तथा राष्ट्रीय उत्पादकता पर भारी दबाव डालता है।

## ट्रेंड


### मेरे जूनियर



भोपाल के दैविक बाघेला की हर तरफ चर्चा है। हाल ही में प्रसिद्ध अभिनेता अभिषेक बच्चन जी के साथ उनकी फिल्म कालीधर लापता रिलीज़ हुई है और ध्यान खींच रही है। दैविक मॉडल स्कूल में पढ़ाई कर रहे हैं। इसलिए दैविक मेरे जूनियर हुए।

-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री


### आत्मनिर्भर भारत



भारत का पैसा भारत के कारीगरों के हाथों में जाए, युवाओं के हाथों में जाए, भारत के ही हस्तशिल्पियों के हाथों में जाए। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' स्वदेशी के जिस मॉडल पर आधारित होगा, वही 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत' की संकल्पना को पूरा करेगा।

- योगी आदित्यनाथ, सीएम यूपी

### जीएसटी वसूली



जनता पूछ रही है भाजपा सरकार ने पिछले 8 सालों में जो वसूली जीएसटी के नाम पर की है। वो कुल राशि यूपी भाजपा सरकार के महाकुंभ मॉडल की तरह पुलिस द्वारा 'घर' पर 'कैश' पहुंचाई जाएगी या बीमे के प्रीमियम में एडजस्ट की जाएगी।

-अखिलेश यादव, सपा नेता

### साहस और प्रेरणा



तन्वी द ग्रेट सिनेमाघरों में वापस आ गई है। दूसरा मौका मायने रखता है, क्योंकि ये हमें साहस, आशा और प्रेरणा को फिर से जीने का मौका देता है। तन्वी द ग्रेट की वापसी का अनुभव करें।

- अनुपम खेर, अभिनेता

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।


# पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की मुलाकात

## बाढ़ राहत, विकास रोडमैप और पंजाब एवं चंडीगढ़ से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर की चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने मंगलवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें पंजाब एवं चंडीगढ़ की मौजूदा स्थिति के साथ-साथ क्षेत्र की प्रमुख विकास प्राथमिकताओं से अवगत कराया।

राज्यपाल ने पंजाब में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद किए जा रहे उपायों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने प्रभावित परिवारों को सहायता प्रदान करने, सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को बहाल करने और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रभावी रोग नियंत्रण उपायों को सुनिश्चित करने में राज्य मशीनरी और स्वयंसेवी संगठनों के समन्वित प्रयासों पर प्रकाश डाला। कटारिया ने पाकिस्तान के साथ लगती अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा और विकास संबंधी चिंताओं पर भी चर्चा की। उन्होंने केंद्र द्वारा इन संवेदनशील क्षेत्रों में उद्योगों को इकाइयां स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे युवाओं के



लिए रोजगार के अवसर पैदा हों। उन्होंने ड्रोन रोधी प्रणालियों और उच्च-परिभाषा कैमरों की स्थापना के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सतर्कता को मज़बूत करने के महत्व पर भी ज़ोर दिया। शिक्षा के मोर्चे पर, राज्यपाल ने प्रधानमंत्री को पंजाब और चंडीगढ़ में नई शिक्षा नीति के कार्यान्वयन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्थानों को एनएएसी मान्यता से जोड़कर उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने राज्य में चल रहे नशा जागरूकता अभियानों का विवरण भी साझा किया, जिसका उद्देश्य युवाओं को जागरूक करना और एक स्वस्थ समाज को बढ़ावा देना है। कटारिया ने आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुजरात अंतर्राष्ट्रीय वित्त प्रौद्योगिकी-सिटी (गिफ्ट सिटी) की तर्ज पर एक 'गिफ्ट सिटी' स्थापित करने के विचार पर भी चर्चा की। नई खेल नीति पर प्रकाश डाला, जो चंडीगढ़ को एक प्रमुख खेल केंद्र के रूप में देखती है, जो प्रतिभाओं को निखारने और राष्ट्रीय और टूर्नामेंटों की मेजबानी के अवसर प्रदान करती है। उन्होंने पीएम को युवाओं के लिए स्वरोज़गार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नई स्टार्टअप नीति के बारे में भी जानकारी दी।

---

### जलनिकासी का उचित प्रबंध न होने पर हरियाणा के 13 जिलों में बढ़ती ही जा रही है सेम समस्या

# सेमग्रस्त 5.27 लाख एकड़ भूमि को बचाने के लिए उचित कदम उठाए सरकार: सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि प्रदेश के 13 जिलों में सेम समस्या के चलते 721 गांवों की 5.27 लाख एकड़ भूमि बंजर हो रही है। उन्होंने कहा है कि यह समस्या जलनिकासी का उचित प्रबंध न किए जाने के चलते पैदा हो रही है, सरकार इस दिशा में उचित कदम उठाकर किसानों को सेम की समस्या से निजात दिला सकती है। भूमि उपचार के बाद इसे खेती योग्य बनाया जा सकता है। सेम के कारण कुछ जिलों में जमींदार किसान दूसरे किसानों के खेतों में मजदूरी करने को विवश हो रहे हैं।

कुमारी सैलजा ने मंगलवार को मीडिया को दिए बयान में कहा कि प्रदेश में सेम की समस्या वर्ष 1970 में सामने आई, सेम के साथ साथ भूमि में लवणता बढ़ती चली गई और खेती बंजर होने से किसानों के हाथों से निकल गई। उस भूमि पर किसान कुछ भी नहीं कर सकता। हालात ये है कि जो किसान कभी अच्छा जमींदार हुआ करता था वह दूसरे के खेतों में मजदूरी करने को बाध्य हो गया और कुछ किसान दूसरे किसानों की भूमि हिस्से पर लेकर खेती करने लगे।

वर्ष 1995 में आई बाढ़ ने हालात और विकट कर दिए और सेमग्रस्त भूमि का क्षेत्रफल बढ़ गया। अगर समय पर सरकार की ओर से सेमग्रस्त प्रभावित क्षेत्र में जलनिकासी का उचित प्रबंध किया गया होता तो आज अधिकतर भूमि का बचा लिया गया होता। आज प्रदेश में रोहतक, झज्जर, सोनीपत, भिवानी, हिसार, जींद, चरखी दादरी, फतेहाबाद, नूंह, सिरसा, पलवल, फरीदाबाद में लाखों एकड़ भूमि सेम की चपेट में आ गई। सैलजा का कहना है कि भूमि सुधार के लिए अलग से निगम का गठन किया हुआ है, सरकार को इस दिशा में उचित कदम उठाना चाहिए क्योंकि प्रदेश में वैसे भी कृषि योग्य भूमि कम होती जा रही है। इस समय हिसार में 53520, चरखी दादरी में 13235, भिवानी में 18089, नूंह में 20927, झज्जर में 141875, सोनीपत में 24250 और रोहतक में 195900 एकड़ भूमि सेमग्रस्त हो चुकी है। हिसार, फतेहाबाद और सिरसा की सेमग्रस्त भूमि को बचाने के लिए हिसार-घग्घर ड्रेन का निर्माण किया गया, जो आज किसानों की गले की फांस बना हुआ है। इसमें आने वाली बाढ़ से खेती पूरी तरह से तबाह हो जाती है क्योंकि इस ड्रेन को घग्घर नदी से जोड़ा जाना था पर ऐसा किया ही नहीं गया जिसका खामियाजा आज भी किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

## सिरसा-फतेहाबाद और सिरसा-हिसार मार्ग पर स्ट्रीट लाइट को लेकर सांसद ने गडकरी को पत्र लिखा

सांसद कुमारी सैलजा ने केंद्रीय सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर सिरसा-फतेहाबाद एवं सिरसा-हिसार मार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की है। सांसद ने कहा कि सिरसा और फतेहाबाद नगरों के प्रवेश द्वार (एंट्री पॉइंट्स) पर संकेतक बोर्ड तो लगाए गए हैं, परंतु स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था न होने से रात के समय राहगीरों एवं वाहन चालकों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ऐसे में सिरसा-हिसार बाईपास तथा सिरसा-फतेहाबाद मार्ग पर दोनों ओर स्ट्रीट लाइट लगाई जाए, नगर के प्रवेश द्वार से लेकर भीतरी हिस्से तक पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था हो।

---

### हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का ऐलान जल्द

# राव नरेंद्र सिंह के हाथ लग सकती है बाजी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा कांग्रेस में प्रदेश अध्यक्ष बदलने की सुगबुगाहट तेज हो गई है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक इस बार कांग्रेस दक्षिण हरियाणा से किसी यादव नेता को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर जातीय और क्षेत्रीय समीकरण साधने की रणनीति पर काम कर रही है। इस क्रम में राव नरेंद्र सिंह का नाम सबसे ज्यादा सुर्खियों में है, लेकिन अजय यादव समेत कई अन्य यादव चेहरे भी चर्चाओं में हैं। 2009 में कुलदीप बिश्नोई की पार्टी हजका से नारनौल से विधायक बने राव नरेंद्र सिंह का नाम तेजी से उभरा। वरिष्ठ नेता कैप्टन अजय यादव से आगे फ़िलहाल शीर्ष नेतृत्व के समक्ष उनका नाम है। कुलदीप बिश्नोई की पार्टी से कांग्रेस में शामिल हुए राव नरेंद्र सिंह हुड्डा सरकार में स्वास्थ्य मंत्री बने थे। अहिरवाल क्षेत्र में अच्छी पकड़ और पिछड़े वर्ग में खासा प्रभाव माना जाता है।

### इन पर भी विमर्श

**अजय यादव**- गुड़गांव क्षेत्र से 6बार के विधायक और लंबे समय तक मंत्री रहे। संगठन पर मजबूत पकड़ यादव समाज में पैठ।

**कर्ण सिंह दलाल**- वरिष्ठ नेता, विधानसभा और संगठन दोनों में सक्रिय।

**राव दान सिंह**- विधायक,यादव समाज के उभरते चेहरे।

इन नामों की चर्चा से साफ है कि पार्टी यादव समाज से आने वाले किसी नेता को आगे कर सकती है। ये बात अलग है कि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुमारी सेलजा और वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने भी लॉबिंग तेज की है। उल्लेखनीय है कि हरियाणा चुनाव में हार के बाद से उदयभान की जगह नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति लंबे समय से अटकी पड़ी है। ये दोनों नेता भी दावेदारी बनाए हुए हैं, लेकिन आलाकमान का झुकाव दक्षिण हरियाणा के किसी नए चेहरे की तरफ दिखाई दे रहा है।

---

### मुंबई में संसदीय समिति की बैठक, बृजमोहन ने शिक्षा और खेल सुधारों पर रखे अहम सुझाव

# योग, नैतिक शिक्षा और भारतीय ज्ञान पद्धति को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रायपुर के सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल मंगलवार को शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल संबंधी संसदीय स्थायी समिति के अध्ययन दौरे पर मुंबई में आयोजित बैठक में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने नई शिक्षा नीति (एनईपी) के प्रभावी क्रियान्वयन और शिक्षा प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए कई अहम सुझाव दिए।

सांसद अग्रवाल ने विद्यार्थियों में बढ़ते तनाव को दूर करने के लिए विद्यालय स्तर पर योग क्लास, एथिक्स और मोरल साइंस को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एकल परिवार की संस्कृति के कारण बच्चों में अकेलेपन की समस्या बढ़ रही है, वो तनावग्रस्त हो रहे और आत्महत्या तक रहे हैं, जिसे केवल नैतिक शिक्षा और संस्कारों के माध्यम से ही दूर किया जा सकता है। उन्होंने मल्टी डिसिप्लिनरी शिक्षा में हाजिरी सिस्टम पर सवाल उठाया और सभी सरकारी स्कूलों में आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटी, साइंस, मैथमेटिक्स और कॉमर्स को अनिवार्य रूप से लागू करने का सुझाव दिया। साथ ही उच्च शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ाने और भारतीय ज्ञान पद्धति पर आधारित पाठ्यक्रम तैयार करने पर बल दिया, जिसे आगे चलकर देशभर में लागू किया जा सके। बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग एवं उच्चतर शिक्षा



विभाग, भारत सरकार, महाराष्ट्र सरकार के शिक्षा विभागों सहित टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान (टीआईएसएस) और गोखले राजनीति एवं अर्थशास्त्र संस्थान के अधिकारी उपस्थित रहे। महिला सशक्तिकरण विषय पर चर्चा करते हुए रायपुर सांसद ने महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के प्रभावी कार्यान्वयन पर विशेष जोर दिया। बैठक में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, महाराष्ट्र सरकार के विभागों सहित विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। खेलों को बढ़ावा देने पर विचार करते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि साईं केंद्रों को अंतर्राज्यीय स्वरूप दिया जाना चाहिए ताकि विभिन्न राज्यों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को भी अवसर मिल सके। उन्होंने छत्तीसगढ़ की उत्कृष्ट खिलाड़ी नीति की तर्ज पर जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को उनके स्तर के अनुसार नौकरी प्रदान करने की नीति बनाने का सुझाव दिया। इससे खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा और गांव-गांव से नई खेल प्रतिभाएं सामने आएंगी। बैठक में खेलो इंडिया पर स्थायी समिति की 369वीं रिपोर्ट, राष्ट्रीय खेल नीति 2025 और उससे संबंधित योजनाओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

---

### सीबीआई मामलों की विशेष अदालत, अहमदाबाद का फैसला

# न्याय की कछुआ चाल: 19 साल सुनवाई के बाद 60 लाख जुर्माना, 5 साल सजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई मामलों की विशेष अदालत, अहमदाबाद ने मंगलवार को एक अहम फैसले में आगजनी बीमा घोटाले से जुड़े मामले में दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए 5 साल की कठोर कैद और कुल 60 लाख रुपए का जुर्माना लगाया।



दोषियों में राशिक जे. पटेल दलसानिया, साझेदार - मीरा केमिकल्स, जीआईडीसी, पानोली, जिला भरूच को 5 साल की कठोर कैद और 45 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई गई। वहीं संजय रमेश चित्रे, प्रोप्राइटर- एस.आर. चित्रे एंड कंपनी (सर्वेयर) को भी 5 साल की कठोर कैद और 15 लाख रुपए का जुर्माना भरने का आदेश दिया गया।

#### मामला कैसे सामने आया

यह केस सीबीआई, एसीबी, गांधीनगर ने 29 जून 2006 को दर्ज किया था। आरोप था कि यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से फर्जी दस्तावेजों और नकली बिलों के आधार पर 36,86,451 रुपये का फायर इंश्योरेंस क्लेम मंजूर कराया गया। जांच में सामने आया कि 20 जनवरी 2002 को जीआईडीसी पानोली स्थित मीरा केमिकल्स में आग लगी थी, जिसमें बिल्डिंग, मशीनरी और केमिकल्स को नुकसान हुआ। कंपनी ने घटना की सूचना बीमा कंपनी को दी और नुकसान का आकलन करने के लिए एस.आर. चित्रे एंड कंपनी को नियुक्त किया गया। सर्वेयर ने लगभग 36.92 लाख रुपए का नुकसान दिखाया, जिसके आधार पर यूआईआईसीएल अधिकारियों ने क्लेम पास कर दिया। हालांकि सीबीआई जांच में पाया गया कि नुकसान को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने के लिए फर्जी बिल और वाउचर लगाए गए थे, जिससे बीमा कंपनी को धोखा देकर भुगतान प्राप्त किया गया।

#### लंबी चली ट्रायल प्रक्रिया

जांच के बाद आरोपपत्र 2008 और 2010 में दो अलग-अलग विशेष मामलों (विशेष केस नंबर 24/09 और 49/10) में दायर किए गए। कुल मिलाकर बीमा कंपनी के पांच अधिकारियों सहित कई लोगों पर साजिश, धोखाधड़ी, जालसाजी और फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल का आरोप लगा।

ट्रायल के दौरान 34 गवाहों के बयान और 234 दस्तावेजों को अदालत में पेश किया गया। अदालत ने आरोपियों राशिक पटेल दलसानिया और संजय चित्रे को दोषी मानते हुए सजा सुनाई, जबकि यूआईआईसीएल के सभी तत्कालीन अधिकारी सबूतों के अभाव में बरी कर दिए गए। इस बीच एक आरोपी चेरुकटकोचू गोपालन की मृत्यु हो गई, जिससे उनके खिलाफ कार्यवाही समाप्त हो गई।

---

### मारुति ने कार बुकिंग का पिछले 35 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया: पात्रा

# नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म्स लागू होने के पहले दिन बाजार में आई रौनक आई: भाजपा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने कहा है कि नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म्स लागू होने के पहले दिन बाजार में आई रौनक आई है और उभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद डॉ संबित पात्रा ने मंगलवार को पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि नवरात्र और दुर्गा पूजा के अवसर पर जीएसटी में कटौती ने पूरे देश में त्यौहार जैसा माहौल बना दिया है। उन्होंने बताया कि मारुति, हुंडई, महिंद्रा, टाटा जैसी वाहन कंपनियों में बिक्री रिकॉर्ड टूट रहे हैं जबकि बाइक और छोटे वाहन भी बड़ी मांग में हैं। जीएसटी कटौती का असर दवाओं पर भी पड़ा, जिससे शुगर, ब्लड प्रेशर और कैंसर जैसी बीमारियों की दवाइयों पर बड़ी राहत मिली। उन्होंने कहा कि कपड़े, जूते, एसी, वॉशिंग मशीन, एलईडी और अन्य उपकरणों की कीमतों में भी गिरावट आई, जिससे आम जनता को सीधे लाभ हुआ। भाजपा सांसद ने विभिन्न शहरों के उदाहरण देते हुए बताया कि लोग खरीदारी में छूट के कारण बेहद खुश हैं और जीएसटी रिफॉर्म से देश में खुशी और उत्साह का माहौल है। डॉ पात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस 'एस्पिरेशनल इंडिया' की बात की है, उसका सीधा उदाहरण कार बाजार में देखने को मिल रहा है। मारुति सुजुकी ने कार बुकिंग का पिछले 35 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। हुंडई के शोरूम में भी 5 वर्षों का रिकॉर्ड टूटा है, जीएसटी दरों में कटौती के पहले ही दिन, यानी कल मारुति ने 25,000 कारों की डिलीवरी की। मारुति के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर पार्थो बनर्जी ने कहा है कि यह वास्तव में एक ऐतिहासिक क्षण है, पिछले 35 वर्षों में ऐसा पहली बार देखा गया है कि पहले ही दिन 80,000 पूछताछ दर्ज हुईं और 25,000 से अधिक कारें डिलीवर कर दी गई। उन्होंने बताया कि डिलीवरी जल्द ही 30,000 तक पहुंच जाएगी। कंपनी को पहले ही दिन 75,000 से 85,000 बुकिंग्स मिलीं और अब लगभग 50,000 नई बुकिंग्स रोजाना आ रही हैं, जो पहले से 50 फीसद अधिक है। हर दिन औसतन 15,000 मारुति कारों की बुकिंग हो रही है। यही नहीं, महिंद्रा, हुंडई, टाटा जैसी कार कंपनियों में भी इसी तरह का जबरदस्त आकर्षण ग्राहकों के बीच देखने को मिल रहा है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि गला खराब होने की दवा एथ्रोल, जो बहुत इस्तेमाल होती है, पहले 134 रुपये की थी, अब 125 रुपये की मिल रही है। शुगर की दवा जो पहले 338 रुपए थी, अब 317 रुपए में मिल रही है।

---

## शिक्षा मंत्रालय ने की स्कूली छात्रों के लिए विकसित भारत बिल्डथॉन-25 की शुरुआत

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को राजधानी में एक कार्यक्रम में स्कूली छात्रों में नवोन्मेष को बढ़ावा देने के लिए विकसित भारत बिल्डथॉन-25 का शुभारंभ किया। इसमें सरकारी और निजी मिलाकर कुल 6 लाख स्कूलों के छठी से बारहवीं कक्षा तक के कुल 12 करोड़ छात्र भाग लेंगे। पंजीकरण वेबसाइट पर 23 सितंबर से 6 अक्टूबर तक चलेगा। 6 से 13 अक्टूबर तक स्कूलों की तैयारी अवधि होगी। बिल्डथॉन का मुख्य आयोजन 13 अक्टूबर को सुबह 10 से 12 बजे तक किया जाएगा। 1 नवंबर से 31 दिसंबर तक विशेषज्ञों का एक पैनल छात्रों द्वारा दी गई तमाम प्रस्तुतियों का मूल्यांकन करेगा। जिसके बाद अगले वर्ष जनवरी-26 में परिणामों की घोषणा और 1 हजार से अधिक शीर्ष विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। प्रधान ने कहा कि इस आयोजन को संयुक्त रूप से शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा विभाग, अटल इनोवेशन मिशन, नीति आयोग और एआईसीटीई द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

---

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आमीर उर्फ समीर** पुत्र **आलम** पता **ई–3/51, झुग्गी अंसार नगर, लक्ष्मी नगर, दिल्ली** ने case **FIR No. 137/2025 U/s 309(5)/3(5) भारतीय न्याय संहिता, 2023, थाना: लक्ष्मी नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **आमीर उर्फ समीर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **आमीर उर्फ समीर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 137/2025 U/s 309(5) / 3(5) भारतीय न्याय संहिता, 2023, थाना: लक्ष्मी नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आमीर उर्फ समीर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.11.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दीक्षा राव
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–04
पूर्व जिला, कोर्ट नं. – 32
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/12015/ED/2025 (Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दाउद शाह पुत्र जमहर शाह निवासी मकान नं. 1, टी-हट्स, शास्त्री पार्क, जीटी रोड, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 16/2015, भा.द.सं. की धारा 379/411/34 के तहत, थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **दाउद शाह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **दाउद शाह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 16/2015, भा.द.सं. की धारा 379/411/34 के तहत, थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दाउद शाह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.11.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री वैभव गर्ग
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-11, (केंद्रीय)
कमरा नं. 138, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/12643/N/2025

---

### केंद्रीय कृषि शिवराज ने उत्तर प्रदेश और गुजरात में उपज खरीदी के लिए दी स्वीकृति

# केंद्र से यूपी-गुजरात में 13,890 करोड़ रु. की उपज खरीदी को मिली मंजूरी

### किसानों के हित में पूरी खरीद प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से करने के दिए निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खरीफ 2025-26 के लिए उत्तर प्रदेश और गुजरात में प्रमुख दलहन एवं तिलहन फसलों की खरीद को स्वीकृति दी है। किसानों से उड़द व तूअर की शत-प्रतिशत खरीद के लिए मंजूरी दी है, वहीं उत्तर प्रदेश में मूंग, तिल, मूंगफली तथा गुजरात में सोयाबीन, मूंग व मूंगफली भी खरीदने की अनुमति प्रदान की है। किसानों के हित में पूरी खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से करने के लिए इन



राज्यों को निर्देश दिए, दोनों राज्यों में 13,890.60 करोड़ रु. की उपज खरीदी होगी। चौहान की अध्यक्षता में आज हुई वर्चुअल बैठक में उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही तथा गुजरात के कृषि मंत्री राघवजी पटेल शामिल थे, वहीं केंद्रीय कृषि सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी तथा केंद्र व दोनों राज्य सरकारों के वरिष्ठ कृषि अधिकारी भी बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक में शिवराज सिंह ने कहा कि किसानों के हित में पूरी खरीद प्रक्रिया पारदर्शी, डिजिटल व सुचारू रूप से की जाएं, जिस पर दोनों राज्यों के कृषि मंत्रियों ने कहा कि उपज खरीद आधुनिक बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण व पीओएस मशीन व्यवस्था के साथ डिजिटल पोर्टलों के जरिए होगी। बैठक में उत्तर प्रदेश के प्रस्ताव पर चर्चा के बाद केंद्रीय मंत्री ने राज्य में उड़द 2 लाख 27 हजार 860 मीट्रिक टन (100%) खरीद को स्वीकृति प्रदान की, जिसका मूल्य 1777.30 करोड़ रुपये रहेगा। तूर की भी शत-प्रतिशत 1,13,780 मीट्रिक टन खरीद के लिए केंद्र ने मंजूरी दी है, जिसकी कीमत 910.24 करोड़ रु. रहेगी। मूंग की 1983 मीट्रिक टन खरीद को मंजूरी दी गई, जिसकी कीमत 17.38 करोड़ रु. होगी। इसके अलावा, तिल की 30,410 मीट्रिक टन खरीद की स्वीकृति केंद्रीय मंत्री ने दी है, जिसकी कीमत 299.42 करोड़ रु. होगी। साथ ही मूंगफली की 99,438 मीट्रिक टन खरीद की स्वीकृति दी गई है, जिसका मूल्य 722.22 करोड़ रु. रहेगा। गुजरात में किसानों के लिए उड़द की पूरी 47,780 मीट्रिक टन उपज की खरीद को मंजूरी दी है, जिसकी कुल कीमत 372.68 करोड़ रु. होगी। साथ ही, सोयाबीन की 1,09,905 मीट्रिक टन खरीदी की मंजूरी दी है, जिसकी कीमत 585.57 करोड़ रु. होगी। गुजरात में मूंगफली की 12 लाख 62 हजार 163 मीट्रिक टन मात्रा खरीदने की स्वीकृति केंद्रीय कृषि मंत्री ने दी है, जिसकी कीमत 9,167.08 करोड़ रु. रहेगी। इसके अलावा, मूंग 4,415 मीट्रिक टन खरीदने की स्वीकृति श्री शिवराज सिंह ने दी है, जिसका मूल्य 38.71 करोड़ रु. रहेगा। चौहान ने खरीद प्रक्रिया में पूरी तरह से पारदर्शिता अपनाने पर जोर दिया, ताकि कहीं कोई गड़बड़ी नहीं होने पाएं, साथ ही कहा कि इस बात का ध्यान रखा जाए कि वास्तविक किसानों से ही खरीद हो, बिचौलिए इसका फायदा नहीं ले सकें। इस संबंध में, बताया गया कि सभी खरीद केंद्रों पर खरीद शुरू होने से पहले आधार आधारित बायोमेट्रिक/चेहरा प्रमाणीकरण, तथा पीओएस मशीनों की तैनाती (उत्तर प्रदेश में लगभग 350 तथा गुजरात में करीब 0400) होगी।

# भारत को मिला एक नया अरबपति 'श्रीकांत बडवे'

मुंबई। बेलराइज इंडस्ट्रीज के संस्थापक और प्रबंध निदेशक श्रीकांत बडवे ने भारत के अरबपतियों के क्लब में अपनी जगह पक्की कर ली है। उनकी कंपनी के शेयर अब 164.60 रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए हैं, जो मई में कंपनी के शुरूआती मूल्य 90 से करीब 82 प्रतिशत ज्यादा है। श्रीकांत बडवे की कंपनी में उनकी करीब 59.56% हिस्सेदारी है, यानी लगभग 53 करोड़ शेयर, जिनकी कुल कीमत अब 8,623 करोड़ हो गई है।

■ बडवे बेलराइज इंडस्ट्रीज के संस्थापक व प्रबंध निदेशक है

## उद्योग जगत में बडवे का प्रभाव

*श्रीकांत बडवे सिर्फ एक सफल बिजनेसमैन ही नहीं हैं, बल्कि वे महाराष्ट्र सरकार की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य भी हैं। इसके अलावा, वे मैग्नेटिक महाराष्ट्र और मेक इन इंडिया जैसी पहलों के ब्रांड एंबेसडर भी हैं, जहां उन्होंने सचिन तेंदुलकर, माधुरी दीक्षित और शंकर महादेवन जैसे नामचीन हस्तियों के साथ मिलकर राज्य और देश की आर्थिक विकास योजनाओं का प्रचार किया है।*



## कैसे बनी ये कामयाबी?

श्रीकांत बडवे की सफलता की कहानी छोटी सी शुरुआत से लेकर बड़े उद्योग तक का सफर है। उन्होंने निरंतर मेहनत और तकनीक के साथ अपने उत्पादों की गुणवत्ता पर फोकस किया। इसके साथ ही उन्होंने इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते ट्रेंड को समझते हुए अपने उत्पादों को उसमें भी फिट किया। यही वजह है कि कंपनी का शेयर मूल्य तेजी से बढ़ा है।

## छोटी शुरुआत से बड़ा मुकाम

श्रीकांत बडवे ने 1988 में मात्र तीन कर्मचारियों के साथ बेलराइज ग्रुप की शुरुआत की थी। आज यह कंपनी भारत के सबसे बड़े ऑटोमोटिव कलपुर्जा निर्माता समूहों में से एक बन गई है। उनके पास देशभर में 17 से ज्यादा फैक्ट्री यूनिट्स हैं, जहां 8,000 से भी अधिक लोग काम करते हैं। कंपनी का सालाना कारोबार 7,000 करोड़ रुपए से ऊपर पहुंच चुका है। बेलराइज दोपहिया, तिपहिया, चारपहिया, कॉमर्शियल वाहन और घरेलू उपयोग के लिए ऑटोमोटिव पार्ट्स बनाती है। खास बात यह है कि दोपहिया वाहनों के धातु घटक बाजार में बेलराइज का 24 प्रतिशत हिस्सा है।

# केंद्र से यूपी और गुजरात में 13,890 करोड़ रुपये की उपज खरीदी को मिली मंजूरी

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खरीफ 2025-26 के लिए उत्तर प्रदेश और गुजरात में प्रमुख दलहन एवं तिलहन फसलों की खरीद को स्वीकृति दी है। किसानों से उड़द व तूर की शत-प्रतिशत खरीद के लिए मंजूरी दी है, वहीं उत्तर प्रदेश में मूंग, तिल, मूंगफली तथा गुजरात में सोयाबीन, मूंग व मूंगफली भी खरीदने की अनुमति प्रदान की है। किसानों के हित में पूरी खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से करने के लिए इन राज्यों को निर्देश दिए, दोनों राज्यों में 13,890.60 करोड़ रु. की उपज खरीदी होगी। चौहान की अध्यक्षता में आज हुई वर्चुअल बैठक में उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही तथा गुजरात के कृषि मंत्री राघवजी पटेल शामिल थे, वहीं केंद्रीय कृषि सचिव डा. देवेश चतुर्वेदी तथा केंद्र व दोनों राज्य सरकारों के वरिष्ठ कृषि अधिकारी भी बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक में शिवराज सिंह ने कहा किसानों के हित में पूरी खरीद प्रक्रिया पारदर्शी, डिजिटल व सुचारू रूप से की जाएं, जिस पर दोनों राज्यों के कृषि मंत्रियों ने कहा कि उपज खरीद आधुनिक बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण व पीओएस मशीन व्यवस्था के साथ डिजिटल पोर्टलों के जरिए होगी। बैठक में उत्तर प्रदेश के प्रस्ताव पर चर्चा के बाद केंद्रीय मंत्री ने राज्य में उड़द 2 लाख 27 हजार 860 मीट्रिक टन (100%) खरीद को स्वीकृति प्रदान की, जिसका मूल्य 1777.30 करोड़ रुपये रहेगा।

■ किसानों के हित में पूरी खरीद प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से करने के दिए निर्देश

# दोपहिया वाहनों की घरेलू बिक्री चालू वर्ष में छह से नौ प्रतिशत बढ़ने का अनुमानः

नई दिल्ली। देश में दोपहिया वाहनों की बिक्री चालू वित्त वर्ष में पिछले वित्त वर्ष की तुलना में छह से नौ प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। वृद्धि का यह अनुमान हाल ही में जीएसटी दर में की गई कटौती पर आधारित है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को यह बात कही।

■ वृद्धि का अनुमान जीएसटी दर में की गई कटौती पर आधारित

जीएसटी दर में कटौती से खरीद क्षमता और मांग को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ पुराने वाहनों की जगह नये वाहन की मांग, शहरी क्षेत्र में पुनरूद्धार और सामान्य मानसून से ग्रामीण आय में वृद्धि होने की उम्मीद है। इक्रा ने बयान में कहा कि अगस्त, 2025 में घरेलू थोक बिक्री सालाना आधार पर 7.2 प्रतिशत बढ़कर 18 लाख इकाई हो गई।



## मांग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद

जीएसटी दर में कटौती से खरीद को समर्थन और मांग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।" रेटिंग एजेंसी ने इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन खंड के संदर्भ में कहा कि अगस्त, 2025 में खुदरा बिक्री 1,04,725 इकाई रही, जो 1.8 प्रतिशत की मामूली वृद्धि है और इसकी पैठ छह से सात प्रतिशत के दायरे में बनी हुई है।

## खबर संक्षेप

### बीसीसीएल व एक्वस को आईपीओ लाने की मंजूरी

नई दिल्ली। कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) और अनुबंध पर उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं तथा एयरोस्पेस पुर्जे बनाने वाली कंपनी एक्वस को अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए सेबी की मंजूरी मिल गई है। बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने यह जानकारी दी गई। बीसीसीएल ने आईपीओ के लिए जून में अपने मसौदा पत्रों के साथ सेबी से संपर्क किया था।

### यूरो प्रतीक का निर्गम 11 फीसदी चढ़कर सूचीबद्ध

नई दिल्ली। यूरो प्रतीक सेल्स लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 247 से करीब 11 प्रतिशत की बढ़त के साथ मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई में यह शेयर 273.45 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ जो निर्गम मूल्य से 10.70 प्रतिशत अधिक है। बाद में यह 13.17 प्रतिशत चढ़कर 279.55 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर इसने 10.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 272.10 रुपये पर शुरुआत की।




## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# रुपया 47 पैसे टूटकर 88.75 प्रति अमेरिकी डॉलर पर आ गया

## एच-1बी वीजा फीस बढ़ोतरी व एफआईआई सेलिंग से निकाल दिया रुपये का दम

वैश्विक जोखिम से बचने की प्रवृत्ति और व्यापारिक नीति की अनिश्चितता ने रुपये को कमजोर किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

एच1बी वीजा फीस में बढ़ोतरी और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार बिकवाली के बीच मंगलवार को भारतीय रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन शुरुआती कारोबार में रुपया 47 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.75 पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 88.41 पर खुला और फिसलकर 88.75 पर पहुंच गया। यह पिछले बंद भाव (88.28) से 47 पैसे कमजोर है। एक दिन पहले सोमवार को भी रुपया 12 पैसे टूटा था।

**धन प्रेषण में मंदी आ सकती है:** विदेशी मुद्रा व्यापारियों का कहना है कि रुपया रिकॉर्ड निम्न स्तर की ओर जा रहा है। बाजार से जुड़े प्रतिभागी अमेरिका के नए 1,00,000 अमेरिकी डॉलर के एच-1बी वीजा शुल्क के संभावित नतीजों का विश्लेषण कर रहे हैं। अमेरिकी प्रशासन के इस फैसले से अमेरिका से भारत को होने वाले धन प्रेषण में मंदी आ सकती है। इससे अमेरिका को भारत के सेवा निर्यात में भी कमी आ सकती है। जानकारों के मुताबिक वैश्विक जोखिम से बचने की प्रवृत्ति और व्यापारिक नीति की अनिश्चितता ने भी रुपए की कमजोरी को बढ़ावा दिया है।




### निर्यातकों को मदद मिलेगी

*अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपए के रिकॉर्ड 88.75 के स्तर से नीचे गिरने से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भारतीय उत्पादों की मूल्य प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में मदद मिलेगी, लेकिन निर्यातकों ने आगाह किया है कि यह उतार-चढ़ाव आयात के मोर्चे पर कई चुनौतियां पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि रत्न एवं आभूषण, पेट्रोलियम और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे आयात-निर्भर क्षेत्रों को लागत में वृद्धि के कारण कम लाभ मिल सकता है।।*

### वीजा फीस ने निवेशकों का सेंटिमेंट कमजोर किया

विशेषज्ञों के मुताबिक, अमेरिकी टैरिफ में बढ़ोतरी और एच1बी वीजा फीस में इजाफे जैसी प्रतिकूल नीतियों ने निवेशकों का सेंटिमेंट कमजोर किया है। इस बीच, छह प्रमुख करेंसी के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर इंडेक्स 0.03 प्रतिशत गिरकर 97.30 पर आ गया।

### आम आदमी पर असर

रुपए की कमजोरी का सीधा असर रोजमर्रा की जिंदगी और जेब पर पड़ता है। इंपोर्टेड सामान जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल फोन, मशीनरी और तेल महंगे होंगे। भारत कच्चे तेल का सबसे बड़ा आयातक है। रुपया कमजोर होते ही पेट्रोल-डीजल की कीमतें ऊपर जाती हैं। डॉलर महंगा होने से विदेश घूमने का खर्च बढ़ जाएगा। जो छात्र अमेरिका या अन्य देशों में पढ़ाई करने जा रहे हैं।

## मार्केट न्यूज

### चंडीगढ़ के थिएटर पहुंची दिविता जुनेजा, सरप्राईज अपीयरेंस ने जीता दर्शकों का दिल



चंडीगढ़। आज का दिन हीर एक्सप्रेस के दर्शकों और सिनेमा प्रेमियों के लिए यादगार बन गया। फिल्म की मुख्य अभिनेत्री दिविता जुनेजा ने चंडीगढ़ के एक प्रमुख थिएटर में अचानक पहुँचकर लोगों को अप्रत्याशित सरप्राइज दिया। जैसे ही उन्होंने हॉल में कदम रखा, माहौल पूरी तरह बदल गया। दर्शकों की उत्सुकता और खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा। लोग तुरंत उनकी ओर दौड़े, कइयों ने सेल्फी लेने की कोशिश की और कइयों ने उनकी मुस्कान का आनंद लिया। सोशल मीडिया पर यह तेजी से वायरल हो रहा है। दिविता की सहजता और आत्मविश्वास ने थिएटर में मौजूद हर व्यक्ति का ध्यान खींच लिया। युवा, बच्चे और बुजुर्ग सभी उनकी ओर आकर्षित हुए। दर्शकों का कहना है कि दिविता की मुस्कान, आत्मीयता और बातचीत ने अनुभव को और भी खास बना दिया। कई लोग बता रहे थे कि उनका दिल इस अचानक मुलाकात से खुशियों से भर गया। दिविता के दिविता की आत्मीयता को सभी ने दिल से सराहा। फैंस ने उनके डेब्यू की तारीफ करते हुए खुशी जताई। फैंस ने कहा कि यह पल लंबे समय तक यादगार रहेंगे। आगमन ने थिएटर में ऊर्जा का एक नया स्तर पैदा किया। लोग हॉल में खड़े होकर उनका अभिवादन कर रहे थे, कुछ बच्चे दिविता को देखकर खुशियों से झूम उठे। दर्शकों ने कहा कि दिविता का सहज अंदाज और उनके व्यवहार ने थिएटर का अनुभव एकदम अलग बना दिया।


# ओला की ईवी की कीमतें 49,999 रुपये से होंगी शुरू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ओला इलेक्ट्रिक ने 'ओला मुहूर्त महोत्सव' की मंगलवार को घोषणा की। इसके तहत 23 सितंबर से नौ दिन के लिए उसके एस1 स्कूटर और रोडस्टर एक्स मोटरसाइकिल की कीमतें 49,999 रुपये से शुरू होंगी।

■ ओला ने ओला मुहूर्त महोत्सव की घोषणा की

बेंगलुरु स्थित इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी ने बयान में कहा कि 'ओला मुहूर्त महोत्सव' के तहत ग्राहकों को अब पहले कभी न देखी गई कीमतों पर ओला के स्कूटर और मोटरसाइकिल खरीदने का मौका मिलेगा।



# रिन्यू एनर्जी ने सौर मॉड्यूल सौर सेल की कीमतें घटाई

नई दिल्ली। रिन्यू एनर्जी ग्लोबल पीएलसी ने नए जीएसटी स्लैब के अनुरूप अपने सौर मॉड्यूल और सौर सेल की कीमतों में कटौती की घोषणा की है। जीएसटी परिषद ने हाल ही में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादों पर कर की दर को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने का फैसला किया था। रिन्यू ब्रांड के तहत कार्यरत कंपनी ने कहा कि कीमतों में कटौती से यूटिलिटी स्तर के डेवलपर, रूफटॉप सौर उपभोक्ताओं और किसानों को पर्याप्त बचत होगी। कंपनी के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुमंत सिन्हा ने कहा, "भारत के सबसे बड़े एकीकृत सोलर विनिर्माता के रूप में हमें विश्वास है कि यह कदम बड़े डेवलपर से लेकर रूफटॉप उपभोक्ताओं और किसानों तक को सौर ऊर्जा का रुख करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।"



■ कर की दर को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत किया

# टोयोटा किर्लोस्कर ने रूमियन के वैरिएंट्स पर 6 एयरबैग्स दिए

बेंगलुरु। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने अपने लोकप्रिय फैमिली व्हीकल, टोयोटा रूमियन में महत्वपूर्ण सुधार की घोषणा की है। कंपनी का यह कदम इसकी मजबूत सुरक्षा नीति और ग्राहकों पर सबसे ज्यादा ध्यान देने के इसके नजरिये से मेल खाता है। सुरक्षा बढ़ाई गईः सभी वैरिएंट में 6 एयरबैग्स यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए एक सक्रिय कदम उठाते हुए, टीकेएम ने रूमियन के सभी वैरिएंट में छह एयरबैग्स (फ्रंट, साइड और कर्टेन शील्ड) पेश किए हैं। अब सभी वैरिएंट में संपूर्ण सुरक्षा के लिए दो फ्रंट एयरबैग, दो साइड एयरबैग और दो कर्टेन शील्ड एयरबैग मिलेंगे जो विभिन्न ड्राइविंग परिस्थितियों में ड्राइवर और यात्रियों के लिए अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। अतिरिक्त आश्वासनः टॉप ग्रेड में टीपीएमएस टोयोटा ने टॉप V ग्रेड में टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम (टीपीएमएस) पेश किया है। यह एडवांस्ड फीचर टायर के दबाव की लगातार निगरानी करता है, जिससे सुरक्षा, ईंधन दक्षता और सहूलियत बढ़ती है। ये फीचर्स रूमियन को भारतीय परिवारों के लिए एक तकनीकी रूप से उन्नत एमपीवी के रूप में मजबूत बनाते हैं। रूमियनः स्टाइल, स्पेस और सुरक्षा का मेल टोयोटा रूमियन आकर्षक डिजाइन के साथ 7-सीटर की सुविधा को जोड़ता है। इसकी प्रीमियम क्रोम ग्रिल, प्रोजेक्टर हेडलैंप, एलईडी टेल लैंप और ड्यूल-टोन अलॉय व्हील इसे आधुनिक परिवारों के लिए स्टाइलिश बनाते हैं। रूमियन में अंदर ड्युल टोन केबिन, लचीली 60:40 स्प्लिट दूसरी पंक्ति की सीटें, रेक्लाइनिंग तीसरी पंक्ति की सीटें, दूसरी और तीसरी पंक्ति के लिए एसी, और ढेर सारा सामान रखने की जगह इसे आरामदायक और बहुउपयोगी बनाती हैं। ग्राहकों को हमेशा कनेक्टेड रखने के लिए, रूमियन में टोयोटा i-कनेक्ट है।

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **ओमवीर उर्फ चिंटू पुत्रः** रतिराम **पताः** मकान नंबर 145 गली नंबर–3 डी ब्लॉक संगम विहार, नई दिल्ली, ने **FIR No. 449/2020, U/s 33/58 Delhi Excise Act थानाः संगम विहार, नई दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ओमवीर उर्फ चिंटू,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ओमवीर उर्फ चिंटू,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 449/2020, U/s 33/58 Delhi Excise Act थानाः संगम विहार, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **ओमवीर उर्फ चिंटू,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री चतिंदर सिंह
जेएमएफसी–04, कमरा नंबर 211
साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली

DP/12759/SD/2025
(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद सद्दाम पुत्र** मोहम्मद नज़ीम **निवासी** जेड–102, गली नं0–11, प्रेम नगर–3, दिल्ली, ने **FIR No. 242/21, U/S 188 IPC, पुलिस स्टेशन प्रेम नगर, रोहिणी जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद सद्दाम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद सद्दाम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 242/21, U/S 188 IPC, पुलिस स्टेशन प्रेम नगर, रोहिणी जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद सद्दाम** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.01.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री शगुन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, उत्तर–पश्चिम,
कोर्ट नं0–109, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/12584/RD/2025
(Court Matter)

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या** — नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर** — आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन रही गिरावट

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 58 अंक नीचे आ गया। वहीं एनएसई निफ्टी 33 अंक के नुकसान में रहा। अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क काफी बढ़ाये जाने के बीच आईटी तथा निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंकों के शेयरों में बिकवाली तथा विदेशी पूंजी की निकासी से बाजार में गिरावट आई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 57.87 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,102.10 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 32.85 अंक यानी 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,169.50 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, वाहन और चुनिंदा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के शेयरों में लिवाली ने नुकसान को कम किया। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट, टेक महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, इटर्नल और आईटीसी प्रमुख रूप नुकसान में रहीं।



■ सेंसेक्स 58 अंक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में


# सोने में 2,700 और चांदी में 3,220 रुपये की तेजी

नई दिल्ली। सुरक्षित निवेश के लिए वैश्विक मांग बढ़ने के बीच राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने की कीमतें 2,700 रुपये बढ़कर 1,18,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई। वहीं अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क वृद्धि के कारण रुपया नए निचले स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना पिछले बाजार सत्र में 1,16,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सराफा बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,650 रुपये बढ़कर 1,18,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। सोमवार को यह 1,15,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। कारोबारियों ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये में भारी गिरावट ने कीमती धातु की कीमतों में तेजी को और बढ़ा दिया। चांदी की कीमतें भी मंगलवार को 3,220 रुपये की तेजी के साथ 1,39,600 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं।



■ सोना बढ़कर हुआ 1,18,900 रुपये प्रति दस ग्राम

## शब्द पहेली - 5998




**बाएँ से दाएँ**
1. हलचल, कोलाहल-3,3
5. मानवीयता-4
8. शरीर, बदन-2
9. ऊंचाई-3
10. तीर, बाण-2
11. मनमोहक-4
12. रग, नाड़ी-2
14. दुत्कारना-4
16. चतुर, फुर्तीला-3
18. साझेदार-4
20. रमण लायक-3,2
23. भारी, वजन वाला-5
26. असावधानी-4
27. दाल पीसना-3
29. निश्चित-4
30. कविता-2
32. शरीर व इच्छा-2,2
33. भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35. सलाम करना-3
36. रास्ता-2
37. राह पर चलनेवाले-4
38. जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

**ऊपर से नीचे**
1. पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2. गाय के स्तन-2
3. प्रसन्न होने का भाव-4
4. लगन, जिज्ञासा-3
5. खदान, खान (अंग्रेजी में-3)
6. अधीन, काबू-2
7. डामर, टार-4
11. पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13. सच्चाई-2
15. दुश्मनी, शत्रुता-4
17. घूंघट, बुरखा-3
18. भाग्य का लेखा-जोखा-4
19. धूल, रेत-2
21. भवन, प्रसाद-3
22. जोड़, कुल-2
24. लावण्ययुक्त-4
25. जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27. विजयादशमी-4
28. मोड़, छोर-2
29. मृत्यु का देवता, यम-4
31. बुरी आदत-3
32. सभ्य व्यवहार-3
34. मार्ग-2
36. गोंद, वार्निश-2

### शब्द पहेली- 5997 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ल | च | ल | | टा | | द | वा | खा | ना |
| | क्ष्य | | य | | ल | क | वा | | र | ज |
| ज | | | कु | ड्ड | म | | त | | | नी |
| व | द | मा | श | | टो | ना | | रौ | त | न |
| र | | हि | | फा | ल | | प्रा | | न | |
| न | ग | र | वा | सी | | ग | ण | ना | य | क |
| | ट | | द | | मा | ली | | पा | | ल |
| अ | ल | ग | | म | न | | चौ | की | दा | र |
| प | | | चि | | सि | स | की | | | व |
| रा | ज | | क | न | क | | दा | | मे | |
| ध | ड़ | क | न | | ता | | री | मा | ला | गू |



## खबर संक्षेप



### अर्जेंटीना फुटबॉल टीम 12 से 18 नवंबर के बीच खेलेगी मैच

**तिरूवनंतपुरम।** लियोनेल मेस्सी समेत अर्जेंटीना फुटबॉल टीम नवंबर में केरल दौरे पर कोच्चि में आस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच खेल सकती है। खेल विभाग के सूत्रों ने कहा कि अभी दोस्ताना मैच की तारीख तय नहीं हुई है लेकिन यह कोच्चि में 12 से 18 नवंबर के बीच होगा जब अर्जेंटीना की टीम और मेस्सी केरल में होंगे। सूत्रों ने कहा कि विश्व कप 2022 विजेता अर्जेंटीना का सामना केरल से हो सकता है। अर्जेंटीना टीम के केरल दौरे को लेकर कुछ विवाद हो गया था जब अगस्त में कुछ रिपोर्ट में कहा गया कि यह दक्षिण अमेरिकी टीम नहीं आ रही है। बाद में अगस्त में ही प्रदेश के खेलमंत्री वी अब्दुरहमान ने कहा कि टीम नवंबर में केरल आयेगी।

### हैंपशर के खिलाफ मैच के लिए राहुल चाहर सर्रे टीम में



**लंदन।** भारतीय लेग स्पिनर राहुल चाहर को हैंपशर के खिलाफ इंग्लिश काउंटी सत्र के आखिरी मैच के लिये सर्रे टीम में शामिल किया गया है। यह मैच 24 से 27 सितंबर तक यूटिलिटा बाउल में खेला जायेगा । सफेद गेंद के क्रिकेट में सात बार भारत के लिये खेल चुके 26 वर्ष के चाहर ने सितंबर की शुरूआत में काउंटी चैम्पियनशिप सत्र के लिये रजिस्टर कराया था लेकिन वार्विकशर और नॉटिंघमशर के खिलाफ उनकी जरूरत नहीं पड़ी। सर्रे काउंटी ने एक्स पर लिखा ,'' लेग स्पिनर राहुल चाहर काउंटी चैम्पियनशिप के आखिरी मैच के लिये टीम में हैं । वह रणजी ट्रॉफी में राजस्थान के लिये खेलते हैं और भारत के लिये सीमित ओवरों के क्रिकेट में सात मैच खेल चुके हैं ।' चाहर ने सर्रे की वेबसाइट पर कहा ,'' इस सप्ताह के मैच के लिये सर्रे से जुड़कर खुश हूं । मैं टीम की जीत में योगदान देना और अपना प्रभाव छोड़ना चाहता हूं ।

### मेघना ने किया कोरिया ओपन के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश

**सुवोन।** भारतीय खिलाड़ी मेघना रेड्डी ने मंगलवार को क्वालीफायर में सीधे गेम में जीत दर्ज कर कोरिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया।



इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले दौर में चीनी ताइपे की पेई चू चेन को 21-6, 21-18 से हराने के बाद जापान की रिरिना हिरामोटो को रोमांचक मुकाबले में 21-19, 22-20 से पछाड़कर 475,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में अपनी जगह पक्की की। मेघना के सामने पहले दौर में थाईलैंड की तोनरुग साएहेंग की चुनौती होगी।

### महान अंपायर डिकी बर्ड का 92 साल की उम्र में निधन



**लंदन।** बेहद लोकप्रिय और महान अंपायर हेरोल्ड 'डिकी' बर्ड का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। बर्ड ने 1973 और 1996 के बीच अपने लंबे करियर में 66 टेस्ट और 69 एकदिवसीय मैचों में अंपायरिंग की थी। अंपायर के तौर पर बर्ड का आखिरी टेस्ट 1996 में लॉर्ड्स में भारत और इंग्लैंड के बीच खेला गया था। इसी मैच में पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ और सौरव गांगुली ने टेस्ट प्रारूप में पदार्पण किया था। बर्ड अपने फैसलों की सटीकता और अपनी खास आदतों के कारण दर्शकों और खिलाड़ियों दोनों के बीच काफी लोकप्रिय थे। वह अकसर मैच स्थल पर सुबह छह बजे ही पहुंच जाते थे।

# महिला क्रिकेट वनडे में लैनिंग ने 15, स्मृति और बेट्स ने जड़े 13-13 शतक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

क्रिकेट में महिला खिलाड़ियों ने वनडे मैचों में अपनी बल्लेबाजी क्षमता को पूरी दुनिया के सामने कई बार साबित किया है। इस प्रारूप में कई बल्लेबाजों ने यादगार शतकों से टीम को जीत दिलाई है। कुछ खिलाड़ी तो लगातार शानदार प्रदर्शन करती रही हैं और कई शतक जड़ दिए हैं। ऐसे में आइए वनडे क्रिकेट के इतिहास में उन महिला खिलाड़ियों पर नजर डालते हैं, जिन्होंने सबसे ज्यादा शतक अपने नाम किए हैं।



### मेग लैनिंग (15 शतक)

इस सूची में पहले स्थान पर ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज मेग लैनिंग हैं। उन्होंने 2011 में अपना पहला वनडे मुकाबला खेला था। आखिरी बार वह 2023 में ये प्रारूप खेलती हुईं नजर आईं थीं। उन्होंने 103 मुकाबलों की 102 पारियों में 16 बार नाबाद रहते हुए 15 शतक लगाए हैं। उनके बल्ले से 53.51 की औसत से 4,602 रन निकले हैं। लैनिंग ने 21 अर्धशतक भी लगाए हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 152* रन रहा है।

### स्मृति मंधाना और सूजी बेट्स (13-13 शतक)

सूची में दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से 2 खिलाड़ी स्मृति मंधाना और न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की सूजी बेट्स हैं। इन दोनों खिलाड़ियों ने अपने वनडे करियर में 13-13 शतक जड़े हैं। मंधाना 108 मुकाबलों की 108 पारियों में ये शतक लगाए हैं। उनके बल्ले से 47.92 की औसत से 4,888 रन निकले हैं। बेट्स ने 171 मैचों की 164 पारियों में 39.83 की औसत से 5,896 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 37 अर्धशतक भी निकले हैं।



### टैमी ब्यूमोंट (12 शतक)

इस सूची में तीसरे स्थान पर इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी टैमी ब्यूमोंट हैं। उन्होंने साल 2009 में अपना पहला वनडे मुकाबला खेला था। अब तक इस खिलाड़ी ने 132 वनडे मुकाबले खेले हैं और इसकी 122 पारियों में 12 शतक लगाए हैं। उनके बल्ले से 41.16 की औसत से 4,528 रन निकले हैं। ब्यूमोंट ने अपने वनडे करियर में 23 अर्धशतक भी लगाए हैं। उनका इस प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ स्कोर 168* रन रहा है।

### इन खिलाड़ियों ने जड़े हैं 9 शतक

महिला वनडे क्रिकेट में 5 खिलाड़ियों ने संयुक्त रूप से 9-9 शतक लगाए हैं। ये खिलाड़ी हेली मैथ्यूज (वेस्टइंडीज), लौरा वोलवर्ड्ट (दक्षिण अफ्रीका), नेट साइवर ब्रंट (इंग्लैंड), चमारी अट्टापट्टू (श्रीलंका) और चार्लोट एडवर्ड्स (इंग्लैंड) हैं। इन खिलाड़ी में सबसे ज्यादा रन एडवर्ड्स के बल्ले से निकले हैं। उन्होंने 191 मैचों की 180 पारियों में 38.16 की औसत से 5,992 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 46 अर्धशतक भी निकले हैं।

**एशिया कप 2025 : मैच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में रात 8 बजे से**

# विजय रथ पर सवार टीम इंडिया का मुकाबला आज बांग्लादेश से

**शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी पर रहेगी नजर**

एजेंसी ▶▶| दुबई

एशिया कप 2025 में सुपर-4 के चौथे मैच में भारतीय क्रिकेट टीम का सामना आज 24 सितंबर बुधवार को बांग्लादेश क्रिकेट टीम से होगा। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अब तक अजेय है और वह विजयी क्रम को बरकरार रखना चाहेगी। बांग्लादेश ने सुपर-4 में अपने पहले मैच में श्रीलंका क्रिकेट टीम को 4 विकेट से हराया है। ऐसे में वह भी जीत हासिल करने के इरादे से उतरेगी। वहीं अगर बात की जाए दोनों टीमों की तो बांग्लादेश के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी है। भारत और बांग्लादेश के बीच यह महामुकाबला दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 24 सितंबर को भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से खेला जायेगा।

### बांग्लादेश के खिलाफ भारी रहा है भारत का पलड़ा

एशिया कप के वनडे और टी-20 प्रारूप में दोनों टीमों के बीच 15 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से 13 में भारतीय टीम ने जीत दर्ज की है और 2 मैच बांग्लादेश ने जीते हैं। टी-20 प्रारूप में दोनों टीमें 2 बार आमने-सामने हुई हैं और दोनों में ही भारतीय टीम को जीत मिली है। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में दोनों टीमें 17 बार भिड़ी हैं, जिसमें भारत ने 16 जीते हैं, जबकि बांग्लादेश की टीम ने सिर्फ एक मैच जीता है।




### विजयरथ पर सवार है भारत

एशिया कप 2025 में भारतीय क्रिकेट टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ रही है. टीम इंडिया ने खेले गए अब तक 4 मुकाबलों में लगातार जीत दर्ज की है। वहीं, बांग्लादेश की बात करें, तो उसने पिछले मैच में श्रीलंका को हराकर उनके विजयरथ पर विराम लगाया था। इसलिए टीम इंडिया बांग्लादेशी टीम को हल्के में नहीं ले सकती।

### बुमराह से टीम को दमदार प्रदर्शन की रहेगी उम्मीद

भारतीय टीम को शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी से फिर से शानदार शुरुआत की उम्मीद रहेगी। विकेटकीपर के रूप में संजू सैमसन फिर मध्यक्रम को संभालते दिखाई दे सकते हैं। जसप्रीत बुमराह से टीम को इस बार दमदार प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।

### चोटिल हुए बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास



बांग्लादेश क्रिकेट टीम को एशिया कप 2025 के सुपर-4 मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम से भिड़ना है। 24 सितंबर को होने वाले इस मैच से ठीक पहले बांग्लादेशी कप्तान लिटन दास चोटिल हो गए हैं। दरअसल, 22 सितंबर को ट्रेनिंग के दौरान उनकी पीठ में खिंचाव आ गया। अब उनके भारत के खिलाफ अगले मैच में खेलने को लेकर स्पष्टता नहीं है। खबरों के मुताबिक, लिटन को नेट पर स्क्वायर कट का प्रयास करते समय कमर के बाईं ओर तकलीफ महसूस हुई और टीम के फिजियो बायजद उल इस्लाम द्वारा जांच के बाद उन्होंने सत्र से नाम वापस ले लिया। बीसीबी के एक अधिकारी ने बताया, हम आज उनकी (लिटन) जांच करेंगे क्योंकि बाहर से वह बिल्कुल ठीक लग रहे हैं, लेकिन अंतिम निर्णय लेने से पहले हमें उनका मेडिकल परीक्षण करना होगा।

**महिला वनडे विश्व कप 2025**

# ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्रेस हैरिस टूर्नामेंट से हुई बाहर

**भारत-श्रीलंका की मेजबानी में 30 सितंबर से शुरू होना है मैच**



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में 30 सितंबर से शुरू होने वाले महिला वनडे विश्व कप 2025 से पहले ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम की प्रमुख ऑलराउंडर ग्रेस हैरिस शनिवार (20 सितंबर) को भारत के खिलाफ फील्डिंग करते हुए पिंडली में खिंचाव के कारण विश्व कप से बाहर हो गई है। वह भारतीय महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ जानी वनडे सीरीज के शेष मैचों से भी बाहर हो गई हैं।

### हैरिस की जगह हीथर टीम में शामिल

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने हैरिस के बाहर होने के बाद हीथर ग्राहम को टीम में शामिल किया है, जो बुधवार और गुरुवार को महिला राष्ट्रीय क्रिकेट लीग में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के पहले दो मैचों के बाद भारत पहुंचकर टीम से जुड़ेंगी। हैरिस वनडे विश्व कप 2022 में भी टीम का हिस्सा थी, लेकिन कोई मैच नहीं खेल पाई थी। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व कप टीम में जगह बनाई थी।

### ऐसा रहा है हैरिस का अंतरराष्ट्रीय करियर

हैरिस को निचले क्रम में बड़े शॉट लगाने के लिए जानी जाता है। वह ऑस्ट्रेलिया के लिए 12 वनडे मैचों में केवल 16 रन बना पाई है और उन्होंने 12 विकेट भी अपने नाम किए हैं। उन्होंने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में शानदार प्रदर्शन किया है। वह 54 टी-20 अंतराष्ट्रीय मैचों की 35 पारियों में एक अर्धशतक की मदद से 577 रन बनाने में सफल रही हैं। इसी तरह उन्होंने 13 पारियों में गेंदबाजी करते हुए 9 विकेट भी चटकाए हैं।

**क्रिकेट**

# हांगकांग सिक्सेस में टीम इंडिया के कप्तान बने दिनेश कार्तिक




एजेंसी ▶▶| हांगकांग

भारत के पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक को हांगकांग सिक्सेस टूर्नामेंट के लिये भारत की टीम का कप्तान बनाया गया है। टूर्नामेंट के आयोजकों ने बताया कि यह टूर्नामेंट सात नवंबर से खेला जायेगा।

कार्तिक ने कहा हांगकांग सिक्सेस में टीम इंडिया की कप्तानी संभालना गर्व की बात है। मुझे इतने बेहतरीन खिलाड़ियों के साथ खेलने का इंतजार है। हम बेखौफ और मनोरंजक क्रिकेट खेलेंगे। क्रिकेट हांगकांग चाइना के अध्यक्ष बुर्जी श्रॉफ ने कहा दिनेश कार्तिक को हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिये टीम इंडिया का कप्तान बनाकर हम रोमांचित हैं। उनकी कप्तानी और अपार अनुभव टीम के काफी काम आयेगा और हमें यकीन है कि उनकी मौजूदगी दर्शको के आकर्षण का केंद्र बनेगी।

## धीमी गति से ओवर फेंकने पर महिला टीम इंडिया पर जुर्माना

**नई दिल्ली।** आईसीसी वुमेन्स वर्ल्ड कप 2025 की शुरुआत 30 सितंबर से होने वाली है, लेकिन उससे पहले भारतीय महिला टीम की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। ऑस्ट्रेलिया के साथ खेली गई वनडे सीरीज के आखिरी मैच में भारत को हार का सामना करना पड़ा, जिसके चलते सीरीज 2-1 से पिछड़ गई। इस मैच में भारत की महिला टीम वक्त पर मैच को खत्म नहीं कर पाई और स्लो ओवर रेट का शिकार हुई। इसी के चलते आईसीसी इंटरनेशनल पैनल की मैच रैफरी जीएस लक्ष्मी ने भारतीय टीम पर जुर्माना लगाया है, जो निर्धारित समय पर लक्ष्य से दो ओवर पीछे थी।



**मैच फीस का 5 प्रतिशत जुर्माना**

आईसीसी ने अपने बयान में कहा है कि स्लो ओवर रेट के अपराध के संबंध में खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के लिये आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट की धारा 2.22 के तहत टीम के खिलाड़ियों पर हर ओवर के लिये मैच फीस का 5 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाएगा।

## श्रीजेश का लक्ष्य सीनियर टीम का मुख्य कोच बनना

**नई दिल्ली।** हॉकी टीम के दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश का कहना है कि उन्हें उम्मीद है कि अगले पांच वर्ष में वह सीनियर राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच बनने का अपना सपना साकार कर लेंगे और उस समय तक वह जूनियर खिलाड़ियों के साथ काम करते हुए आवश्यक परिपक्वता हासिल कर लेंगे। श्रीजेश जूनियर पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच हैं और सीनियर टीम की जिम्मेदारी लेने की इच्छा पहले ही व्यक्त कर चुके हैं। दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता श्रीजेश का मानना है कि भारतीय टीम में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले आगामी जूनियर विश्व कप में पोडियम पर जगह बनाने की क्षमता है। श्रीजेश ने कहा, ''मुझे सीनियर कोच बनने के लिए उस परिपक्वता की जरूरत है। मैं अचानक इसमें नहीं कूद सकता। श्रीजेश ने कहा मुझे लगता है कि पांच से छह साल बाद मेरे पास कोच के रूप में भारतीय पुरुष टीम का नेतृत्व करने का अनुभव होगा।



# वनडे रैंकिंग में भारत का दबदबा, हार के बाद भी टॉप पर स्मृति, खेली थी शानदार पारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की महिला टीम और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम के बीच वनडे सीरीज खेली जा रही है। इसी सीरीज के पहले मुकाबले में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा। इसी बीच आईसीसी ने महिलाओं की वनडे रैंकिंग जारी की है। जिसमें भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने आईसीसी महिला ओडीआई बल्लेबाजी रैंकिंग में खुद को टॉप स्थान को बनाए रखा है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ न्यू चंडीगढ़ में खेले गए पहले वनडे में 63 गेंदों पर 58 रन की शानदार पारी खेलकर यह मुकाम हासिल किया। इस प्रदर्शन के दम पर उन्होंने इंग्लैंड की कप्तान नेट साइवर-ब्रंट को आगे नहीं आने दिया। यह चौथी बार है जब मंधाना ने रैंकिंग में नंबर एक का स्थान पाया है।




इस मैच में ऑस्ट्रेलिया की जीत के बाद, उनकी खिलाड़ियों को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। बेथ मूनी 77 रनों की नाबाद पारी खेलकर तीन पायदान ऊपर चढ़कर पांचवें स्थान पर पहुंच गईं। प्लेयर ऑफ द मैच रहीं फोबे लिचफील्ड 88 रन बनाकर 13 पायदान की लंबी छलांग के साथ एनाबेल सदरलैंड के साथ 25वें स्थान पर आ गई हैं। वहीं यह मैच टीम इंडिया हार कई फिर भी मंधाना की रैंकिंग पर कोई असर नहीं पड़ा।

**नीलामी के लिए कराया पंजीकरण**

# अश्विन इंटरनेशनल लीग के साथ बीबीएल में भी खेलेंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास लेने के बाद अब दुनियाभर की लीग में खेलने के तैयार है। रिपोर्ट के अनुसार, अश्विन ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग और संयुक्त अरब अमीरात में खेली जाने वाली इंटरनेशनल लीग टी-20 दोनों में खेल सकते हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने आईएलटी20 नीलामी के लिए पंजीकरण भी करा लिया है और बीबीएल की टीमों से भी बात चल रही है।




### 1 अक्टूबर को होगी आईएलटी-20 के लिए नीलामी

रिपोर्ट के अनुसार, अश्विन काफी समय से आईएलटी 20 आयोजकों से बातचीत कर रहे थे और पिछले दिनों उन्होंने इसकी नीलामी के लिए पंजीयन भी करा लिया है। इस लीग के आगामी संस्करण के लिए 1 अक्टूबर की नीलामी होगी। इसी तरह वह बीबीएल में खेलने के लिए कई टीमों से बातचीत कर रहे हैं। इनमें सिडनी सिक्सर्स, सिडनी थंडर, रिकी पोंटिंग की होबार्ट हरिकेंस और टिम पेन की एडिलेड स्ट्राइकर्स शामिल हैं। हालांकि, वह एक ही टीम से जुड़ेंगे।

### पंजीयन को लेकर अश्विन ने क्या कहा?

आईएलटी20 लीग में पहली बार हो रही नीलामी के लिए पंजीयन की पुष्टि करते हुए अश्विन ने कहा, मैंने नीलामी के लिए पंजीकरण करा लिया है। उम्मीद है 6 में से एक टीम मेरे लिए बोली लगाने में दिलचस्पी दिखाएगी। हालांकि उन्होंने बीबीएल को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन संकेत हैं कि कुछ दिनों में सब कुछ तय हो जाएगा। बता दें कि इस साल आईएलटी20 में सीधा प्रवेश न मिलने से अश्विन को नीलामी में जाना पड़ा है।

### ऐसा है दोनों टी-20 लीगों का कार्यक्रम?

रिपोर्ट के अनुसार, अश्विन के लिए दोनों लीगों में पूरा समय देना बड़ी चुनौती होगी, क्योंकि दोनों लीगों के कार्यक्रम आपस में टकरा रहे हैं। आईएलटी 20 सीरीज 2 दिसंबर, 2025 से 4 जनवरी, 2026 तक खेली जाएगी, जबकि बीबीएल का आयोजन 14 दिसंबर से 25 जनवरी तक होगा। मौजूदा स्थिति के नुसार, अश्विन आईएलटी20 से शुरुआत करेंगे और फिर बीबीएल के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना होंगे। हालांकि, कार्यक्रम के आपस में टकराने के कारण बीबीएल में इस साल उनकी उपलब्धता सीमित रहेगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109


Hero
125M
CELEBRATING
125 MILLION CUSTOMERS
ख़ुशियों का सफ़र
Splendor+
FILL IT. SHUT IT. FORGET IT.
5 करोड़ से ज़्यादा लोगों की भरोसेमंद बाइक,
हीरो स्प्लेंडर+ के साथ आप भी शुरू करें अपनी ख़ुशियों का सफ़र.
JH 15AM 3472
SCAN TO WATCH
OUR NEW HERO
SPLENDOR FILM
पुराना एक्स-शोरूम ₹80 166* से शुरू
GST बेनिफिट्स ₹6 264
नया एक्स-शोरूम ₹73 902* से शुरू
डाउन पेमेंट ₹1999^ से शुरू
प्रतिदिन की EMI ₹69^ से शुरू
इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000# तक
HDFC BANK FESTIVE TREATS क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs
5 crore+ HAPPY CUSTOMERS
Splendor+ WORLD'S NO.1 MOTORCYCLE
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY*
*Conditions apply
Hero GoodLife
जीतने का मौका
100% कैशबैक
सोने का सिक्का
और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स#
Also available on
Flipkart amazon.in
Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. 5 crore customers as per the cumulative dispatch numbers of the Splendor family series of motorcycles till March 2025. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. #Limited period offer, T&C apply. *Ex-showroom prices are applicable in Delhi.
TOLL FREE
1800 266 0018
Authorised Dealers: South Delhi:Lajpat Nagar: Sapphire Hero- 9289923175, Pashupati HeroAdchini (Main Mehrauli Road)- 9289922381, Singla HeroPulPrahladpurBadarpur- 9289922771, Okhla Phase II: ARC Hero-9289922461, East Delhi:Durgapuri(Loni Road, Shahadra):Himgiri Hero- 9289922380, PushtaKartar Nagar: Aman Hero- 9289922735, Dilshad Garden: RK Hero- 9289923010, PatparganjPandav Nagar:SinglaAutoneeds Hero- 9289923222, North Delhi:Azadpur: ShramanHero- 9289923185, Pitampura:Shraman Hero – 9289924252,Rithala (Rohini): Metro Hero- 9289922597,BudhVihar:JMD Autoworld Hero- 9289924188, Central Delhi:Karol Bagh(Faiz Road):EssAay Hero- 9289922382, Upper India Hero- 9289924343, West Delhi:Roshan Vihar (Najafgarh):Avni Hero- 9289922671, PaschimVihar (Peeragarhi):Shivganga Hero-9289922796, PalamDabri Road (Dwarka):Singla Hero- 9289922530, Tilak Nagar: Khanna Hero- 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero- 9289924309, Nawada: Khanna Hero- 9289924310.Ghaziabad: Globe Hero- Meerut, Delhi Road- 9289922073, Aman Hero- Shiv Puri, Vijay Nagar- 9289232123;Sahibabad:Sahib Hero- 9289922486; Noida: Dhansri Hero, H-206A, Sector 63- 9289923044, Uppal Hero (B 124, Sector-5)- 9289922462, Singla Hero (C-70, Sector-58)- 9289923059; BulandShahr: Shri Durga Hero, Delhi Road- 9289922504, Krishna Hero, RajeBabu Road- 9289922410, Hapur: Globe Hero- 9289923209,Gurugram: Globe Agencies, Sec–18, Noble Enclave- 9289233915, Himgiri Hero- 9289923046, Sharma Hero, Basai Road Sector 11- 9289923221, Autoneeds Hero- 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495, Himgiri Hero (Wazirabad)- 9289924247, Himgiri Hero (Railway Road)- 9289924248;Sohna:Auto Links Hero, No. 160/2 Delhi Road- 9289924089; Faridabad:Sehgal Hero- 9289922419, Sehgal Hero, NIT- 7217627327.
RS/Hero/09/25